चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 12, अंक 31, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, शनिवार, 11 मार्च, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : महिला समाज सुधारकों के संघर्ष

अन्दर : भारत ऑस्ट्रेलिया सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट अश्विन के नाम



# निकाय चुनाव का इंतजार खत्म

## यूपी कैबिनेट में ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को मंजूरी

**लखनऊ।** यूपी सरकार की कैबिनेट बैठक शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई। इसमें 22 प्रस्ताव कैबिनेट में रखे गए, जिनमें से 21 पास हुए। यूपी सरकार की पहली खेल नीति को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। बाराबंकी में आईटी पार्क बनाया जाएगा। यूपी सरकार ने स्क्रैप पॉलिसी 2023-24 को भी हरी झंडी दिखा दी है। ओबीसी आयोग ने जो रिपोर्ट गुरुवार को सीएम योगी को सौंपी थी, उसको शुक्रवार को कैबिनेट के समक्ष पेश किया गया। कैबिनेट ने रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। 11 अप्रैल को यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश होगी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक प्रदेश में निकाय चुनाव पर फैसला लिया जाएगा। आयुष्मान कार्ड डिजिटल मिशन को उत्तर प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, नई खेल नीति के तहत गांवों में ओपन जिम खुलवाए जाएंगे। खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यटन और औद्योगिक विकास के प्रस्ताव भी पास हुए हैं। कैबिनेट ने मुफ्त राशन नीति के लिए एक नई एजेंसी का चयन किया है। यह पूरा राशन उपलब्ध कराएगी। गृह विभाग के प्रस्ताव में गुंडा एक्ट धारा दो और धारा 6ए की कार्रवाई डीएम, एडीएम, जॉइंट सीपी, सीपी को दिया गया है। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने बताया कि बाराबंकी में आईटी पार्क विकसित किया जाएगा। माइक्रो और स्मॉल इंडस्ट्री की कताई मिलों पर 51.63 करोड़ की देनदारी है। इसमें 29.5 करोड़ की देनदारी सरकार ने माफ की है। इसमें 22.14 लाख करोड़ की देनदारी सरकार चुकता करेगी। अयोध्या में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के कई प्रस्ताव पास हुए हैं। अयोध्या में 65 करोड़ से 2 नई सड़क बनेंगी। पंचकोशी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण और विस्तार होगा। इसके लिए 200 करोड़ पास किए गए। अयोध्या के डेवलपमेंट के लिए कुल 465 करोड़ पास किए गए हैं।

### कैबिनेट की बैठक में 21 प्रस्ताव पास

**11 अप्रैल को यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश होगी आयुष्मान कार्ड डिजिटल यूपी में लागू हुआ, पहली खेल नीति मंजूर, बाराबंकी में बनेगा आईटी पार्क**

**गुंडा एक्ट में डीएम, एडीएम कार्रवाई कर सकेंगे अयोध्या में पंचकोशी मार्ग के लिए 200 करोड़**

**पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के साथ ही कराए जाएंगे निकाय चुनाव : केशव मौर्य**



बैठक में शामिल होने से पहले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि विपक्ष की आपस की खींचतान कुर्सी के लिए है। विपक्ष सत्ता प्राप्ति के लिए सब कर रहा है। देश में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। महिलाओं को समान भागीदारी मिली है। देश और प्रदेश की जनता जानती है कि पीएम नरेंद्र मोदी, उनके हितों की रक्षा कर रहे हैं। 2022 तक के सभी चुनाव में जनता का विश्वास पीएम मोदी में दिख रहा है। कोरोना महामारी से लेकर अभी तक सबको राशन दिया गया।

यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार पहले दिन से ही कह रही है कि पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना निकाय चुनाव नहीं कराएंगे। भाजपा सरकार हमेशा ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव चाहती है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के साथ संपन्न होंगे। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि निकाय चुनाव में आरक्षण तय करने के लिए बनाए गए आयोग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है।

इसके बाद पिछड़ों का आरक्षण नए सिरे से तय किया जाएगा। प्रदेश सरकार की ओर से निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण निर्धारण के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव में पिछड़ों की हिस्सेदारी तय करने के लिए आयोग को सर्वे के लिए 31 मार्च 2023 तक का समय दिया था लेकिन यह रिपोर्ट तय समय सीमा से करीब 22 दिन पहले ही सरकार को सौंप दी गई है। 350 पेज की इस रिपोर्ट को 2 महीने 10 दिन में तैयार किया गया है।

# लालू के करीबियों के 15 ठिकानों पर रेड

**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब स्कैम केस में प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को लालू यादव के करीबियों के दिल्ली, मुंबई, नोएडा और पटना में 15 जगहों पर छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पटना में आरजेडी के पूर्व विधायक के अबू दोजाना के घर पर भी एऊकी टीम पहुंची है। यहां भी तलाशी ली जा रही है। पूर्व एमएलए अबू दोजाना लालू के करीबी हैं। पेशे से बिल्डर हैं। 15 मार्च को राबड़ी समेत 16 लोगों को कोर्ट में सभी को पेश होने के आदेश दिए गए हैं। जानकारी है कि लालू यादव की तीन बेटियों के घर भी रेड की गई है। हेमा, रागिनी और चंदा का घर दिल्ली में है, जिनके घर पर ईडी की टीम मौजूद है। सूत्रों की मानें तो बिहार के उप मुख्यमंत्री और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव के दिल्ली आवास पर भी ईडी की टीम पहुंची है। अबू दुजाना के घर आय से अधिक संपत्ति मामले में एऊ ने रेड मारी है। सुबह 6 बजे ईडी के 12 अफसर उनके घर पहुंचे। छापेमारी के दौरान अबू दुजाना घर की बालकनी में आए और कहा कि ये कार्रवाई राजनीतिक साजिश है। इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों को घर के अंदर ही रहने की हिदायत दी। इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। दुजाना आरजेडी के पूर्व विधायक हैं। वे सुरसंड से पिछला चुनाव हार गए गए थे। लालू प्रसाद यादव के समधी जितेंद्र यादव के गाजियाबाद स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय ने छापा मारा है। ईडी की टीम सुबह 8 बजे से जितेंद्र यादव के आवास पर जांच कर रही है। सबसे पहले सुबह के वक्त दो गाड़ियों में ईडी के 7-8 कर्मचारी-अफसर आए थे। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे एक और गाड़ी आई है, जिसमें ईडी के 3 सदस्य और आए हैं। घर का मुख्य गेट बंद करके ये सभी टीमें अंदर जांच कर रही हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर आने या घर के सदस्य को बाहर जाने पर पाबंदी है।

### कार्रवाई

**तीन बेटियों हेमा, रागिनी और चंदा के घर सर्च जारी; दिल्ली में तेजस्वी के घर ईडी पहुंची**




# सिसोदिया पर आई आफत

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में कोर्ट ने ईडी को मनीष सिसोदिया की 7 दिन (17 मार्च तक) की रिमांड दे दी है। हालांकि एजेंसी ने दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। वहीं, कोर्ट सिसोदिया की जमानत याचिका पर अब 21 मार्च को दोपहर 2 बजे सुनवाई करेगी।

बता दें कि ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गुरुवार देर शाम तिहाड़ जेल में ही गिरफ्तार किया था। आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। यहां एजेंसी ने सिसोदिया की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। ईडी सिसोदिया को लेकर दोपहर 2 बजे दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची थी। इसके बाद स्पेशल जज एमके नागपाल ने पहले एऊ की रिमांड पर सुनवाई शुरू की।

कोर्ट में ईडी का पक्ष एडवोकेट जोहेब हुसैन ने रखा। उन्होंने दावा किया कि शराब नीति तैयार करने के पीछे साजिश थी। इसके नियम बदलकर कुछ खास लोगों को 6% की जगह 12% लाभ पहुंचाया गया। सिसोदिया ने इससे जुड़े डिजिटल सबूत भी मिटा दिए। एजेंसी ने कहा कि शराब नीति केस में 7 और लोगों को नोटिस भेजा है, ताकि उन्हें सिसोदिया के आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा सके।

### कार्रवाई

**17 मार्च तक ईडी की कस्टडी में रहेंगे पूर्व उप मुख्यमंत्री, 7 आरोपियों के साथ पूछताछ करेगी एजेंसी**






## पाक की नापाक हरकत पंजाब में बीएसएफ ने पकड़ा पाकिस्तानी ड्रोन

**चंडीगढ़।** पंजाब के डेरा बाबा नानक में सीमा सुरक्षा बल ने बीओपी मेतला के पास गुरुवार की देर रात को एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा। इसके बाद रात को ही बीएसएफ जवानों और बटाला पुलिस ने संयुक्त रूप से सर्च अभियान चलाया। वहीं शुक्रवार को भी बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने ज्वाइंट सर्च आपरेशन चलाया। इस दौरान बड़ी सफलता मिली। थाना कोटली सूरत मलही के गांव नभीनगर के खेतों में एक ड्रोन पड़ा मिला। इसके अलावा हथियार भी मिले हैं। इस संबंध में बटाला के एसपी गुरप्रीत सिंह गिल ने बताया कि गुरुवार की देर रात को बीएसएफ की मेतला पोस्ट पर एक ड्रोन को देखा गया था। इसके बाद रात से ही बटाला की डेरा बाबा नानक की पुलिस और बीएसएफ एक सर्च अभियान में जुटी थी।

# इन्फ्लुएंजा से देश में पहली बार दो मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोविड की तरह फैल रहे एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से पहली बार मौतों की खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स में हेल्थ मिनिस्ट्री के सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि हरियाणा और कर्नाटक में इन्फ्लुएंजा के एक-एक मरीजों की मौत हुई है। देश में अभी तक एच3एन2 के 90 केस सामने आए हैं। हरियाणा के मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कर्नाटक केस की जानकारी सामने आई है। मृतक का नाम हीरा गौड़ा है और उम्र 82 साल है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक, हीरा की एक मार्च को मौत हुई थी। वह डायबिटीज और हाइपरटेंशन का मरीज था। जांच के दौरान उनका सैंपल लिया गया था। 6 मार्च को सामने आया कि वह एच3एन2 से संक्रमित था।

एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने पिछले दिनों एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से लोगों को सावधान रहने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि यह कोरोना के जैसे ही फैलता है। इससे बचने के लिए मास्क पहनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और बार-बार हाथ धोते रहें। बुजुर्गों और पहले से ही किसी बीमारी से परेशान लोगों को इससे ज्यादा परेशानी हो सकती है।

राजस्थान में एच3एन2 के कई केस सामने आ रहे हैं। इसकी चपेट में सबसे ज्यादा बच्चे हैं। इन्हें ठीक होने में 10 से 12 दिन का समय लग रहा है। बच्चों को क्ठव तक में भर्ती करना पड़ रहा है। एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर में जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. पुनीत सक्सेना ने बताया कि यहां ओपीडी में हर तीसरा-चौथा मरीज तेज खांसी-बुखार की शिकायत लेकर आ रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामले एच3एन2 के अलावा इससे मिलने अपर रेस्पिरेटरी इंफेक्शन,

### दावा

**कर्नाटक-हरियाणा के थे दोनों मरीज, देश में अब तक 90 केस**

**राजस्थान में बढ़े केस, 12-15 दिन तक नहीं जा रही खांसी फेफड़ों में भी फैल रहा इंफेक्शन**



एडिनोवायरस, पैरा इन्फ्लूएंजा वायरस के हैं। ये वायरस मौसम में बदलाव के साथ एक्टिव होता है और तेजी से फैलता है। इसमें बुखार सामान्यतः 3-4 दिन रहता है, लेकिन कुछ केस में 6-7 दिन में भी बुखार ठीक नहीं हो रहा। एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने देश में फैल रहे एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से लोगों को सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा था कि यह कोरोना के जैसे ही फैलता है। इससे बचने के लिए मास्क पहनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और बार-बार हाथ धोते रहें। बुजुर्गों और पहले से ही किसी बीमारी से परेशान लोगों को इससे ज्यादा परेशानी हो सकती है।

# यूएन में भारत ने पाक को लताड़ा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर से बुरी तरह लताड़ दिया। वैश्विक आतंकवाद-रोधी रणनीति (जीसीटीएस) की 8वीं समीक्षा वाले प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने खुलकर आतंकवाद को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने साफ कहा कि आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होते हैं। अच्छे या बुरे नहीं होते हैं। आतंकी घटनाओं के पीछे की मंशा के आधार पर आतंकवादियों को बांटना बेहद 'खतरनाक' है। इससे वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ चल रही मुहिम प्रभावित होगी।

रुचिरा कंबोज ने कहा, 'आतंकवादी कृत्यों के पीछे की मंशा के आधार पर आतंकवाद के वर्गीकरण की प्रवृत्ति खतरनाक है। ये स्वीकृत सिद्धांतों के खिलाफ जाती है कि 'आतंकवाद अपने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में निंदा की जानी चाहिए और आतंकवाद के किसी भी कार्य के लिए कोई औचित्य नहीं हो सकता है।'

रुचिरा ने इस बात पर जोर देकर कहा कि सभी प्रकार के आतंकी हमले, चाहे वह इस्लामोफोबिया, सिख विरोधी, बौद्ध विरोधी या हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह से हों, वह निंदनीय हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नई शब्दावली और झूठी प्राथमिकताओं के खिलाफ खड़े होने की जरूरत है जो आतंकवाद के संकट से निपटने के अपने फोकस को कमजोर कर सकते हैं। रुचिरा ने कहा कि अच्छे या बुरे आतंकवादी नहीं हो सकते। इस तरह का दृष्टिकोण हमें केवल 9/11 के पूर्व के युग में वापस ले जाएगा। जिसमें आतंकवादियों को आपके आतंकवादी और मेरे आतंकवादी के रूप में लेबल किया जाएगा। उन्होंने दक्षिणपंथी, उग्रवाद, अति दक्षिणपंथी या अति वामपंथी उग्रवाद जैसे शब्दों पर भी आपत्ति जताई। कहा कि इस तरह के शब्द निहित स्वार्थों द्वारा इन शर्तों के दुरुपयोग के लिए द्वार खोलता है। इसलिए, हमें विभिन्न प्रकार के वर्गीकरण प्रदान करने से सावधान रहने की आवश्यकता है, जो लोकतंत्र की अवधारणा के खिलाफ ही हो सकता है।

### फटकार

**भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा- आतंकवादी सिर्फ आतंकवादी होते हैं, अच्छे या बुरे नहीं, इन्हें बांटा न जाए**



## पूरी दुनिया ने भारत को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विज्ञान भवन में आपदा जोखिम न्यूनीकरण राष्ट्रीय मंच के तीसरे सत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत में आपदा प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्था हमेशा स्थानीय रही है, समाधान और रणनीति भी स्थानीय रही है... चाहे स्थानीय निर्माण सामग्री हो या फिर निर्माण तकनीक, इसको हमें आज की जरूरत और आज की तकनीक से समृद्ध करना है। साथ ही कहा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच (एनपीडीआरआर) 2023 के तीसरे सत्र के उद्घाटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अभी हाल ही में तुर्की और सीरीया में आगे भूकंप के बाद भारतीय दल के प्रयासों को पूरी दुनिया ने सराहा है। ये बात हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव से जुड़े मानव संसाधन और तकनीकी क्षमता को भारत ने जिस तरह बढ़ाया है, उससे देशभर में भी अलग-अलग आपदा के समय बहुत सारे लोगों के जीवन बचाने में मदद मिली है।

# जाएगी राहुल गांधी की सदस्यता!

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी पर बीजेपी के लोग लगातार हमलावर रहते हैं। अब बीजेपी के सीनियर सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने की मांग की है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे शुक्रवार को लोकसभा विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की।

सांसद निशिकांत दुबे ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भ्रामक, अपमानजनक, असंसदीय और आपत्तिजनक बयान देने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज मोशन की मांग की। लोकसभा सांसद सुनील सिंह ने निशिकांत दुबे को समिति में गवाह के तौर पर पेश होने को कहा था। पैनल के प्रमुख सुनील सिंह के अलावा, आज मौजूद समिति के अन्य सदस्यों में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, कांग्रेस के के. सुरेश, सीपी जोशी, दिलीप घोष, राजू बिस्टा और बीजेपी के गणेश सिंह शामिल थे। के. सुरेश और कल्याण बनर्जी जैसे सांसदों ने तर्क दिया कि इस तरह के उल्लंघन के लिए कोई आधार नहीं है क्योंकि वायनाड के सांसद का भाषण पहले ही हटा दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक डीएमके सांसद टी.आर. बालू आज कमेटी के सामने मौजूद नहीं थे, लेकिन उन्होंने पैनल को लिखा है कि ऐसा कोई विशेषाधिकार नहीं है, जो राहुल के खिलाफ कोई दलील दे सके। इस मुद्दे पर अपने तर्क में निशिकांत दुबे ने कहा कि भले ही बहस राष्ट्रपति के अभिभाषण के प्रस्ताव के धन्यवाद प्रस्ताव में थी, राहुल गांधी का जवाब काफी हद तक गौतम अडानी के बारे में था और वास्तव में अपने भाषण में अडानी का जिक्र राहुल गांधी ने कम से कम 75 बार किया था।

### एक और मोर्चा

**बीजेपी सांसद की मांग, दिया 1976 में सुब्रमण्यम स्वामी को बर्खास्त करने का उदाहरण**



# पीएम मोदी ने उठाया हिंदू मंदिरों पर हमले का मुद्दा

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के बीच हैदराबाद हाउस में लंबी बातचीत हुई। इस दौरान दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने कई मुद्दों पर आपसी सहमति जताई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों का मुद्दा भी उठाया। मीडिया को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों के ऊपर लगातार हमलों की खबरें आ रहीं हैं। यकीनन इसने भारत में लोगों को चिंतित किया। इसको लेकर मैंने प्रधानमंत्री अल्बानीज से चर्चा की। उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार के लिए भारतीयों की सुरक्षा सबसे अहम है। ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले भारतीयों को पूरी सुरक्षा दी जाएगी।

मीडिया को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि सुरक्षा सहयोग हमारी रणनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ है। इंडो पैसेफिक क्षेत्र में हम लोग आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। इसपर चर्चा हुई है। रक्षा के क्षेत्र में हमने पिछले कुछ सालों में उल्लेखनीय समझौते किए हैं।

आज हमने विश्वस्त और मजबूत वैश्विक सप्लाई चेन को विकसित करने के लिए भी आपसी सहयोग पर विचार विमर्श किया। हम क्लीन हाइड्रोजन और सोलर में भी साथ मिलकर काम कर रहे हैं। रक्षा के क्षेत्र में हमने पिछले कुछ सालों में उल्लेखनीय समझौते किए हैं जिसमें एक दूसरे की सेनाओं के लिए लॉजिस्टिक्स सपोर्ट भी शामिल है। हमारी सुरक्षा एजेंसियों के बीच भी नियमित और उपयोगी सुचना का आदान प्रदान और हमने इसे और सुदृढ़ करने पर चर्चा की है। दोनों देशों की सेनाओं ने लॉजिस्टिक सेवाओं का आदान-प्रदान किया। युवा सैनिकों के बीच संपर्क और रिश्ते बढ़ाने के लिए नई स्कीम शुरू की है। हमने विश्वस्त और मजबूत सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए बात की है। दोनों देशों के बीच शिक्षा, ऊर्जा, रक्षा, व्यापार समेत कई मसलों को लेकर समझौते भी हुए।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भारत की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। आज वह राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए अल्बानीज ने भारत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मेरा बहुत अच्छे से स्वागत किया। ऑस्ट्रेलिया और भारत अच्छे दोस्त हैं और पार्टनर भी हैं। हम रोज अपने संबंध को और मजबूत कर रहे हैं। इसके बाद पीएम अल्बानीज ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत के बाद ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने भारत और ऑस्ट्रेलिया से जुड़े मुख्य पहलुओं पर चर्चा की। जयशंकर ने ट्वीट पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा 'आज सुबह ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर अच्छा लगा।

### अपनी बात

**दोनों देशों के बीच कई मसलों को लेकर हुए समझौते**

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिले ऑस्ट्रेलियाई पीएम**



### ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत शीर्ष स्तरीय सुरक्षा भागीदार

ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने गुरुवार को आईएनएस विक्रांत का भी दौरा किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं पीएम मोदी के निमंत्रण पर नवनियुक्त, भारतीय डिजाइन और भारत में निर्मित आईएनएस विक्रांत पर आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मेरी यात्रा भारत-प्रशांत और उससे आगे ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण के केंद्र में भारत को रखने की मेरी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने कहा कि हम दोनों अपने व्यापार और आर्थिक भलाई के लिए इंडो-पैसिफिक में समुद्री लेन तक मुक्त और खुली पहुंच पर निर्भर हैं। हम नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने और इंडो-पैसिफिक को खुला, समावेशी और समृद्ध सुनिश्चित करने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता साझा करते हैं।



# तीन मंजिला बिल्डिंग से गिरकर छात्रा की मौत

**हालात रहस्यमय**

**पुलिस की मानें तो छात्रा परीक्षा को लेकर डिप्रेशन में थी**

**घटना के बाबत मृतका की मां कुछ भी बोलने को तैयार नहीं**

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के बड़ी गैबी इलाके में किराए पर अपनी मां जूली वर्मा के साथ रहने वाली छात्रा आर्वंशिका प्रजापति की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थिति में तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

दशाश्वमेध थाना क्षेत्र की रहने वाली जूली वर्मा की शादी शिवाला-भेलूपुर के रहने वाले आशीष प्रजापति के साथ हुई थी। कुछ वर्ष पूर्व पति-पत्नी में मनमुटाव होने के कारण जूली बड़ी गैबी इलाके में किराए पर कमरा लेकर रहने लगी और प्राइवेट मोबाइल कंपनी में जॉब करती थी।

सूचना मिलने के बाद भी उसके पिता मौके पर नहीं पहुंचे। जूली के मायके के लोगों ने उसका अंतिम संस्कार पोस्टमार्टम के बाद हरिश्चंद्र घाट पर कराया। मकान मालिक चंदू सोनकर भी घटना के बारे में कुछ भी जानकारी देने से कतराते रहे। बताया जाता है कि सीबीएसई बोर्ड की 10वीं कक्षा में मृतिका पढ़ती थी। उसका परीक्षा चल रहा था। दो पेपर हो गया था और तीन पेपर बाकी था। मौके पर पहुंची पुलिस की मानें तो छात्रा परीक्षा को लेकर डिप्रेशन में चल रही थी। घटना को लेकर उसकी मां कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं हुई।

## सड़क हादसे में वृद्धा की गई जान

**वाराणसी।** सारनाथ थाना क्षेत्र के ककरहिया स्थित रिंगरोड पर सड़क पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत हो गयी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये शुक्रवार की भोर में दाह संस्कार कर दिया। बताया जाता है कि ककरहिया सारनाथ निवासिनी लालमणि देवी (65) का मकान रिंग रोड के दोनों तरफ है। वह रिंग रोड के उत्तर दिशा स्थित मकान पर गई थीं। वापस आने के लिए वह सड़क पार कर रही थीं। इस बीच हरहुआ की तरफ से तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गईं। मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। गांव के ही एक व्यक्ति ने देखा कि लालमणि देवी सड़क पर मृत पड़ी है। उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## अग्निवीरों की भर्ती तारीख चार दिन और बढ़ी

**वाराणसी।** त्यौहार के मद्देनजर सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए आवेदन की तारीख चार दिन और बढ़ा दी गई है। अब 15 मार्च के बजाय 19 मार्च की रात 12 बजे तक आवेदन किया जा सकेगा। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक ऋषि दुबे ने दी। उन्होंने बताया कि सेना के वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। जनरल ड्यूटी, क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन, सोल्जर नर्सिंग असिस्टेंट, महिला सेना पुलिस आदि पदों पर भर्ती के लिए आवेदन किया जा सकता है। उधर, अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं को आकर्षित और प्रोत्साहित करने के लिए आउटरीच प्रोग्राम शुरू किये गये हैं। सेना भर्ती कार्यालय में एनसीसी कैडेटों को जागरूक करने के साथ ही विभिन्न विद्यालयों में भी कार्यक्रम किये जा रहे हैं। 39 जीटीसी स्थित आर्मी स्कूल, केंद्रीय विद्यालयों में कार्यक्रम के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र के 12वीं तक के विद्यालयों, स्नातक के युवाओं को सेना के लिए प्रेरित करने पहुंच रहे हैं। यह कार्यक्रम विभिन्न तिथियों में जिलेवार आयोजित की जा रही हैं।

## प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र ने की पूर्व विधायक डॉ. ज्योत्सना से मुलाकात



**वाराणसी।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने पूर्व राष्ट्रीय मंत्री और पूर्व विधायक डॉ. ज्योत्सना श्रीवास्तव से उनके शिवाजी नगर आवास पर भेंट की।

इस अवसर पर उनके सुपुत्र विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव, पुत्रवधू सुगन्धा श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री व विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, अभिषेक मिश्रा, अमित राय, वीरू यादव, कुशाग्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## मारपीट करने पर सात के खिलाफ मुकदमा

**वाराणसी।** मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के चांदपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में गुरुवार की रात खाना खाने के दौरान हुए विवाद में मारपीट हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रपट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, महेशपुर चांदपुर निवासी सुनील पटेल ने प्रार्थना पत्र देकर सात लोगों के खिलाफ परिवार संग चांदपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाने के दौरान हमला कर मारने-पीटने का आरोप लगाते हुए मडुवाडीह थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सुनील के अनुसार गुरुवार की रात वह परिवार के मिथिलेश, समर, मोनू, राहुल, नीरज, बाबू के साथ चांदपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था। आरोप है कि महेशपुर के ही अभिषेक प्रजापति, गोपी प्रजापति, अमर गौड़, तरुण चौहान, अरुण चौहान, उदय व इनके साथ अज्ञात चार लोगों ने शराब के नशे में परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। जिसमें समर, नीरज, मिथिलेश घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभिषेक प्रजापति, गोपी प्रजापति, अमर गौड़, तरुण चौहान, अरुण चौहान, उदय व एक अज्ञात समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ धारा 147, 323, 504 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### मारपीट में दो घायल मुकदमा दर्ज

**मिर्जामुराद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लडुवाई गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में पहले कहासुनी हुई। फिर मारपीट होने लगी। जिसमें एक पक्ष के अजय को विपक्षियों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। अजय को बचाने आए युवक राजू को भी मारपीट किये। अजय ने गांव के ही चंद्रभूषण, राजन, सुनील व अमृतलाल के खिलाफ गाली-गलौज करने, जान से मारने की धमकी देने व मारपीट करने के बाबत तहरीर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज करने के बाद घायलों को मेडिकल मुआयना के लिए भेजा।

## बड़ागांव थाने में बन रहे बैरक भवन की गुणवत्ता खराब

**मुआयना**

**मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन व बनकर तैयार परियोजनाओं का किया निरीक्षण**

**कार्यदायी संस्थाओं के अफसरों से कहा : सीएम योगी आदित्यनाथ प्रोजेक्ट्स का लेंगे जायजा**

**जनसंदेश न्यूज**



कमिश्नर कौशल राज शर्मा एवं डीएम एस. राजलिंगम ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित दौरे की सुगबुगाहट के बीच मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा और जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से कई परियोजनाओं का मौका-मुआयना कर कार्यदायी संस्थाओं के अफसरों को आवश्यक निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाने को कहा। उनमें से कुछ प्रोजेक्ट निर्माणाधीन हैं तथा कुछ परियोजनाएं बनकर तैयार हो चुकी हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बड़ागांव थाना परिसर में बन रहे बैरक भवन की गुणवत्ता पर सख्त नाराजगी जताई।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अफसरों से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी दौरे में इस परियोजनाओं का जायजा लेंगे। दोनों आला अधिकारियों ने सर्किट हाउस में निर्माणाधीन भवन, सारनाथ क्षेत्र स्थित तिब्बती संस्थान में तिब्बती चिकित्सा पद्धति सोवा रिग्पा के लिए बन रहे अस्पताल एवं भवन, महाबोधि इंटर कॉलेज के सामने बनकर तैयार सीएचसी का मुआयना किया।

इसी क्रम में दोनों अधिकारियों ने अमृत वन योजना के तहत एससीएडीए आटोमेशन ऑफ इनटेक वेल, डब्ल्यूटीपी एंड बूस्टर पंप्स एंड रिपेयर वर्क ऑफ एग्जिस्टिंग ओएचटीज ऑफ ट्रांस वरुणा, करखियांव में बनकर तैयार वेजिटेबल प्रोसेसिंग एंड स्टोरेज बिल्डिंग भी देखा। बड़ागांव थाना परिसर में निर्माणाधीन बैरेक भवन की खराब गुणवत्ता पर उन्होंने रोष व्यक्त किया। उन्होंने उत्कर्ष बैंक के रीजनल ऑफिस का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।

## संक्षेप

### फायरिंग करने वाले मनबढ़ गिरफ्तार

**वाराणसी।** सिगरा थाना क्षेत्र के लाजपत नगर-मलदहिया में होली के दिन विवाद में फायरिंग करने वाले मनबढ़ हर्वेश सिंह बग्गा उर्फ इशु को पुलिस ने शुक्रवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। कालोनी के ही आकाश राज अरोड़ा ने मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि होली के दिन उनका भतीजा वंशराज अरोड़ा कालोनी में रंग खेल रहा था। तभी कालोनी का रहने वाला हर्वेश सिंह बग्गा उर्फ इशु भतीजे को अनावश्यक गाली-गलौज देने लगा। विरोध करने पर गाली देते हुए लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायरिंग की और जान से मारने की धमकी देने लगा। मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव किया। घटना का दृश्य कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

### छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में टकराए वाहन, दो घायल

**मिर्जामुराद।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुरी पुलिस चौकी के पास एक फिलिंग स्टेशन के सामने गुरुवार की देर रात छुट्टा पशु को बचाने के चक्कर में प्रयागराज की तरफ से आ रही डीसीएम आगे चल रही डीसीएम में पीछे से जा भिड़ी। घटना में पीछे वाले डीसीएम के चालक सुखबीर सिंह व खलासी विवेक यादव निवासीगण इंदागला अलीगढ़ गम्भीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम के केबिन से चालक-खलासी को निकलवाकर इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेंस से बीएचयू स्थित ट्रॉमा सेंटर भेजवाया। घटना के दौरान आवागमन बाधित हो गया था। पुलिस ने दोनों वाहन को रोड से साइड करवाकर आवागमन चालू करवाया।

### 'ग्राम चौपाल' में अफसरों ने सुनीं शिकायतें



**वाराणसी।** शासन की प्राथमिकता में शामिल साप्ताहिक 'ग्राम चौपाल' का आयोजन शुक्रवार को जनपद के चिह्नित 16 ग्राम पंचायतों में किया गया। बड़ागांव ब्लॉक के पुरा रघुनाथपुर और रायपुर में जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। चौपाल के अन्य कार्यक्रम अन्य विकास खंडों के कनेरी, दयापुर, पहड़िया, कुकुढ़ा, रसड़ा, लालमन कोट, अनौरा, बहोरीपुर, बच्छांव, भुल्लनपुर, मानी, थाना, हरिहरपुर एवं तेंदूई में हुआ। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार पुरा रघुनाथपुर में ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय और पेयजल आदि की समस्याएं बतायीं। जंसा प्रतिनिधि के मुताबिक तेंदुई तथा हरिहरपुर में भी कुछ ऐसी ही समस्याओं के समाधान की मांग की गयी। यहां बीडीओ राजेश कुमार सिंह की मुख्य उपस्थिति रही।

### पानी में उतराई मिली लाश की शिनाख्त

**बड़ागांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बलुआ गांव के पास इसरवार पुल के समीप शुक्रवार को वरुणा नदी में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की लाश पानी में उतराई देख राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने लाश को बाहर निकलवाया और शिनाख्त कराई। उसकी शिनाख्त इसी थाना क्षेत्र के विश्वनाथपुर गांव निवासी राजेंद्र शर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, मृतक बलुआ गांव में अपने परिवार के साथ रहता था तथा शेरवानीपुर में सैलून की दुकान चलता था। वह सुबह करीब आठ बजे घर से निकला था। उसके मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक को तीन पुत्र व एक पुत्री है।

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह लोग जख्मी

**वाराणसी।** विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार को हुई दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गये। पुलिस व परिजनों ने उन्हें मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। कैंट थाना क्षेत्र के वरुणापुल पर गुरुवार की देर रात तेज रफ्तार टोटो अनियंत्रित होकर पलटने से शिवपुर निवासी अमित जायसवाल (30) व कचहरी निवासी सुनील (25) घायल हो गये। उधर, भेलूपुर थाना क्षेत्र के बड़ीगैबी निवासी जियालाल (48) गुरुवार की देर रात नशे की हालत में छत से गिरकर घायल हो गये। जबकि चौकाघाट के पास दुर्घटना में जैतपुरा के जलालीपुरा निवासी प्रदीप मौर्य (34), सिगरा के महमूरगंज निवासी राजेश जायसवाल (38)और चौकाघाट स्थित काली मन्दिर के पास बाइक के धक्के से चेतगंज के पियरिया पोखरी निवासी गोपाल चौहान (65) घायल हो गये। सभी घायलों का इलाज मंडलीय अस्पताल में चल रहा है।


### सपा के झांसे में अब नहीं आएंगे मुसलमान : कब्बन

**वाराणसी।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव हसन मेहंदी कब्बन ने शुक्रवार को 'आपकी पार्टी-आपके गांव' कार्यक्रम में कहा है कि मुसलमान अब समाजवादी पार्टी के झांसे में नहीं आएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा की रणनीति है कि केन्द्र में भाजपा के रहने से राज्य मे मुसलमान भय के कारण सपा को वोट करते रहेंगे। मुसलमानों का बार-बार सपा की इस रणनीति का शिकार होना नुकसानदेह है। मुसलमानों को कांग्रेस से दूर करने के लिए विपक्षी दल और अन्य लोगों के जरिये तीसरा मोर्चा बनवाने की कोशिश करेंगे। इससे मुसलमानों को इससे सतर्क रहना होगा। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान इस तरह का झांसा दिये जाने के कारण कांग्रेस का वोट शिफ्ट हो गया था।

### साइबर ठगों ने महिला के खाते से उड़ाए 85 हजार

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र निवासिनी महिला को ऐप डाउनलोड कराकर उसके खाते से साइबर ठगों ने 85 हजार रुपये उड़ा दिए। महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी गई तहरीर में सोयेपुर निवासिनी शिवानी तिवारी ने जिक्र किया है कि अर्दली बाजार स्थित एक बैंक में उनका खाता है। बीते 27 फरवरी को एक अज्ञात नम्बर से कॉल आया और झांसा देकर एक ऐप डाउनलोड कराया। उसके बाद कई बार में उसके खाते से 85 हजार रुपये उड़ा दिया गया।

### परीक्षा पास कर सिपाही बना दरोगा



**तरना।** शिवपुर थाने में कार्यरत सिपाही विक्रम सिंह ने 2021 बैच की दरोगा भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। सिविल इंजीनियरिंग करने वाले विक्रम सिंह 2021 बैच के सिपाही है। सिपाही ट्रेनिंग के दौरान ही दरोगा भर्ती के लिए परीक्षा दिए थे। जिसका रिजल्ट छह जून 2022 को आया था, जिसमें विक्रम ने परीक्षा पास किया था। बीते 26 जनवरी 2023 उनको नियुक्ति पत्र मिला। शुक्रवार को शिवपुर थाने में विक्रम सिंह के सम्मान में समारोह आयोजित हुआ। समारोह में थानाध्यक्ष सहित समस्त सब इंस्पेक्टर, दीवान, महिला सिपाही एवं पुरुष आरक्षी मौजूद रहे।

## तगड़ी सुरक्षा के बीच बाइक चोरी

**बाबतपुर।** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर होली के मौके पर एक संविदा कर्मी की बाइक चोरी हो गई जिसकी शिकायत भुक्तभोगी द्वारा स्थानीय पुलिस चौकी पर किया गया।

जानकारी के अनुसार त्रिभुवन कुमार होली के दिन सुबह पार्किंग में अपनी सुपर स्पलेंडर यूपी 65 डीबी 8098 खड़ी कर ड्यूटी पर चला गया। दोपहर में वापस पार्किंग में आया तो उक्त स्थान पर अपने वाहन को न देख कर चकित रह गया। वाहन न मिलने पर भुक्तभोगी द्वारा स्थानीय पुलिस स्टेशन पर लिखित शिकायत दर्ज करवाया गया है।

अति संवेदनशील होने की वजह से हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी रहती है। वही खुफिया विभाग भी गोपनीय तरीके से निगरानी पर रहती है। हवाई अड्डे का पूरा परिसर तीसरी आँख की नजर में रहता है। ऐसे तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी पार्किंग क्षेत्र से मोटर बाइक चोरी होना चोरों के काबिलियत को दर्शाता है। हालांकि हवाई अड्डे पर यह चोरी की घटना पहली बार नहीं है इसके पहले भी पार्किंग क्षेत्र में चोरी के कई वारदात हो चुके हैं।अभी होली के एक दिन पहले ही एक चार पहिया वाहन के नम्बर प्लेट को चोरों द्वारा बड़ी बारीकी से काटा गया था जिसकी शिकायत भी स्थानीय पुलिस के पास दर्ज है।बाबतपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि भुक्तभोगी द्वारा लिखित सूचना मिलने के बाद अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का एफआईआर दर्ज कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

## लाभार्थियों को जारी किया अनुदान



**वाराणसी।** सीडीओ हिमांशु नागपाल ने शुक्रवार को विकास भवन परिसर में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए चयनित लाभार्थियों को अनुदान का अंश डीबीटी के माध्यम से जारी किया।

इस अवसर पर स्कीम के अंतर्गत साइकिल विथ आइस बॉक्स के 15 और बैकयार्ड आरएसएस के चार लाभार्थियों को अंशदान दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने लाभार्थियों से उनके कार्य की जानकारी ली। साथ ही मछुआ दुर्घटना बीमा योजना में पंजीकृत लाभार्थियों को भी प्रमाण-पत्र बांटे। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य स्वाति सिंह भी थीं।

## पड़ताल में लोहा व्यापारियों से पैसे मिलने के संकेत

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन)पर बीते सोमवार की रात बरामद एक करोड़ रूपए के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। उन पैसों के स्वामी की पहचान के बाद उनके स्त्रोतों का पता लगाया जा रहा है।

दावा है कि कर्मचारियों से पूछताछ के अनुसार पूरे एक करोड़ रूपए की धनराशि शहर के लोहा व्यापारियों से तगादे में मिली थी। जिसे अज्ञात व्यक्ति ने वसूल कर धनबाद के बालाजी ट्रेडर्स के मालिक अभिषेक अग्रवाल के दोनों कर्मचारियों के हवाले सौंपा था। आयकर विभाग की माने तो जांच में तस्वीरे और साफ हो जाएंगी। तीन दिनों पूर्व रूपए से भरे बैग के साथ कैंट स्टेशन पर जीआरपी ने दो लोगों को प्लेटफार्म नंबर नौ से गिरफ्तार कर लिया था। पिट्ठू बैग से ढाई -ढाई लाख रुपए की 40 गड्डियां बरामद हुई। आयकर विभाग की मौजूदगी में नोटों की गिनती के बाद उन्हें जीआरपी की अभिरक्षा में रख दिया गया। औपचारिक कार्रवाई के बाद दोनों कर्मचारीयों को छोड़ दिया गया। आंयकर विभाग के निरीक्षक समीर श्रीवास्तव ने बताया कि कार्य दिवस में नोटिस भेज कर पैसों के स्वामी को तलब किया जाएगा।

## वजूखाने में गंदगी व नेताओं की बयानबाजी को लेकर नोटिस

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पास वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर अखिलेश यादव, ओवैसी प्रकरण में जिला जज डा. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में निगरानी अर्जी स्वीकार करते हुए विपक्षी गण को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 मार्च की तिथि नियत की है। अधिवक्ता हरिशंकर पांडे ने पांच दिन दिन पहले निगरानी अर्जी दाखिल की थी। जिस पर कोर्ट ने अर्जी पर एडमिशन पर सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख ली। पिछले दिनों पर एसीजेएम /एमपी-एमएलए उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने वादी की अर्जी खारिज कर दी थी। प्रकरण के अनुसार वादी हरिशंकर पांडेय और उनके अधिवक्ता हरिओम त्रिपाठी व अजय प्रताप सिंह के माध्यम से जिला जज की कोर्ट में निगरानी अर्जी दाखिल की है। निगरानी अर्जी में कहा गया की निचली अदालत ने सरसरी तौर से बिना न्यायिक विवेक के इस्तेमाल किए वादी की अर्जी खारिज कर दी। अर्जी में कहा गया की कि एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बरामद शिवलिंग को लेकर हिदुओ को भड़काने वाला बयान दिया था, ज्ञानवापी में काफी संख्या में एक विशेष वर्ग के लोग सैकड़ो कि संख्या में जुटकर भड़काऊ नरेबाजी कि इस मामले में ज्ञानवापी मस्जिद के अंजुमन इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाकी, मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी, कमेटी के संयुक्त सचिव सैय्यद मोहम्मद यासीन और बयान दिया । जो अपराध के क्षेणी में आता है। मगर निकली अदालत ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर वादी की अर्जी खारिज कर दी थी। जो की विधि के अनुरूप नहीं है। निगरानी अर्जी स्वीकार करते हुए लोअर कोर्ट के आदेश अपदस्त करने की गुहार लगाई है।

## केजरीवाल ही सिसोदिया को मरवा सकते हैं : मनोज तिवारी

**लगाए आरोप**

**भाजपा सांसद ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के लिए कहा कि वह हैं झूठ के चैंपियन और साजिशों के मास्टर**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** भोजपुरी सिने स्टार, लोकगायक एवं भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल झूठ के चैंपियन और साजिशों के मास्टर हैं। इसलिए जेल में बंद मनीष सिसोदिया को अतिरिक्त सुरक्षा देने की जरूरत है। कारण, श्री सिसोदिया भ्रष्टाचार के मामलों में श्री केजरीवाल की भी संलिप्तता का खुलासा कर सकते हैं। स्वयं को बचाने के लिए श्री केजरीवाल श्री सिसोदिया की हत्या करा सकते हैं।

दिल्ली से शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि जेल में कैद मनीष सिसोदिया को कारागार में बंद कुख्यात अपराधियों से नहीं बल्कि अरविंद केजरीवाल से ही जान का खतरा है। श्री केजरीवाल श्री सियोदियां को मारने की साजिश कर सकते हैं। इसलिए श्री सिसोदिया को अतिरिक्त सुरक्षा देनी चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने श्री सिसोदिया को जेल में जान का खतरा बताया है। जबकि दिल्ली के सभी जेल दिल्ली सरकार के अंतर्गत हैं और उनका नियंत्रण अरविंद केजरीवाल के पास है।

उन्होंने कहा कि श्री सिसोदिया को जिन मामलों को लेकर गिरफ्तार किया गया है उन प्रकरणों के राजदार श्री केजरीवाल हैं। जेल में पूछताछ के दौरान यदि श्री सिसोदिया वह राज उगल दें तो श्री केजरीवाल फंस सकते हैं। इसीलिए 'आप' जेल में कुख्यात अपराधियों से श्री सिसोदिया को जान का खतरा बताकर पहले से ही भूमिका बांध रही है। केजरीवाल की सरकार के नियंत्रण वाले जेल में उन्हीं की पार्टी के बड़े व्यक्ति श्री सिसोदिया भ्रष्टाचार के आरोप में बंद हैं तो उन्हें जान को खतरा नहीं होना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि छह महीने में 170 मोबाइल फोन विभिन्न नामों से खरीदकर व्हाट्सएप चैट किये गये और बाद में उन सभी फोन को नष्ट कर दिया गया। उसके बावजूद पुलिस ने वह चैट हासिल कर लिया है। सो, अरविंद केजरीवाल मनीष सिसोदिया को माहौल बनाकर स्वयं मरवाना चाहते हैं।

## 55 किलो गांजा बरामद चालक को किया अरेस्ट



**बड़ागांव।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को रिंग रोड फेज-2 पर कोईराजपुर ओवरब्रिज के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक मीनी ट्रक के कैविटी बाक्स में छुपाकर रखे गये 55 किलो अवैध गांजे के साथ वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम में हरहुआ चौकी प्रभारी सचिन पटेल, उप निरीक्षक हरिनारायण शुक्ला व विक्रम सिंह अपने सहयोगी कांस्टेबलों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दिल्ली की नंबर प्लेट लगी एक मिनी ट्रक को देख मुखबिर ने इशारा किया। इस पर पुलिस ने ट्रक को रोकवा कर चेक किया तो उसके ढाले में बने कैविटी बाक्स में तीन बोरों में छुपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने वाहन चालक बिहार प्रांत के थाना वंशी अरवल निवासी मृत्युंजय पाटिल को गिरफ्तार कर लिया है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा शास्त्री वर्ष 2011 अनुक्रमांक 317096 का माइग्रेशन खो गया है। अनीता कुमारी पुत्री श्री रामअवलम्ब मिश्र। ग्राम व पो0-छांगापुर, जौनपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 2918097 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। संदीप पाल पुत्र कमला प्रसाद पाल। तिलवार, वाराणसी।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 2447178 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1202017 का अंक पत्र प्रमाणपत्र खो गया है। पवन कुमार शर्मा पुत्र नरेन्द्र कुमार शर्मा। मछलीगांव, पो0-बदलापुरखुर्द, जौनपुर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोपीगंज, जनपद-भदोही**

पत्रांक स्था 112/न0पा0प0गो0/ दिनांक 06.03.2023

**सार्वजनिक सूचना/इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रेमा देवी पत्नी स्व0 काशीनाथ अग्रवाल ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 04.03.2023 द्वारा भवन संख्या-34 मोहल्ला खड़हट्टी वार्ड नं0-21 में स्थित मकान पर अंकित श्री काशीनाथ अग्रवाल पुत्र कन्हैया अग्रवाल के वरासत के आधार पर श्रीमती प्रेमादेवी पत्नी स्व0 काशीनाथ अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद, राकेश कुमार, गोपाल कुमार, किशन अग्रवाल पुत्र स्व0 काशीनाथ अग्रवाल का नाम अंकित करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस नामान्तरण प्रार्थना पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा उक्त अवधि के उपरान्त प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गोपीगंज भदोही**

**कार्यालय जिला पंचायत वाराणसी**

पत्रांक 1891/जि0प0वा0/2022-23 दिनांक 04.03.2023

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपर मुख्य सचिव पंचायती राज अनुभाग-2 उ0प्र0 शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या 2232/33-2-2020-420 जी/2020 दिनांक 20 अक्टूबर 2020 के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2023 तक) के लिये जनपद वाराणसी अन्तर्गत समस्त विकास खण्डों के लिये जिला पंचायत वाराणसी के अधिकार क्षेत्र में जिला ग्राम उद्योग विभाग में पंजीकृत सहकारी समितियों से दिनांक 20.03.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। यदि उक्त तिथि को समितियों का आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो उक्त पेशे से जुड़े हुये लोगों के मध्य सर्वाधिक बोली को स्वीकार करते हुये मृत पशु शव निस्तारण का ठेका/लाइसेंस हेतु निविदा दिनांक 27.03.2023 को अपराह्न 2.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत वाराणसी में आमंत्रित की जाती है। निविदा तद्दिनांक को अपराह्न 4.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत वाराणसी के सभागार में निविदा समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म की बिक्री दिनांक 25.03.2023 को अपराह्न 04.00 बजे तक की जायेगी। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष जिला पंचायत वाराणसी में निहित होगा। निविदा से सम्बंधित समस्त नियम व शर्तें निविदा फार्म में अंकित है। उक्त निर्धारित तिथि को किसी भी निविदादाता के उपस्थित न होने की दशा में आगामी सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को निविदा फार्म बिक्री एवं वृहस्पतिवार को उपरोक्त निविदा खोलने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार की कोई जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| (अनिल कुमार श्रीवास्तव) | (अभिषेक कुमार सिंह) | (पूनम मौर्या) |
|---|---|---|
| अभियंता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत वाराणसी | जिला पंचायत वाराणसी | जिला पंचायत वाराणसी |



# वाराणसी



# निकायों की वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने को आवेदन आज से

## नगर निगम और नगर पंचायत गंगापुर की मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर निगम और नगर पंचायत गंगापुर की मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के लिए शुक्रवार दोनों निकायों की वोटर लिस्ट की अनंतिम सूची प्रकाशित कर दी गयी। शनिवार से आगामी 17 मार्च तक इन मतदाता सूची के आधार पर दावा-आपत्तियां ली जाएंगी। दावा-आपत्ति तय प्रारूप में आवेदन के जरिये अथवा आयोग के पोर्टल पर ऑनलाइन भी कर सकते हैं। वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन एक अप्रैल को होगा।

निर्वाचन कार्यालय के अनुसार वर्तमान में जनपद के नगर निगम क्षेत्र के सभी पांच जोन को मिलाकर मतदाताओं की कुल संख्या 15 लाख 89 हजार लाख 527 है। उनमें पुरुष वोटर आठ लाख 63 हजार 359 और महिला मतदाता सात लाख 26 हजार 168 हैं। जबकि नगर पंचायत गंगापुर में कुल छह हजार 873 मतदाताओं में तीन हजार 600 पुरुष एवं तीन हजार 273 महिला वोटर हैं। अबकी नगर निगम का दायरा बढ़ने समेत वार्डों की संख्या में वृद्धि के चलते उम्मीद जतायी जा रही है कि संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद नगर निगम इलाके में मतदाताओं की संख्या में अपेक्षाकृत बढ़ोतरी होगी। वहीं, नगर पंचायत गंगापुर इलाके में भी वोटरों की तादाद बढ़ने की संभावना है। सन 2022 के आधार पर तैयार वोटर लिस्ट के पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों निकायों की मतदाता सूची में 11 मार्च से 17 मार्च तक पात्र लोग नये नाम जोड़ने, पहले से दर्ज नाम-पता आदि संशोधित कराने या मृत अथवा शिफ्टेड लोगों के नाम हटवाने के लिए दावा-आपत्ति पेश करेंगे।

इसी अवधि में वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल कराने के लिए पात्र व्यक्ति आयोग की वेबसाइट 'एचटीटीपीः//एसईसी.यूपी.एनआईसी.इन' पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। जिन लोगों ने एक जनवरी 2023 को 18 साल की आयु पूर्ण कर ली है वही लोग मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराने संबंधी आवेदन के पात्र हैं। दावा-आपत्तियों का निस्तारण 18 से 22 मार्च तक होगा। वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन एक अप्रैल को किया जाएगा।

**कवायद**

**अनंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित आगामी 17 मार्च तक पेश कर सकते हैं दावा-आपत्ति**

**नगर निगम क्षेत्र में 15.90 लाख व नगर पंचायत गंगापुर में लगभग सात हजार मतदाता**



### यहां पेश करें दावा-आपत्ति

एडीएम प्रशासन एवं नगर निकाय निर्वाचक नामावली के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रणविजय सिंह ने यह जानकारी दी। उनके मुताबिक नगर निगम की मतदाता सूची के आधार पर दावा-आपत्तियां क्षेत्रीय बीएलओ या एआरओ अथवा अतिरिक्त एआरओ को नगर निगम के जोन कार्यालय पर दे सकते हैं। जबकि नगर पंचायत गंगापुर से संबंधित मतदाता सूची के आधार पर दावा-आपत्तियां क्षेत्रीय बीएलओ या एसडीएम राजातालाब अथवा एआरओ या अतिरिक्त एआरओ कार्यालय में दिया जा सकता है।

### एक नजर इधर भी

**नगर निगम** : वार्ड 100 (दशाश्वमेध जोन 22, भेलूपुर जोन 25, आदमपुर जोन 18, कोतवाली जोन 8 और वरुणापार जोन 27), मतदान केंद्र 391, मतदेय स्थल 1321
**नगर पंचायत गंगापुर** : वार्ड 10, मतदान केंद्र 5, मतदेय स्थल 10

### प्रियंका गांधी ने भेजा शोक संदेश

**वाराणसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने जनपद के प्रमुख व्यवसायी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्व. हरि प्रसाद अग्रवाल के निधन पर शोक-संदेश भेजा है। उनकी ओर से भेजा गये शोक संवेदना-पत्र शुक्रवार को कांग्रेसजनों ने स्व. अग्रवाल के चौक क्षेत्र स्थित आवास पर जाकर उनके पुत्र प्रवीण को सौंपा। पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ता वहां पहुंचे थे। उनमें पीसीसी सदस्य राजेंद्र सेठ, अजनी मिश्र, कन्हैया कपुरिया, डॉ. सोमनाथ तिवारी आदि रहे।

# श्रीवैष्णो देवी के लिए काशी से स्पेशल ट्रेन

**सुविधा**

**होली की छुट्टियों में जम्मू जाने वाले यात्रियों के लिए पहल**

**वाराणसी।** होली की छुट्टियों के बीच रेलवे प्रशासन ने माता भक्तों को सौगात दी है। वाराणसी और श्रीमाता वैष्णो देवी (कटड़ा) के बीच विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार के अनुसार गाड़ी संख्या - 04212/04211 वाराणसी- श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष ट्रेन कुल चार फेरे लगाएगी। गाड़ी संख्या - 04212 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा- वाराणसी स्पेशल ट्रेन दस मार्च और 13 मार्च को वाराणसी से रात्रि 9.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 11.35 बजे श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी। वापसी दिशा में 04211 वाराणसी- श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष ट्रेन नौ मार्च और 12 मार्च को कटड़ा से शाम 4:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शाम 6.30 बजे वाराणसी पहुचेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बे लगाए गए हैं। यह ट्रेन उधमपुर, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली जं., तथा प्रतापगढ़ स्टेशनो पर ठहराव लेगी।

# होली के बाद महानगरों की राह कठिन

**ट्रेनों में वेटिंग**

**स्पेशल ट्रेन व अतिरिक्त बसों के बाद भी समस्या**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** होली की छुट्टियां बिताने के बाद अब काम पर लौटने की होड़ शुरू हो गई। मुंबई, दिल्ली, सूरत मार्ग पर ट्रेनों में वेटिंग की लंबी लिस्ट है। होली पर संचालित विशेष ट्रेनों में भी वेटिंग की लंबी फेहरिस्त है। घर पर होली छुट्टी बिताने के बाद महहानगरों को लौटने वालों के लिए विशेष ट्रेन संचालित करने के बाद भी राहत नहीं दिख रही है।

ट्रेनों में सीट पाने के लिए अब तत्काल कोटा ही सहारा है। इसके साथ ही विमान कंपनियों ने भी यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उड़ानों के किराये में बढ़ोतरी कर दी है। वाराण्सी से मुंबई जाने वाली महानगरी, दादर सुपरफास्ट, कामायनी एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस, गोरखपुर एलटीटी के स्लीपर कोच में 10, 11 और 12 मार्च को वेटिंग है। दिल्ली जाने के लिए महामना एक्सप्रेस के साथ ही, शिवगंगा, मंडुआडीह सुपरफास्ट, सहित अन्य ट्रेनों में भी 11 और 12 मार्च को सभी श्रेणियों में वेटिंग है।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के इंतजार में बैठे यात्री

### रोडवेज पर भी यात्रियों की भीड़

ट्रेन में सीट उपलब्ध ना होने के चलते अब लोग बस का ही सहारा लेने को विवश हैं ऐसे में कैंट रोडवेज बस स्टैंड से संचालित होने वाली रोडवेज की बसों में भी भीड़ है, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर सहित मथुरा, आगरा के लिए घंटों लोग बस का इंतजार कर रहें हैं।

### निजी वाहन संचालकों की चांदी

बस व ट्रेन मेंजगह ना होने के चलते कैंट स्टेशन के बाहर से संचालित होने वाले निजी वाहन संचलक इसका फायदा उठा रहें हैं, वाराणसी से लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज यहां तक कि दिल्ली व झारखंड तक जाने के लिए प्रति किलोमीटर किराये में डेढ़गुना बढौत्तरी कर दिये हैं।

# लटक सकती है 4जी स्मार्ट मीटर लगाने की योजना

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** वाराणसी समेत उन तमाम जिलों में 4जी स्मार्ट मीटर लगाने की योजना फिलहाल टलती नजर आ रही है। वजह, स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी लिमिटेड (ईईएसएल) ने नई तकनीक के 4जी स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अतिरिक्त धनराशि की डिमांड की है। पिछले दिनों केंद्र में हुई एक बैठक में इसकी मांग कंपनी ने उठाई है। यदि सरकार ने अतिरिक्त धनराशि देने से इंकार कर दिया तो फिलहाल हर घर में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना लटक सकती है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो केंद्र सरकार में पिछले दिनों हुई बैठक में केंद्रीय ऊर्जा सचिव आलोक कुमार, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज और ईईएसएल के अधिकारी मौजूद थे। इसी बैठक में ईईएसएल के प्रतिनिधियों ने 4जी स्मार्ट मीटर लगाने के लिए करार के अतिरिक्त धनराशि देने की बात कही थी। विभागीय सूत्रों की मानें तो अगर 4जी स्मार्ट मीटर लगाने की कॉस्ट को कंपनी की मांग के मुताबिक बढ़ाया जाता है तो इससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इसका सीधा असर महंगी बिजली के रूप में देखने को मिल सकता है।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन फिलहाल ईईएसएल को अतिरिक्त रकम नहीं देना चाहता है। इसके पीछे पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों का तर्क है कि चूंकि टेंडर पहले हो चुका है। उसी के मुताबिक कीमतें तय हुई हैं। ऐसे में नई कीमत तय करने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ आएगा। विभागीय सूत्रों की मानें तो केंद्र सरकार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ देने के मूड में नहीं है। अतिरिक्त धनराशि न मिलने पर 4जी स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया फिलहाल टल सकती है। हालांकि कार्यदायी एजेंसी की तरफ से मांगी गयी अतिरिक्त धनराशि पर राज्य उपभोक्ता परिषद उत्तर प्रदेश ने आपत्ति जता दी है।

तत्कालीन ऊर्जा मंत्री ने रोक दिया था 4जी स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया

विभागीय सूत्रों की मानें तो ईईएसएल को उत्तर प्रदेश में 40 लाख स्मार्ट मीटर लगाने थे। इसमें से 12 लाख स्मार्ट मीटर कंपनी लगा भी चुकी है। कुछ खामियां आने और उपभोक्ताओं के प्रबल विरोध के बाद प्रदेश के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने 4जी स्मार्ट मीटर लगाने की परियोजना पर रोक लगा दी थी। अब जब दोबारा इस योजना को शुरू किया गया। तो कंपनी ने कीमत बढ़ाए जाने की मांग उठाते हुए नए मीटर लगाने का काम रोक दिया है। अभी करीब 28 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं।

**विद्युत विभाग**

**मीटर लगाने वाली एजेंसी ने मांगी अतिरिक्ति धनराशि**

**राज्य उपभोक्ता परिषद उत्तर प्रदेश ने जतायी आपत्ति**

### उपभोक्ता परिषद ने उठाई जांच की मांग

राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस पूरे मामले में जांच की मांग उठाई है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पहले जो शर्तें तय हो गई हैं। योजना के बीच में उनमें बदलाव कैसे किया जा सकता है। पहले से तय शर्तों के मुताबिक ईईएसएल को प्रति मीटर हर महीने करीब 103 रुपये मिलता है। आठ साल के लिए बनी इस योजना के तहत तकनीक में बदलाव का पूरा खर्च मीटर लगाने वाली कंपनी को उठाना था। ऐसे में अतिरिक्त धनराशि की मांग करना जायज नहीं है।




# परिचालन में संरक्षा व सुरक्षा को दें तरजीह : मनोज कृष्ण

**निरीक्षण**

### प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक ने कैंट रेलवे स्टेशन पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग कार्य का लिया जायजा

### काशी व लोहता का भी किया निरीक्षण अधिकारियों संग की बैठक


स्टेशन पर निरीक्षण करते एससीसीएम सहित अन्य अधिकारी

**वाराणसी।** बड़ौदा हाउस नई दिल्ली से आये उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक मनोज कृष्ण ने शुक्रवार को कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर चल रहे यार्ड री मॉडलिंग कार्यों का जायजा लेते हुए काशी व लोहता रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

शुक्रवार को वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचे प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक का लखनऊ मंडल के डीआरएम एस के सपरा, एडीआरएम वाराणसी लालजी चौधरी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ उन्होंने स्टेशन के विकास कार्यों का जायजा लिया और स्टेशन की यार्ड री मॉडलिंग की प्रगति का कार्य सहित अन्य प्रगतिशील कार्यों का अवलोकन करते हुए सभी पहलुओं की जानकारी लेते हुए सभी कार्यों की समीक्षा की, अधिकारियों को उन्होंने आवश्यक सुझाव व दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने लोहता छोर एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय छोर पर प्रगतिशील यार्ड री-मॉडलिंग का कार्य, नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य, लेवल क्रॉसिंग संख्या चार पर निर्मित होने वाले रेल ओवर ब्रिज हेतु स्थापित गर्डर का कार्य व गाड़ियों के संरक्षित एवं सुरक्षित रेल परिचालन की व्यवस्थाओं तथा रेलवे ट्रैक को गहनता से परखा, उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए संरक्षा संबंधी समस्त निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करते हुए परिचालन की बात को प्रमुखता से कहा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय पौधे लगाने की कवायद

**वाराणसी।** लोगों में आयुर्वेद के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से कवायद शुरू कर दी गयी है। इसके साथ औषधिय पौधों को लगाने के लिए भी निर्देश दिये जा रहें है। शुक्रवार को विकास भवन में सीडीओ ने बैठक कर सभी को निर्देशित किया कि आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हर्बल गार्डेन को विकसित करें। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी वाराणसी एवं जनपद के समस्त राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के अधिकारी एवं प्रभारी इचार्ज के साथ विकास भवन के सभागार में बैठक कर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने कहा कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में तैनात योग प्रशिक्षकों की मानिटरिंग की जाए इसके साथ अब तक योग से कितने लाभार्थियों को लाभ मिला है इसका भी विवरण विकास अधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही समस्त आयुर्वेदिक चिकित्सालय में एवं आसपास के गांव में औषधीय पौधो का भी प्रयोग कर हर्बल गार्डन का निर्माण कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक माह में लगाये जाने वाले कैम्पों आदि का शेड्यूल तैयार कर मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया। बैठक में डॉ. भावना द्विवेदी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी एवं जनपद के समस्त चिकित्सा अधिकारी व फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।



# जानकी नगर कॉलोनी में होली मिलन समारोह में उड़ा अबीर गुलाल



**वाराणसी।** जानकी नगर कॉलोनी, पटिया रोड शुक्रवार को भव्य पारिवारिक होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव, विधायक कैंट रहे। कार्यक्रम को मुख्य रूप से देवेन्द्र प्रताप सिंह, जयप्रकाश पाण्डेय, सत्येन्द्र प्रकाश सिंह, अनिल श्रीवास्तव, वेद प्रकाश राय रणजीत सिंह, भुवनेश्वर, कमलेश, बीएन सिंह, आरएन श्रीवास्तव, सतीश, जितेन्द्र, बृजेश, सूर्य कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। विकास समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप ने मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव का स्वागत अंगवस्त्रम एवम स्मृति चिन्ह देकर किया गया। होली मिलन समारोह में जानकी नगर कॉलोनी से 500 निवासियों ने सपरिवार प्रतिभाग लिया। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन अनिल श्रीवास्तव एवं वेदप्रकाश राय ने किया।

# घनी आबादी में तोड़फोड़ के बजाय बाहरी क्षेत्र में करें विकास

जनसंदेश न्यूज

**ताकि बना रहे काशी का मूलस्वरूप**

### एआईसीसी मेंबर अनिल श्रीवास्तव 'अन्नू' ने शासन प्रशासन को एकबार फिर दिया सुझाव

**वाराणसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त सदस्य अनिल श्रीवास्तव 'अन्नू' ने शासन-प्रशासन को एकबार फिर सुझाव दिया है कि शहर की घनी आबादी में तोड़फोड़ कर विकास करने के बजाय काशी के मूल स्वरूप को बनाए रखते हुए शहर से सटे इलाकों में डेवलपमेंट की कवायद होनी चाहिए। साथ ही बाजार की साप्ताहिक बंदी एकसाथ करने के बजाय क्षेत्रवार करने की जरूरत है। ताकि नगर में वर्षों से चली आ रही यातायात समस्या का समाधान संभव हो।

एआईसीसी मेंबर अन्नू ने एक वक्तव्य जारी कर यह सुझाया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में सिर्फ शहरी इलाके में विकास दिखाने से काशी की प्राचीनता व पहचान लुप्त होने के साथ ही जनता के पैसे का अपव्यय समेत विकास भी बदरंग ही दिखेगा और नागरिकों की परेशानी भी खत्म नहीं होगी। उन्होंने कहा है कि जनपद की बिगड़ी यातायात व्यवस्था में तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा है कि वाराणसी महानगर की बंदी थानावार दो चरणों में हो। जिसके तहत प्रथम चरण सोमवार को कोतवाली, आदमपुर, चौक, दशाश्वमेध, चेतगंज, लक्सा, भेलूपुर और दूसरे चरण में में रविवार को शेष थाना क्षेत्रों में साप्ताहिक बंदी से काफी हद तक ट्रैफिक समस्या का समाधान हो सकता है। इससे न सिर्फ यातायात का दबाव कम होगा बल्कि तीर्थयात्रियों, दर्शनार्थियों और पर्यटकों को भी सुविधा रहेगी।

उन्होंने कहा है कि ऐसी पहल से स्थानीय टूरिज्म एवं कारोबार के अलावा राजस्व, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा है कि काशी में हुए विकास कार्यों से इनकार नहीं है लेकिन डेवलमेंट का दायरा सिमटा व संकुचित दिखता है। विकास के तमाम दावों के बावजूद अभी भी यह शहर अविकसित व अनियोजित विकास का दंश झेल रहा है जबकि डेवलपमेंट पर जनता के करोड़ों रुपये लग चुके हैं। योजनाकारों और जनप्रतिनिधियों का उद्देश्य यदि वास्तव में इस जिले के सर्वांगीण विकास है तो उन्हें अपना दायरा और सोच बढ़ाना होगा। जिससे बनारस मात्र एक प्रयोगशाला बनकर न रह जाय।

### 'बिल्डर एग्रीमेंट' की तर्ज पर लें जमीन

एआईसीसी सदस्य अनिल श्रीवास्तव 'अन्नू' ने अपने वक्तव्य में सुझाया है कि जिला प्रशासन और वीडीए विकास की रफ्तार शहरी इलाके से हटकर ऐसे क्षेत्रों में बढ़ाए जहां असीमित संभावनाएं दिख रही हैं। यदि किसी कारण वीडीए को जमीन लेने में व्यावहारिक या मानक समस्याएं हैं तो प्राधिकरण शहर तथा ग्रामीण इलाकों के अविकसित या अर्द्धविकसित क्षेत्रों में विकास की संभावनाओं का ध्यान रखकर योजनाबद्ध ढंग से बिल्डरों की तर्ज पर भूमि मालिकों से 'बिल्डर एग्रीमेंट' करे। ऐसा करने पर मानक के अनुरूप विकास होगा। साथ ही वीडीए के अतिरिक्त भूस्वामी भी सुरक्षित ढंग से आर्थिक स्तर पर लाभांवित होंगे। वहीं, जनता को मूलभूत सुविधाओं संग नये आवासीय एवं व्यवसायिक स्थलों का तोहफा मिलेगा।

# सीएम के गोद लिए सीएचसी का कायाकल्प

**सुविधा**

### सिजेरियन प्रसव के साथ लोगों को मिल रही जनरल सर्जरी की सुविधा

### पिछले 68 दिनों में 100 सफल जनरल सर्जरी और 21 सिजेरियन प्रसव



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोद लिये सीएचसी हाथीबाजार का पूरी तरह से कायाकल्प कर दिया गया है। अब लोगों को आर्परेशन के लिए किसी भी निजी अस्पताल की राह नहीं देखनी होगी। स्थानीय स्तर पर लोगों को सुविधा मिली तो सभी ने खुशी का इजहार किया।

वर्ष 1979 में ट्रस्ट की ओर से बने अस्पताल को 20 फरवरी 2001 में स्वास्थ्य विभाग को समर्पित किया गया। तब यह सामान्य सीएचसी था। इसके बाद 17 जून 2021 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नीति आयोग के आदर्श ब्लॉक सेवापुरी होने पर सीएचसी हाथी बाजार को गोद लिया। इसके ठीक एक साल बाद 30 जुलाई 2022 को सीएचसी हाथी को प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) में उच्चीकरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोद ली गई सीएचसी हाथीबाजार (एफआरयू) में चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल जुलाई में सामान्य सर्जरी की सुविधा शुरू की गई थी। यहाँ सिजेरियन प्रसव, हाइड्रोसील, हर्निया, पाइल्स, स्तन में गांठ, पेट में गांठ, पथरी, गिल्टी, लाइपोमा, पित्त की थैली में पथरी सहित अन्य इलाज की सुविधा मौजूद है।

प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शनिवार को जनरल सर्जरी की जाती है। सीएचसी हाथी में 30 जुलाई 2022 से अब तक 100 सफल जनरल सर्जरी की जा चुकी हैं। इसमें हाइड्रोसील के 57, हर्निया के 8, स्तन में गांठ के 6, लाइपोमा (चर्बी की गांठ) के 5, गांठ या गिल्टी के 15, अल्सर के 2, फटे कान की 4 सहित अन्य सर्जरी हो चुकी हैं। इसके अलावा 21 सिजेरियन प्रसव, 9 मिनी लैप महिला नसबंदी व 6 हड्डी सर्जरी हुई हैं। सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकताओं की ओर से चिन्हित किए गए मरीजों के इलाज की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

# रुस्तमे बनारस के लिए दर्जनों पहलवान भिड़ेंगे

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के बेलवरिया हनुमान मंदिर परिसर में बने अखाड़े में 11 मार्च शनिवार को कुश्ती दंगल में सैकड़ों पहलवान भाग लेंगे। सबसे बड़ी कुश्ती रुस्तमे बनारस के लिए दर्जनों पहलवान जोर आजमाइश करेंगे। जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति के जिलाध्यक्ष रामसेवक मास्टर ने बताया कि शुक्रवार को वजन किया गया। 123 पहलवानों ने बनारस बाल केशरी, बनारस भीम, बनारस टाइगर, रुस्तमे बनारस के खिताब के लिए कुश्ती लड़ी जाएगी। बनारस बाल केशरी के लिए 14 वर्ष से कम, बनारस टाइगर के लिए 16 वर्ष तक 55 से 65 किग्रा, बनारस भीम के लिए 65 से 75 किग्रा एवं रुस्तमे बनारस के लिए 75 किग्रा से ऊपर के पहलवान भाग लेंगे। बनारस भीम एवं रुस्तमे बनारस के लिए कोई उम्र सीमा निर्धारित नहीं है। विजेताओं को पुरस्कार से साथ भाग लेने वाले सभी पहलवानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# पूर्वांचल में उद्योगों के विकास एवं निवेश की दरकार

**बताई जरूरत**

### होली मिलन एवं शपथग्रहण समारोह संपन्न, रामनगर इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन

**रामनगर।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित रमन डेयरी उद्योग के सभागार में शुक्रवार को पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय नगर के विधायक रमेश जायसवाल ने उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वांचल में उद्योगों के विकास एवं निवेश की आवश्यकता है। सरकार मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और भविष्य की आवश्यकताओं के प्रतिपूर्ति लिए संकल्पित है।

उन्होंने उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के कारण कभी भी किसी समय सहयोग के लिए आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आरके चौधरी ने कहा कि रामनगर इंडस्ट्रीयल एरिया के भूमि,विद्युत एवं सड़क की व्यवस्था और प्रभावी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने उद्यमियों से निवेश के सभी प्रस्तावों को समय सीमा के अंदर पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल का यह सबसे समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र निवेश को आकर्षित करने का सबसे बड़ा केंद्र है। अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन के संरक्षक शेषपाल गर्ग ने और संचालन महेश कुमार चौधरी एवं धन्यवाद महामंत्री राकेश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में आई आई ए वाराणसी के चैप्टर चेयरमैन नीरज पारिख ने समाज सेवा एवं उद्यमियों के बीच के समन्वय को स्थापित किया।

शपथग्रहण के बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रयागराज से सुश्री प्रतिमा मिश्रा एवं उनकी टीम से काव्यपाठ से लोगों को लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

# गांवों में विद्युत तार व पोल बदलने का काम शुरू

**पिंडरा।** स्थानीय ब्लॉक के 104 ग्राम सभा में लटक रहे नंगे विद्युत तारों व जर्जर पोल से अब आम जनता को निजात मिलेगी। शुक्रवार को इन तारों और पोल को बदलने का काम स्थानीय उपकेंद्र के पास से शुरू हुआ। ब्लॉक के सभी गांवों में तारों व पोल को बदलने पर करीब 76 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। विकास खण्ड के सभी गांवों के जर्जर तार व खम्भों के चलते आये दिन होने वाले दुर्घटना को रोकने व निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत उक्त कार्य होंगे। विभाग की मानें तो पहले जिस कंपनी को यह कार्य सौंपा गया था, उसके कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पायी गयी। इस कारण से उसका टेंडर निरस्त कर सरकार ने नये सिरे से एक निजी कंपनी को यह काम सौंपा है। नयी कार्यदायी एजेंसी के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर इरफान खान ने बताया कि कार्य को गुणवत्ता व मानक के साथ-साथ समय से पूर्ण कराये जायेंगे। कार्य शुभारंभ के दौरान एसडीओ संजीव श्रीवास्तव, जेई राजकुमार, सर्वेश मौर्य, विभूति यादव, शैलेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# उच्चस्तरीय शोध के लिए बीएचयू में स्थापित हो अर्कैओजेनेटिक्स केंद्र

**एडनेट 2023**

### केंद्र की स्थापना से आनुवंशिक संबंध को समझने की दिशा में होगा गंभीर प्रयास : शिंदे




**वाराणसी।** बीएचयू में शुक्रवार को एडनेट 2023 का शुभारंभ महामना हॉल में हुआ। उद्घाटन करते हुए जाने-माने पुरातत्वविद, सीएसआईआर भटनागर फेलो और 'राखिगढ़ी मैन' नाम से प्रसिद्ध प्रो. वसंत शिंदे ने कहा कि उच्चस्तरीय शोध के लिए बीएचयू में भी एक अर्कैओजेनेटिक्स (पुरावंशिकी) केंद्र के स्थापना की जरुरत है।

प्रो. वसंत शिंदे ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना से उनके द्वारा किये गए सिन्धु सभ्यता के डीएनए कार्य को गंगा घाटी के लोगों के साथ आनुवंशिक सम्बन्ध को समझने की दिशा में एक गंभीर प्रयास होगा। उन्होंने राखिगढ़ी डीएनए शोध के समय आई कठिनाइयों के बारे में भी लोगों को बताया। प्रो. सतीश कुमार ने कहा की भले ही एडनेट की स्थापना डॉ. लालजी सिंह ने ही किया था, लेकिन पहली बार यह बीएचयू में आयोजित हो रहा है। विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि यह महात्मा बुद्ध, कबीर, तुलसी का केंद्र रहा है और आज भी कई शताब्दियों से जीवंत है। संकाय प्रमुख प्रो. मधुलिका अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मलेन महामना की सोच के अनुरूप ही संचालित हो रहा है, जिसके तहत वास्तव में अंर्तविषयक शोध को बढ़ावा देते हुए आईआईटी-बीएचयू, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग एवं सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर के संयुक्त प्रयास से क्रियान्वित हो रहा है। विभागाध्यक्ष प्रो. अरबिंद आचार्या ने जंतु विज्ञान विभाग का इतिहास एवं उसके संग्रहालय में संरक्षित महत्वपूर्ण प्रदर्शित जन्तुओ के संग्रह पर अपने विचार रखे। संचालन डॉ. चंदना बसु ने किया। सम्मलेन संयोजंक प्रो. ज्ञानेश्वेर चौबे ने धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एडनेट के अध्यक्ष प्रो. सतीश कुमार, सामाजिक विज्ञान संकाय प्रमुख प्रो. ब्रिंदा प्रान्जपे, सम्मलेन सह-संयोजक डॉ. वी. रामानाथन, आयोजक सचिव डॉ. सचिन तिवारी, मीडिया प्रभारी डॉ. अकीब सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

हमारा डीएनए प्रजातीय विभाजन को गलत सिद्ध करता है : प्रो. तूमस किविसिल्ड

अध्यक्षीय उद्बोधन में बेल्जियम के प्रो. तूमस किविसिल्ड ने कहा कि अंगेजों ने औपनिवेशिक काल में सम्पूर्ण मानव जाति को रंग एवं शारीरिक स्वरूप के अनुसार विभाजित किया था, जो हमारे डीएनए अध्ययन के अनुसार सही नहीं है। क्योंकि हम चाहे भारतीय अथवा यूरोपियन अथवा अमेरिकन हों। हमारा डीएनए मिश्रित होता है। यह ब्रिटिश अवधारणा गलत है कि सम्पूर्ण विश्व में पायी जाने वाली कोई भी जाति अथवा जनजाति का डीएनए पूर्णतया शुद्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि हमारा डीएनए कई अलग-अलग अनुवांशिक कोपोनेंट्स का बना होता है और प्रजातिय विभाजन को किसी भी वैज्ञानिक शोध में प्रयोग न करने की सलाह दी। उन्होंने नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. स्वेंते पाबो के निएंडरथल पर किये गये असाधारण शोध के बारे में भी बताया।

अमेरिका में प्रथम मानव 17 हजार वर्ष पूर्व पहुंचा : प्रो अलेक्सेंद्रो अकिली

भले ही मानव अफ्रीका से 65 हजार साल पहले निकला, लेकिन उसको अमेरिका पहुंचते-पहुंचते 48 हजार वर्ष लग गए। अमेरिका में सर्वप्रथम साइबेरिया के रास्ते ब्रेंजियन दर्रे को पार करते हुए उत्तरी अमेरिका पहुंचा, लेकिन उत्तरी अमेरिका न रुकते हुए गर्म दक्षिणी अमेरिका जा पहुंचा। यह बात इटली के वैज्ञानिक प्रो. अलेक्सेंद्रो अकिली ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बतायी। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका की चार स्थापिकायें थीं।

### एक दूसरे से मिले गले, उड़ा अबीर गुलाल

**वाराणसी।** पटिया रोड स्थित जानकी नगर विकास समिति की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में खूब अबीर गुलाल उड़े, सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। भव्य पारिवारिक होली मिलन समारोह मुख्य अतिथि के रुप में कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने शिरकत की समिति की ओर से अंगवस्त्रम के साथ उनका स्वागत किया गया। सभी को होली की बधाई दी। इस दौरान लजीज व्यंजनों को भी लोगों ने लुत्फ उठाया। इसके साथ बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। बच्चों को प्रशस्ती पत्र देकर कर उनका सम्मान किया गया। समारोह को देवेन्द्र प्रताप सिंह,जय प्रकाश पाण्डेय, सत्येन्द्र प्रकाश सिंह, अनिल श्रीवास्तव, वेद प्रकाश राय, रणजीत सिंह, भुवनेश्वर मिश्रा, कमलेश सिंह, बी.एन. सिंह, आरएन श्रीवास्तव, सतीश उपाध्याय, जितेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह आदि ने सफल बनाया। संचालन अनिल श्रीवास्तव, वेदप्रकाश राय द्वारा किया गया।

## संक्षेप

### हुमा बानो बनीं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य



**वाराणसी।** लंबे अरसे से भाजपा से जुड़ी रहने वाली हुमा बानो को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया गया है। हुमा बानो अल्पसंख्यकों की कोरोना काल में हर संभव सहायता करके उन सभी का मान रखा। जिसके परिणाम स्वरूप सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में मेंबर ऑफ पैनल की कम्युनिटी लीडर के तौर पर चयनित किया।

### संस्कृत विवि में तीन दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला 16 से



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में भारतीय भाषाओं के परिप्रेक्ष्य में छात्र एवं अध्यापकों के संस्कृत भाषा संप्रेषण कौशल विकास विषय पर तीन दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला 16 मार्च को आरंभ होगी। विश्वविद्यालय परिसर के पाणिनी भवन सभागार में 18 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के विद्वान हिस्सा लेंगे। कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विवि के आईकेएस केंद्र, संस्कृत भारती काशी प्रांत और भारतीय भाषा समिति उच्च शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार का यह संयुक्त आयोजन है। इसमें देश के विभिन्न संस्कृत महाविद्यालयों के प्राचार्य, अध्यापक, शोधार्थी समेत पूर्वांचल के प्रबुद्धजन शामिल हो सकते हैं। 16 मार्च को पूर्वाह्न 10.30 बजे इसका उद्घाटन संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कामत करेंगे।

### मीडियाकर्मी को भातृशोक



**वाराणसी।** जनसंदेश टाइम्स परिवार के सदस्य राजेश कुमार सिंह के बड़े भाई संतोष कुमार सिंह उर्फ मुन्ना (60) का गुरुवार की रात भोजूबीर स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर हुआ। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र राबिन सिंह ने दी। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। अंतिम संस्कार के दौरान नगर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं शुभचिंतक उपस्थित थे।

### बागेश्वर ब्रह्म बाबा के वार्षिक श्रृंगार पर रामचरितमानस पाठ

**गोसाईपुर।** हरहुआ ब्लाक के गोसाईपुर गांव में ब्रह्म बाबा मंदिर के वार्षिक श्रृंगार के अवसर पर शुक्रवार को रामचरित मानस पाठ शुरू हुआ। 11 मार्च शनिवार को समापन पर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। श्री बागेश्वर ब्रह्म बाबा रामलीला समिति के अध्यक्ष महिमा मिश्र की देखरेख में कार्यक्रम हो रहा है।

### 151 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**चांदमारी।** शिवपुर के पटेलनगर चौराहा स्थित गंगोत्री विहार कालोनी में तीन दिवसीय रुद्रमहायज्ञ का आयोजन शुक्रवार को शुरु किया गया है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कलशयात्रा निकाली गई। यात्रा परमानन्दपुर से 151 महिलाओं ने कलश में जल और नारियल सिर पर रखकर कलश यात्रा निकाली। कलस यात्रा गंगोत्री विहार कालोनी स्थित पूजा स्थल पर समाप्त हुई। पण्डित हरिनारायण तिवारी और राकेश मिश्रा वैदिक ने बताया कि बारह ज्योर्तिलिग के अलग अलग मूर्ति स्थापित कर रूद्रमहायज्ञ का 24 घण्टे तक लगातार अभिषेक किया जाएगा। महायज्ञ के समाप्ति के बाद भण्डारा में लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### होली गीतों पर थिरकी महिलाएं



**वाराणसी।** सखी पैड की ओर से शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सखी पैड बैंक की फाउंडर सुनीता भार्गव द्वारा किया गया। गणेश वंदना के साथ शुरू हुए समारोह में फाग गीतों पर महिलाओं ने नृत्य किया। नीरू मिश्रा, रीना सिंघल, प्रतिभा सिंह ने होली गीत गाकर सभी का मन मोहा। कीर्ति मिश्रा ने पंडित का रोल निभाते हुए 12 राशियों का होली के अंदाज में राशिफल पढ़कर सभी को लोटपोट कर दिया। हास्य कविताओं की प्रस्तुति शशि वाला सुमन श्रीवास्तव नीरू सुनीता ने किया। सभी ने लजीज व्यंजनों को लुत्फ उठाया। संचालन सपना कपूर एवं सुनीता भार्गव ने किया।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का काशी आगमन आज

**वाराणसी।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती महाराज का 11 मार्च शनिवार को काशी में हो रहा है। पूरे नगर में विभिन्न स्थानों पर संतों, भक्तों व काशीवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी सजंय पाण्डेय ने बताया कि शंकराचार्य 11 मार्च से लेकर 4 अप्रैल तक काशी में प्रवास करेंगे। इस दौरान नवरात्र अनुष्ठान,दंड दीक्षा दिवस,सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे व नगर में अनेक स्थानों पर महाराजश्री का नागरिक अभिनंदन व चरण पादुका पूजन होगा। नवरात्र में श्रीविद्या साधना क्रम भी साधकों को महाराजश्री बतायेंगे।

### आयुर्वेद के प्रचार प्रसार पर व्याख्यान



**वाराणसी।** चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय में चल रहे ट्रानजिसनल कोरिकुलम में शुक्रवार को आयुर्वेद संकाय चि.वि.सं.बी.एच.यू के संहिता संस्कृत प्रवक्ता डा. राज किशोर ने विषय पर व्याख्यान दिया और छात्रों को संस्कृत भाषा में वातार्लाप का अभ्यास कराया। महाविद्यालय के बालरोग विशेषज्ञ डा. आशीष कुमार गरई ने भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य रक्षण कार्यक्रमों से छात्रों को अवगत कराया। डा. अजय कुमार एवं डा. टीना सिंघल ने आयुर्वेद के प्रचार प्रसार में ऑडियो-वीडियो तकनीक की उपयोगिता एवं विश्व स्तर पर स्वास्थ्य रक्षण में आयुर्वेद के योगदान को बताया। 2014 में स्वतंत्र रूप से आयुष मंत्रालय की स्थापना के बाद चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के बारे में विस्तार से छात्रों को बताया। नव प्रवेषित छात्रों ने बड़े उत्साहित होकर व्याख्यान को सुना। इस अवसर पर महाविधालय के प्राचार्य प्रोफेसर नीलम गुप्ता आयोजक सचिव डा. आशुतोष कुमार यादव भी उपस्थित रहें।

### विश्व क्षय रोग दिवस पर कर्मचारियों का अवकाश निरस्त

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में हर स्तर पर नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत जिले के सभी 23 टीबी यूनिट पर एक-एक चिकित्साधिकारी को मेडिकल ऑफिसर टीबी कंट्रोल (एमओटीसी) के रूप में तैनात कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि जिले में 24 तारीख को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाएं जाने वाले विश्व क्षय रोग दिवस के लिए जोरों से तैयारियां चल रही हैं। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के स्तर से प्रतिदिन क्षय रोग विभाग के समस्त कार्यों की समीक्षा की जा रही है। उनकी ओर से प्राप्त दिशा-निदेर्शों का अनुपालन किया जा रहा है। इस दौरान समस्त कर्मचारियों की छुट्टियां भी निरस्त कर दी गई हैं। इस पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए ठोस कदम स्थापित करना है। सीएमओ ने बताया कि गोद लिए गए क्षयरोगियों को डॉट्स के माध्यम से दी जाने वाली औषधियों को बिना दवा बंद किये सम्पूर्ण उपचार अवधि में खाने के लिए निक्षय मित्र प्रेरित कर रहे हैं। गोद लिए मरीजों को हर महीने पोषण पोटली दी जा रही है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण इलाज के बाद टीबी पूरी तरह से ठीक हो जाती है। यह अति आवश्यक है कि क्षय रोगियों को प्रोटीन, विटामिन युक्त आहार मिलता रहे। इससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने में काफी मदद मिलेगी।



# स्टेटस सिंबल बनी साइलेंसर युक्त बुलेट की सवारी

जनसंदेश न्यूज

**शौक**

### अपर परिवहन आयुक्त ने दिया अभियान चलाने का निर्देश

### लापरवाही बरतने वाले अफसरों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**बैरिया।** गले में मोटा चैन एवं हाथ में ब्रेसलेट पहनकर डुप्लीकेट साइलेंसर युक्त बुलेट की सवारी आज-कल स्टेटस सिम्बल बनता जा रहा है। डुप्लीकेट साइलेंसर लगाकर तेज आवाज से भयभीत करने, माहौल बिगाड़ने और वायु प्रदूषण फैलाने वाले क्षेत्र में बेखौफ सड़कों पर फर्राटे भर रहे है। आजकल ऐसी बुलेट की संख्या भी बढ़ गयी है। इसकी पुलिस भी अनदेखी कर रही है।

अपर परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी संभागीय परिवहन अधिकारी और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को बुलेट के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मौके पर दस हजार रुपये जुर्माना करने के साथ ही उन्हें तत्काल साइलेंसर निकलवाने की चेतावनी दी जाए। प्रवर्तन कार्य के दौरान दोबारा मिलने पर पास के थाने में बुलेट सीज करें। कंपनी बुलेट में साइलेंसर लगाने के साथ उसकी आवाज उतनी रखती है, जिससे ध्वनि प्रदूषण नहीं फैले। कुछ लोग कंपनी की ओर से लगे साइलेंसर को निकालकर तेज आवाज वा ऐसे साइलेंसर लगाते है, जिससे अचानक तेज आवाज निकलती है।

अचानक आवाज सुनकर पास खड़े लोग डर जाते हैं। ऐसे में उनकी जान जाने का डर बना रहता है। इसके लिए, दोकटी निवासी सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त के अनुज शत्रुध्न सिंह ने अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) से आनलाइन शिकायत किया है कि बुलेट सवार कंपनी के साइलेंसर निकालकर तेज आवाज वाले लगाते हैं, जो जानलेवा साबित हो रहे हैं।

खासकर स्कूल, अस्पताल, कालोनियों में बेतहाशा शोर मचाते हैं। अपर आयुक्त ने उनकी शिकायत का संज्ञान लेते हुए सभी आरटीओ, एआरटीओ और यात्रीकर अधिकारियों को निर्देश दिया है कि एक सप्ताह में विशेष अभियान चलाकर की गई कार्यवाही से अवगत कराएं। कार्रवाई नहीं करने वाले अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर डीएम ने की बैठक

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव के सम्बंध में जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक का उद्देश्य सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय करना था। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों और प्रभारी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों को समझ लें और उसका निर्वहन निष्ठा पूर्वक करें। जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन से लेकर मतगणना तक का कार्य सकुशल संपन्न होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार का व्यवधान नही होना चाहिए। कहा कि किसी भी गलती के लिए निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि आरओ और एआरओ की ड्यूटी जिनकी लगेगी, वह सबसे पहले अपना काम बखूबी जान लेंगे। प्रभारी अधिकारियों को किसी प्रकार की कठिनाई होने पर निर्वाचन कार्यालय से संपर्क करें। बहुत जल्दी निर्वाचन की घोषणा हो जाएगी। इसको ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी अपना कार्य कुशलता पूर्वक करें।

# उद्योग नहीं लगाने पर लौटानी होगी जमीन

**बलिया।** वर्षों पूर्व उद्योग स्थापित करने के लिए सरकारी जमीनों का आवंटन किया गया था, लेकिन कई उद्यमियों ने जमीन मिलने के बाद भी उद्योगों की स्थापना नहीं की। ऐसे में औद्योगिक क्षेत्र में कई जमीनें खाली पड़ी हैं। हाल ही में संपन्न हुई इनवेस्टर्स समिट में कई निवेशकों ने जमीन की भी मांग की है। ऐसे में विभाग ने खाली पड़ी जमीनों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है।

करीब दो दर्जन उद्यमियों को विभाग ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। उचित जवाब न मिलने की स्थिति में समिति के समक्ष प्रस्ताव कर जमीनों का आवंटन निरस्त कराया जाएगा। जिला उद्योग केंद्र की ओर से बनरही, माधोपुर, जिगनी खास में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया गया था। इन औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगों की स्थापना के लिए जिला प्रशासन ने अलग-अलग कंपनियों व उद्योगपतियों को जमीनें आवंटित की थीं। मकसद था कि जिले की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा और लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। हाल ही में हुई इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 71 उद्यमियों ने एमओयू हस्ताक्षर करने के साथ ही विभाग से जमीन मुहैया कराने की मांग की है। हालांकि, उद्योग केंद्र के औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन खाली न होने से अब तक आवंटन नहीं हो पाया है। ऐसे में पूर्व में आवंटित की गई जमीनों को खंगालना शुरू किया गया है। जिला उद्योग केंद्र की ओर से दो औद्योगिक क्षेत्रों बनरही और माधोपुर के करीब दस आवंटियों को नोटिस भेजकर उद्योगों की स्थापना की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी गई है। इन लोगों ने अब तक उद्योग नहीं स्थापित किए हैं और जमीन भी वापस नहीं की है। तीन बार नोटिस जारी करने के बाद भी जवाब न मिलने पर आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

> जिन उद्यमियों ने जमीन आवंटित कराने के बाद भी उद्योग स्थापित नहीं किए हैं, उन्हें नोटिस जारी किया गया है। उचित जवाब न मिलने पर निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
>
> अशोक कुमार गुप्ता, सांख्यकीय अधिकारी, डीआईसी

## संक्षेप

### कांग्रेसियों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**गड़वार।** ब्लाक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा ब्लाक मुख्यालय गड़वार में अडाणी समूह और केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ जैनेन्द्र पाण्डेय मिंटू की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी रविन्द्र नाथ पाण्डेय को सौंपा दिया। ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों और चहेते उद्योगपति मित्रों को नियमों के विरुद्ध लाभ देकर देश के करोड़ों रुपए डुबाए गए हैं। इससे बैंक व भारतीय जीवन बीमा निगम के खाताधारकों द्वारा किया गया निवेश खतरे में पड़ गया है। संसद में इस मुद्दे को उठाने के बावजूद सत्ता पक्ष चर्चा करने को तैयार नहीं है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान हीरा राम, राकेश चौहान, सुरेन्द्र राजभर, ओम प्रकाश धुसिया, पप्पू यादव आदि मौजूद रहे।

### हितलाभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आज

**बलिया।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि उप्र सरकार के निर्देश के क्रम में 11 मार्च को सत्यवती चिल्ड्रेन स्कूल के सामने चौकिया मोड़, बेल्थरारोड में श्रम एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हितलाभ वितरण कार्यक्रम एवं वृहद रोजगार मेला के द्दष्टिगत अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, मु. दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण (राज्य मंत्री) एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के आगमन के साथ आने वाले लाभार्थियों का हितलाभ प्रमाण पत्र वितरण एवं बेरोजगारों को रोजगार हेतु कार्यक्रम होना है।

### मारपीट व शांति भंग में 16 गिरफ्तार

**सुखपुरा।** थाना क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में होली के दिन मारपीट एवं शांति भंग के आरोप में पुलिस ने सोलह लोगों को निरुद्ध किया है। महुई में हुई मारपीट में एक पक्ष से आदित्य तिवारी निवासी बभनौली, थाना बांसडीह व दूसरे पक्ष से सुनिल राजभर उर्फ बढ़ी निवासी महुई, अपायल गांव में हुए मारपीट में मनीष उर्फ राजा व सुरज राम, सुखपुरा में हुए मारपीट में रामु राजभर निवासी बसन्तपुर, थाना सुखपुरा व सुरज कुमार राजभर, लव राजभर निवासी सुखपुरा, करनई में सत्येन्द्र राजभर, सुरजपुरा में हरेंद्र साहनी, वकील साहनी, शिवजी साहनी, सुखबीर, रवी साहनी तथा दुसरे पक्ष के नितिश साहनी, गोलू साहनी को पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया।

### होली मिलन समारोह कल

**बलिया।** शहीद बाबा सेवा समिति उमरपुर दियर के तत्वावधान में 12 मार्च, रविवार को पलिया खास (बड़काखेत) में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें पलिया खास (बड़काखेत) के विभिन्न टोलियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रामसुमेर यादव ने देते हुए क्षेत्रवासियों से होली मिलन समारोह में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है।

### गतात्मा की शांति को प्रार्थना

**बलिया।** बलिया हिंदी प्रचारिणी सभा के चलता पुस्तकालय सभागार में कृष्ण बिहारी मिश्र के निधन पर शोक प्रकट करते हुए इसे अपूर्णनीय क्षति बताया गया। साहित्यकारों ने इनकी कृतियों को प्रमाण करते हुए अश्रुपूरित आंखों से याद कर नमन किया। तत्पश्चात गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर डॉ. शत्रुघ्न पांडेय, डॉ. जनार्दन राय, शिवजी पांडेय रसराज, डॉ. राजेन्द्र भारती, डॉ. चंद्रशेखर उपाध्याय, मोहन जी, महर्षि अशोक, नवचंद्र तिवारी, आशुतोष कुमार सिंह, फतेहचंद्र बेचैन, अरुण कुमार सिंह, विजय मिश्र, डॉ. भोला प्रसाद आग्नेय, अरविन्द कुमार उपाध्याय, प्रो. यशवंत कुमार सिंह, शशिप्रेम देव, डॉ. कादम्बिनी आदि मौजूद रहे।

### सपा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**बलिया।** सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने बताया कि तीन फरवरी को नगर के गन व्यवसायी नंदलाल गुप्त के आत्महत्या के बाबत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पत्रक दिया गया था। इसमें मृतक के आश्रितों को 50 लाख आर्थिक सहायता देने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के साथ ही अवैध तरीके से किये गये एफ़ीमेंट को निरस्त करने और सब रजिस्ट्रार बलिया की उच्चस्तरीय जांच कर बर्खास्त करने की मांग की गई थी। बावजूद इसके अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। चेताया कि यदि अविलंब मामले को गंभीरता से लेते हुए सार्थक पहल नहीं की गई तो सपा चुप नहीं बैठेगी। डीएम एवं सब रजिस्ट्रार कार्यालय का घेराव करके विशाल आंदोलन किया जायेगा।

### जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय का डीएम ने किया निरीक्षण



**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था देखी। उन्होंने मरीजों को दी जाने वाली दवाओं का निरीक्षण किया। साथ ही वहां पर उपस्थित डॉक्टरों और मरीजों से बातचीत की। बात चीत के दौरान उन्होंने पाया कि मरीजों को कुछ दवाएं बाहर से लिखी जाती है। इस संबंध में उन्होंने डॉ. एस.सी. यादव को निर्देश दिया कि कोई भी दवा बाहर से ना लिखी और सारी दवाएं मरीजों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाए। जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. संजय कुमार गोंड़ और आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार को को निर्देश दिया कि वह भी ओपीडी शुरू करें और मरीजों को अधिक से अधिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं।

### प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री योजना के अंतर्गत बैठक संपन्न

**बलिया।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण बलिया ने बताया है 10 मार्च 2023 को अपर मुख्य सचिव मत्स्य, लखनऊ के निर्देश 2 मार्च 2023 के अनुपालन में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार बलिया में मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित कैम्प के माध्यम से जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक एवं उपायुक्त श्रम रोजगार मनरेगा के कर कमलों से तालाब निर्माण एवं निवेश मद, बैकयार्ड तथा साइकिल विद आइसबाक्स योजना के लाभार्थियों को अनुदान वितरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया, जिसमें संजय कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य बलिया ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर लाभार्थी अपनी आय में दोगुना वृद्धि कर सकते है। मौके पर अवधेश कुमार वर्मा, मत्स्य निरीक्षक, शमशाद अहमद अंसारी, वरि. सहा. उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बी.बी. ओझा, म.प्र.स. द्वारा किया गया।

# ऐतिहासिक होगा कुसौरा गांव का होली मिलन समारोह

**बलिया।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र विधानसभा बांसडीह अर्न्तगत कुसौरा गांव का होली मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा। इसको लेकर गांव में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। रविवार को सुबह 10 बजे 'गांव में फगुआ' होली मिलन समारोह शुरू होगा, जिसमें एक से एक कलाकारों का जमावड़ा भी होगा। इस समारोह में हजारों लोगों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक योगेश्वर सिंह ने अपने गांव कुसौरा में खास तैयारी की है जिसमें फगुआ गीत, भजन आदि का कार्यक्रम होगा।

इस समय योगेश्वर सिंह सलेमपुर लोकसभा क्षेत्रवासियों को होर्डिंग, पोस्टर, बैनर के माध्यम से बधाई व शुभकामना दे रहे है, जिससे राजनैतिक चर्चा यह हो रही है कि योगेश्वर सिंह चुनाव लड़ने की तैयारी में है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अंजनी उपाध्याय अपने पूरे टीम के साथ शामिल हो रहे है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टीमें भी बनाई गयी है और सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी भी सौंपी गयी है। खास बातचीत में योगेश्वर सिंह ने बताया कि छितेश्वरनाथ की कृपा से होली मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा और एक साथ हम सब मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। गांव की पुरानी परम्पराओं को सहेजते हुए इस कार्यक्रम को बेहतर व सुन्दर बनाने का प्रयास रहेगा।

### राजनैतिक सुर्खियों में छाये हुए हैं योगेश्वर



सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में राजनैतिक सुर्खियों में इस समय योगेश्वर सिंह छाये हुए हैं और वे चुनाव लड़ने की पूरी तरह से मूड बना चुके है। वैसे उनके राजनीति में आने का संकेत क्षेत्र में लगे होर्डिंग व बैनर ही दे रहे हैं। बांसडीह, सिकन्दरपुर, बेल्थरारोड, भाटपार रानी व सलेमपुर में योगेश्वर सिंह की लगी होर्डिंग चर्चा का विषय बनी हुई है। चर्चा यह हो रही है कि राजनीत में योगेश्वर सिंह कितना सफल होंगे यह तो वक्त की बात है, लेकिन प्रयास करना सबसे बड़ी बात है।

## आग से घर गृहस्थी का सामान जलकर राख

**बैरिया।** रेवती थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अधसिझुआ के बितन्डी के डेरा में गुरुवार की देर शाम अज्ञात कारणों से लगी आग में एक परिवार का नगदी सहित घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। इस आगलगी की घटना से पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर सहायता के लिए तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजा है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत अधसिझुआ के बितंडी के डेरा निवासी बरमेश्वर यादव के घर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे बेकाबू हो गई। लोग अभी कुछ समझ पाते, इतने में आग ने पूरे घर को आगोश में ले लिया। इस आगलगी की घटना में बीस हजार रुपये नगद, खाद्यान्न, कपड़ा,भूसा आदि घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए और घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना से बरमेश्वर यादव का पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्रा ने बताया कि लेखपाल ने रिपोर्ट दिया है। शीघ्र पीड़ित परिवार को सहायता पहुंचा दी जाएगी।

# साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था करने की मांग

**बैठक**

### जन चौपाल में अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



जन चौपाल में समस्या सुनते अधिकारी

**बैरिया/मझौवां।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत श्रीनगर में एडीओ आईएसबी डीएन यादव की देखरेख में ग्राम प्रधान रीता देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। वहीं, ग्राम पंचायत दयाछपरा में एडीओ पंचायत रितेश राय के नेतृत्व एवं ग्राम प्रधान हृदयानंद वर्मा की अध्यक्षता में जन चौपाल का आयोजन किया गया।

जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों ने पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान नहीं होने, वृद्धा, विधवा पेंशन न मिलने, ग्राम पंचायत के नालियों की साफ-सफाई की शिकायत किया। वहीं, ग्राम पंचायत में कई विकास कार्यों के लिए भी ग्रामीणों ने अपनी तरफ से निवेदन किया। ग्राम प्रधान ने निर्माण व विकास कराने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत श्रीनगर में माधुरी देवी पत्नी प्यारे मोहन सिंह ने शिकायत किया कि केवाईसी कराने के बावजूद वृद्धा पेंशन नहीं मिल पा रहा है। वहीं, सुंदरी देवी पत्नी रामेश्वर राय सहित कई लोगों ने पीएम किसान सम्मान निधि का धन नहीं मिलने की शिकायत किया। कई लोगों ने शिकायत किया कि बड़ा ग्राम पंचायत होने के बावजूद महज एक सफाई कर्मी की नियुक्ति है। इससे गांव की नालियां बजबजा रही है। समय से साफ-सफाई नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने सफाई कर्मियों की तैनाती करने की मांग किया।

श्रीनगर स्थित जन चौपाल में ग्राम पंचायत सचिव प्रवीण कुमार वर्मा, रोजगार सेवक विनोद यादव, पंचायत सहायक आरती वर्मा, रमेश वर्मा आदि उपस्थित रहे। वहीं, दयाछपरा के जन चौपाल में नाली का निर्माण न होने की शिकायत किया गया। वहीं, विगत 15 दिनों से पानी टंकी से पानी आपूर्ति न होने का मामला ग्रामीणों ने उठाया। जन चौपाल में काली मां के स्थान से राजकुमार के घर होते हुए संजय वर्मा के घर तक पेवर्स ब्लाक के निर्माण कार्य का प्रस्ताव रखा गया।

इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी जगनारायण यादव, टीए स्वामीनाथ गिरि, सुरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र नाथ वर्मा, प्रेरक मनोज कुमार श्रीवास्तव, बरमेश्वर पाल, सुरेंद्र प्रसाद, श्रीभगवान, टिमिल वर्मा, सुल्तान अली, अमर पासवान, किशुन पासवान, गुड्डू पासवान, शत्रुघ्न गोंड, राजकुमार शाह आदि मौजूद रहे।

# अपनी बच्चियों को दिखायें स्वावलंबन की राह

**बोले संजय कुमार सिंह**

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर संपन्न

जनसंदेश न्यूज



शिविर को संबोधित करते वक्ता



शिविर में उपस्थित महिलाएं

**रसड़ा।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को तहसील सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक महिला को मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। वह पिता और पति की संपत्ति में बराबर की हिस्सेदार हैं। रात में उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।

कहा कि महिलाओं को पति के खिलाफ घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार प्राप्त है। यौन उत्पीड़न की स्थिति में नाम सार्वजनिक न करने का भी उन्हें कानूनी अधिकार प्राप्त है। उन्हें पुरुषों के समान पारिश्रमिक पाने का अधिकार है। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक रूप से खड़ा होने का संदेश दिया। कहा कि अपनी बच्चियों को स्वावलंबन की राह दिखाएं। क्योंकि वैवाहिक जीवन में दिक्कतें आने पर वह अपने पैरों पर खड़ा हो सकेंगी। उन्हें सड़कों पर नहीं आना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बच्चियों के वस्त्रों पर ध्यान दिया जाए और उन्हें अच्छे संस्कार दिया जाए।

भारतीय नारियां अपने सम्मान और ज्ञान के लिए विख्यात थी। आज लोगों का वैवाहिक जीवन कटु होने की वजह से बहुत सारी समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी आर्या, संगीता सिंह, शताब्दी देवी, बंदना राय, गायंती, चंदा देवी, गायत्री, इंदू सिंह, मंजू गुप्ता, माला पांडे, मीरा, जया, गीता, सरिता, चंदा, नीलम सिंह, विवेकानंद तिवारी, गोपाल, परविंदर शर्मा, मीना अग्रवाल, अशोक शर्मा, नमो नारायण यादव, विनोद शर्मा, जयप्रकाश यति, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

सभी का आभार श्याम कृष्ण गोयल ने प्रकट किया।

## आज लगेगा वृहद रोजगार मेला

**बलिया।** शासन के निर्देशानुसार जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई, कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 11 मार्च को सत्यवती चिल्ड्रेन स्कूल चौकिया मोड़, बेल्थरारोड के सामने खाली स्थान के प्रांगण में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की टेक्निकल तथा नान टेक्निकल क्षेत्र की जैसे सुजुकी मोटर प्रालि, लावा इण्टरनेशनल प्रालि, डिक्सन इण्डिया लि, हैलडेक्स इण्डिया प्रालि, मुंजल सोवा प्रालि, जय भारत मारुति लि, रेमसन्स इण्डस्ट्रीज लि, कैपरो इंजीनियरिंग, मिन्डा इण्डस्ट्रीज लि, एसिन आटोमोटीव प्रालि, जीगा कारपोलस, लार्सन एण्ड टर्बो एलएनटी, जीफोरएस सिक्योरिटी, रोहित हाइड्रौलस सीडस, क्रेडिट एक्सिस ग्रामीण नवभारत फर्टिलाइजर्स, महामाया विकास गारमेन्ट सहित लगभग 25 कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है। इन कम्पनियों द्वारा लगभग 3500 पदों पर भर्ती किया जायेगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 40 है तथा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा पास हैं, अपने समस्त वायोडाटा के साथ रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। यह रोजगार मेला पूर्णतया निःशुल्क है।

# सिपाहियों को पीटने में वन दरोगा गिरफ्तार



गिरफ्तार वन दरोगा

**बेरुआरबारी।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव में वन दरोगा एवं पुलिस के बीच जमकर झड़प हो गई। इसमें पुलिस द्वारा वन दरोगा को गिरफ्तार कर सम्बन्धित धाराओं में चालान न्यायालय कर दिया गया।

बता दें कि बेरुआरबारी चौकी की पुलिस किसी मामले में सूर्यपुरा गांव में गई थी। पुलिस सड़क पर अपनी बाइक खड़ी करके गांव में किसी को गिरफ्तार करने गई थी। इसी बीच कार से वन दरोगा मंजीत सिंह पुत्र स्व. अभय सिंह निवासी दतिवड़, थाना सुखपुरा उधर से गुजर रहे थे। वह बेतरतीब तरीके से खड़ी बाइक देखकर आग बबूला हो गए और वहीं खड़ा होकर सिपाहियों का इंतजार करने लगे। जब सिपाही कैलाश राम व जुगुल किशोर अपनी बाईक लेने आए तो वन दरोगा मंजीत सिंह उनसे उलझ गए। वन दरोगा मंजीत सिंह बांसडीह रोड रेंज में कार्यरत है। उनकी ड्यूटी होली के दिन लगायी गई थी। सिपाहियों की माने तो जब वह बाईक चालू कर रहे थे, उसी समय सिपाहियों को डंडे से मारने लगे। सिपाहियों ने किसी तरह से अपना बचाव किया और मामले की सूचना बेरुआरबारी पुलिस चौकी पर दी। सूचना पर सदल-बल पहुंचे चौकी इंचार्ज राम सिंह ने वन दरोगा को पकड़ लिया और उनको चौकी पर ले गये। पुलिस ने वन दरोगा को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

जनसंदेश टाइम्स मेडिकल डायरेक्टरी
मानसिक रोग, नशा मुक्ति व सेक्स रोगों का संपूर्ण इलाज
डॉ. प्रदीप चौरसिया
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (न्यूरोसाइकाइट्री)
(आई.एम.एस., बी.एच.यू.)
मस्तिष्क व मानसिक रोग विशेषज्ञ
सरदर्द, माइग्रेन, बेहोशी, डिप्रेशन, OCD, मिर्गी, घबराहट, तनाव, याददाश्त व एकाग्रता में कमी, शंका करना, सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर, डिमेंशिया, अल्जाइमर इत्यादि
गंगोश्री हॉस्पिटल 7518 5555 44 / 7317 5555 44
लेन नंबर-4, गुरुधाम कॉलोनी, गुरुधाम क्रासिंग के पास, वाराणसी

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 8/174 ए-बी, अखरी, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160
www.sarthaksurgicalcentre.com e-mail: vinod_sarthak21@rediffmail.com

## 29 गांवों में 865 लाभार्थियों का बनेगा आवास

**बैरिया।** स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत कुल 30 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष सिर्फ चकगिरधर ग्राम में एक भी सरकारी आवास का निर्माण नही हो सकेगा। शेष सभी 29 ग्राम पंचायतों में 865 लाभार्थियों को पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए चयन किया गया है। 37 लाभार्थी ऐसे है, जिनका खाता आनलाइन मिलान नहीं हो पा रहा है। शेष 839 लाभार्थियों के खातों का सत्यापन हो चुका है। इनमें से 802 लाभार्थियों के खाते में प्रथम किस्त 40 हजार रुपये पहुंच चुका है। यही नहीं, कुल 306 लाभार्थियों के सापेक्ष 225 लाभार्थियों के खाते में द्वितीय किस्त 70 हजार भेजा जा चुका है। अब तृतीय किस्त के रूप में 10 हजार भेजना शेष रह गया है। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि सभी संबंधित सचिवों को निर्देशित किया गया है कि तत्कालीन लाभार्थियों के खाता मिसमैच हो रहा है, उसे दुरुस्त किया जाय। पीएम आवास का निर्माण शासन की मंशा के मुताबिक हो, इसका हर हाल में ध्यान रखा जाय।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान से नहीं होगा समझौता

**बोलीं केतकी सिंह**

### विधायक का एक वर्ष पूर्ण होने पर किया गया अभिनंदन



विधायक केतकी सिंह को स्मृति चिन्ह देते भाजपा नेता

**बांसडीह।** क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह का कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को भाजपा के मण्डल अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। बताते चले कि 10 मार्च 2022 को विधानसभा चुनाव की मतगणना हुई थी, जिसमे केतकी सिंह ने तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी को पराजित किया था। शुक्रवार को विधायक के कार्यकाल के एक वर्ष होने पर आयोजित कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्षों ने विधायक श्रीमती केतकी सिंह को स्मृति चिन्ह तथा अभिनंदन पत्र से सम्मानित किया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दुबे ने कहा कि बांसडीह विधानसभा में पहली बार कमल खिला है और क्षेत्र के लोगों को केतकी सिंह के रूप में विधायक मिला है। श्री दूबे ने कहा कि एक वर्ष में विधायक केतकी सिंह द्वारा जनहित में अनेक कार्य कराये गये है, जो सराहनीय है। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि हमारा संकल्प है कि बांसडीह विधानसभा प्रदेश में एक आदर्श विधानसभा बने। आजादी के बाद अब तक जो कार्य नहीं हुए है, वह जनहित में हो रहा है। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। केंद्र तथा प्रदेश में चल रही डबल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे, यही प्रयास रहेगा। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष प्रतुल कुमार ओझा, सतेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, दिनेश तिवारी, सिंताशु गुप्ता, राकेश गुप्ता, मेराज आलम, दीपक सिंह, योगेंद्र सिंह, शत्रुघ्न राव, रामशंकर साहनी आदि मौजूद रहे।

रिटेल डायरेक्टरी
महाशिवरात्रि पर सभी रुद्राक्षों एवं क्रिस्टल्स पर 20% की विशेष छूट
शिव रुद्राक्ष अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

जनसंदेश टाइम्स एजुकेशन डायरेक्टरी
We ensure Holistic Growth of yOur child...
S.G. Public School
Estd. 2002
Affiliated to C.B.S.E., 10 + 2, Co-Ed., Science & Commerce Stream (Physical Education & Computer Science Available)
ADMISSION OPEN!
SESSION 2023-24
for Montessori to Classes IX & XI
NO ADMISSION FEES
Montessori to Class 5th
UP TO 30 APRIL 2023

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**नाराजगी**

## क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के खिलाफ आकृष्ट कराया ध्यान

**सिकंदरपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक सिकंदरपुर के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। वही, मांगों से संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव को सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटललीजम की नीति के खिलाफ ध्यान आकृष्ट कराया।

ज्ञापन में बताया कि आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई एवं एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से देश के गरीब और मध्यम वर्ग के हितों की पक्षधर रही है। इन वर्गों के हितों के साथ किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कुठाराघात को हम सहन नहीं कर सकते। पार्टी का स्पष्ट मानना है कि सार्वजनिक संस्थानों जिसमें देश के करोड़ों गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के खून पसीने की कमाई लगी हुई है, उन्हें किसी भी स्थिति में व्यक्तिगत हाथों में नहीं सौंपा जाना चाहिए। मांग किया कि इस संबंध में केंद्र सरकार अपने स्तर से आवश्यक निर्देश जारी करें, जिससे देश के करोड़ों गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के हितों के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके। इस अवसर पर धीरेंद्र, आनंद मिश्रा, सुमंत मिश्रा, अभिषेक पाठक, ज्ञानदीप मिश्रा नन्हे, मनीष पाठक, मणि शंकर सिंह मिट्ठू, इस्लाह रहमान, देवेंद्र नाथ पांडे, रघु शर्मा, अमित उपाध्याय, शंभूनाथ सिंह, भोला, विशाल गोंड, परशुराम खरवार, रितिक कुमार आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता

# मोबाइल पर मिलेगी बिजली की सूचनाएं

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जिले में बिजली विभाग के करीब 3.5 लाख उपभोक्ता हैं। विद्युत वितरण निगम उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करा रहा है। जिले में अब तक करीब 70 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जा चुकी है। इसके जरिये उपभोक्ताओं को अब आपूर्ति बाधित रहने सहित बिजली बिल और योजना के बारे में मोबाइल पर जानकारी मिलेगी।

बैंक, रसोई गैस कनेक्शन, पेंशन और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अभी तक लाभार्थियों को ई-केवाईसी करानी पड़ती थी, लेकिन अब बिजली उपभोक्ताओं पर भी यह लागू हो गया है। हालांकि इसमें आधार सत्यापन की जरूरत नहीं पड़ती है। विद्युत निगम द्वारा शुरू की गई ई-केवाईसी व्यवस्था में उपभोक्ताओं को मोबाइल, व्हाट्सएप और ई-मेल ही दर्ज कराना होता है। उपभोक्ताओं की केवाईसी कराने के लिए बिजली कर्मी घर-घर जाकर उनकी जानकारी इकट्ठा कर चुके हैं। फरवरी माह की समाप्ति तक 70 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता केवाईसी करा चुके हैं। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता एके अग्रवाल ने बताया कि उपभोक्ताओं की केवाईसी कराने वाले उपभोक्ताओं को आनलाइन तमाम प्रकार की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी।

**मिलेंगी ये सुविधाएं**

- मोबाइल पर मिलेगा मासिक बिजली बिल।
- कटौती व आपूर्ति से संबंधित अन्य जानकारी।
- मोबाइल पर मिलेगा आनॅलाइन भुगतान के लिए क्यूआर कोड।
- 1912 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने में मिलेगी सहूलियत।
- बिल के साथ ऑनलाइन भुगतान के लिए मिलेगा उपभोक्ता को क्यूआर कोड।

**संक्षेप**

### बिल्थरा रोड से लखनऊ तक बस सेवा का शुभारम्भ



**बिल्थरा रोड।** उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर बिल्थरा रोड रोडवेज बस डिपो से शुक्रवार को लखनऊ राजधानी बस सेवा शुरू किया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आरबी विश्वकर्मा ने इस नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया। यह बस बेल्थरा रोड से प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे रसड़ा, आजमगढ, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए दोपहर 03:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। 7 घंटे में प्रतिदिन यह बस 723 किमी की यात्रा तय करेगी और शाम को 07:30 बजे से लखनऊ से खुलकर सुबह 3 बजे फिर बिल्थरा रोड डिपो पहुंचेगी। बेल्थरा रोड से लखनऊ जाने के लिए मिली नई बस सेवा के शुभारंभ के मौके पर यातायात निरीक्षक यशवंत सिंह, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी ममता देवी, फोरमैन नवीन वर्मा, विनय कुमार श्रीवास्तव, विशाल कुमार, चालक राजेंद्र प्रसाद, परिचालक शिवजी प्रसाद, हरि निवास शुक्ला, राम मूरत समेत अनेकों रोडवेज बस डिपो एवं परिवहन विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### तहसील में नहीं शुरू हो पाया ग्राम न्यायालय, लोगों में नाराजगी

**बिल्थरारोड।** तहसील में नहीं शुरु हो पाया ग्राम न्यायालय अधिकारी और अधिवक्ताओं में नाराजगी इलाके से लोग परेशान पिछले 6 माह पूर्व तहसील भवन में ग्राम न्यायालय बनकर तैयार होने के बावजूद अब तक नहीं हो पाया इससे इलाके के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। तहसील बार एसीएसयन के अध्यक्ष एडवोकेट सरफराज अहमद का कहना है कि ग्राम न्यायालय को तैयार हुए 2 वर्ष हो चुके हैं। इसको लेकर प्रतिनिधि मंडल जिला जिला जज से भी मुलाकात की है, जिसमें उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट की गाइडलाइन आते ही से चालू कर दिया जाएगा। परंतु 6 महीने बाद भी मामला अभी अटका हुआ है। जिसके कारण वादीकारी को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह सब ढकोसला है अधिकारियों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। और कुछ नहीं अधिवक्ता अनवर सादात भी इसे लीपापोती बताते हैं कहते हैं। कि यदि इसको लेकर सरकार गंभीर रहते तो कब का शुरू हो चुका होता। अधिवक्ता दिलीप कुमार जयसवाल ने भी कहते हैं। कि इसको लेकर शरीफ हो हल्ला हो रहा है तथा पैसे का अपव्यय हो रहा है। एडवोकेट सहती राजभर भी अन्य अधिवक्ताओं की बातों से सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि इससे अब तक शुरू हो जाना चाहिए था अधिवक्ता वह भाजपा नेता देवेंद्र कुमार गुप्ता का कहना है कि तहसील भवन में ग्राम न्यायालय बनकर तैयार हो चुका है इसके शुरू होने से वादकारियों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है क्योंकि इन्हें न्याय के लिए 65 से 70 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय पर जाने को मजबूर होना पड़ता है उन्होंने उच्चधिकारियों से जनहित में इसे अति शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने ली बैठक




**बलिया।** आगामी 13 मार्च को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। बैठक की अध्यक्षता डीएम रविन्द्र कुमार ने की। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम सकुशल संपन्न कराए जाए। किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आनी चाहिए। सभी वीडीओ का कार्य ब्लॉक वार बाट दिए जाएं। साथ ही वैवाहिक जोड़ों को जो भी सामान और ऑर्नामेंट दिया जाए उनकी गुणवत्ता पहले से ही परख ली जाए। गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि वैवाहिक जोड़ों के साथ आने वाले परिवार जनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था, साथ ही उनके ठहरने की व्यवस्था पहले से कर लीजिए। मुख्य अतिथि के लिए अलग से मंच बनाया जाए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अलग से मंच बनाया जाए। डीएम ने कहा विवाह पूरे रीति रिवाज से कराया जाए। किसी प्रकार की अव्यवस्था ना होने पाए। वैवाहिक जोड़ों को सारी सुविधाएं दी जाए। उनके भोजन आदि की व्यवस्था ठीक से कराई जाए। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि लोगों के लिए शौचालय, पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक रखी जाए।

### कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बांसडीह।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव अभिजीत तिवारी सत्यम के नेतृत्व में शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि देश की भाजपा सरकार में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं, जिसमें देश गहरे आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई एवं एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। इसमें गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों रुपए की मेहनत की कमाई जोखिम में है। कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के गरीब और मध्यम वर्ग का पक्षधर रही है। इन वर्गों के हितों के साथ किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कुठाराघात को हम सहन नहीं कर सकते। हमारा स्पष्ट मानना है कि सार्वजनिक संस्थानों जिसमें देश के करोड़ों गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के खून पसीने की कमाई लगी हुई है, उन्हें किसी भी स्थिति में व्यक्तिगत हाथों में नहीं सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के हितों के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकने की मांग की है। इस अवसर पर विद्या शंकर पाण्डेय, अरुण राजभर, संजीव गुप्ता, राजू राय, मिथिलेश यादव आदि मौजूद रहे।

### स्वीकृत ऋण को दो घंटे में कर दिया अस्वीकृत



**सिकन्दरपुर।** आम तौर पर बैंकों द्वारा व्यक्तियों या संस्थाओं का लोन फाइल अस्वीकृत कर देना तो आपने कई बार सुना होगा। अब बड़ौदा यूपी बैंक से जुड़ा एक नया मामला सामने आया है, जिसे सुनकर आप भी सोचने को मजबूर हो जाएंगे। ताजा मामला तहसील क्षेत्र के बंशीबाजार स्थित ज्ञानकुंज एकेडमी का हैं। शुक्रवार को ज्ञानकुंज एकेडमी के प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने पत्रकार वार्ता में बड़ौदा यूपी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बलिया-1 पर जमकर निशाना साधा। संस्थान के प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र सिंह की मानें तो बड़ौदा यूपी बैंक शाखा माल्दह, बघुड़ी मे संस्थान का 1 करोड़ 36 लाख रूपया फिक्स डिपजिट के रूप में जमा हैं। इसके बावजूद संस्थान को नुकसान पहुंचाने व शोषण करने के उद्देश्य से 50 लाख का तरल प्रतिभूति बैंक को देने के बाद भी क्षेत्रीय प्रबंधक बलिया-1 द्वारा पहले तो ज्ञानकुंज एकेडमी को 24 लाख का एक ऋण आवेदन स्वीकृत कर दिया गया, लेकिन उसके तत्काल दो घंटे बाद ही बिना किसी सुचना व नोटिस के बिना ही 3 मार्च 2023 को जान बुझकर क्षेत्रीय प्रबंधक बलिया-1 द्वारा स्वीकृत ऋण आवेदन को अस्वीकृत भी कर दिया गया। इस दौरान डॉ. सिंह ने इस मामले मे क्षेत्रीय प्रबंधक बलिया-1 के कृत्यों पर घोर निन्दा करते हुए इसे आर्थिक अपराध की संज्ञा दी। बताया कि क्षेत्रीय प्रबंधक बलिया-1 द्वारा इस मामले में किए जा रहे घोर शोषण के खिलाफ बड़ौदा यूपी बैंक के चेयरमैन, वित्त मंत्रालय सहित पीएम कार्यालय को भी शिकायती पत्र भेजकर इस मामलें की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### दर्जनों ग्राम प्रधानों ने शासन को लिखा पत्र

**सिकन्दरपुर।** तहसील क्षेत्र के बघुड़ी स्थित पीएचसी में हो रही विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं को लेकर हरनाटार, माल्दह, बेलसड़ी, तिलौली, कुण्डीडीह, हरदिया जमीन, करसी, चन्दाडीह, तेन्दुआ व बघुड़ी सहित दर्जनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों ने प्रदेश सरकार से लेकर सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल इस पर सार्थक पहल करने की मांग किया है। पत्र में प्रमुख रूप से 11 सूत्रीय मांगे की गई है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक भी एमबीबीएस डाक्टर का ना होना, स्वास्थ्य केंद्र पर एक भी महिला चिकित्सक का ना होना, आपातकालीन व प्रसव के मामले में स्वास्थ्य कर्मियों का उपलब्ध नहीं होने, स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग 80 कर्मचारियों में से मात्र तीन से चार कर्मचारियों का मौजूद रहना, स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी व कुछ अन्य कर्मचारियों का नियमित रूप से ना आना, स्वास्थ्य केंद्र से बीपीएमयू कार्यालय को हटाकर सिकन्दरपुर से संचालित करना तथा प्रसव आदि का रजिस्टर इत्यादि भी सिकन्दरपुर रखना, स्वास्थ्य केंद्र पर नसबंदी कैम्प ना लगाना, प्रसव के पंजीकरण के लिए 500 अवैध रूप से लिया जाना, आएदिन स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस का खराब रहना, स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी का महीने में सिर्फ एक या दो बार आना, सभी कार्यक्रमों को दूसरे जगह से संचालित करना व स्वास्थ्य केंद्र पर भवनों के रख-रखाव के लिए आने वाले पैसे मे घोर धांधली करना शामिल है। इस संबंध में ग्राम प्रधानों का कहना है कि इस बारे में कई बार शिकायती पत्र दिया गया। बावजूद इसके अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम प्रधानों द्वारा यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर तत्काल हमारी मांगों पर विचार कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो 13 मार्च से क्रमिक अनशन शुरू होगा। इसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं होती है तो क्षेत्रवासी भूख हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे।

### बलिया-आरा रेल लाइन के निर्माण की कवायद शुरू

**बैरिया।** आजादी के बाद उत्तर प्रदेश को बिहार से सीधा सम्पर्क के लिए राह-घाट की दुरुहता से अब निजात मिलने वाला है। फिलहाल आरा-बलिया के बीच रेल लाइन के निर्माण की कवायद दोनों प्रान्तों के लिए ऐतिहासिक कार्य है। यह दो प्रान्तों के बीच ड्रीम प्रोजेक्ट साबित होगा। इस कार्य के होने से 1857 की क्रांति के योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह और बागी बलिया के मंगल पांडेय के इलाके आपस में सीधी रेल सेवा से जुड़ जायेंगे। इससे यूपी और बिहार के बीच रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे। साथ ही आर्थिक व व्यवसायिक लाभ भी दोनों राज्यों के लोगों को मिलेगा। बिहार के भोजपुर और बक्सर के अलावा यूपी के बलिया जिले के विभिन्न हिस्सों के लोगों को लाभ मिलेगा। इस परियोजना से दोनो प्रान्तों के सम्बन्ध भी मधुर होंगें। इससे गंगा किनारे दियारा इलाके के लोगों को भी रेल यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। आरा-बलिया रेल मार्ग के नए रूट से भोजपुर के उदवंत नगर, आरा सदर, शाहपुर के कई गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। भोजपुर के शाहपुर प्रखंड का धमवल हाल्ट बनेगा। इस जगह से सोहियां, बरीसवन, चमरपुर सहित कई गांवों के लोगों का बलिया जाना आसान हो जायेगा। वहीं, उमरावगंज से गौरा, करजा, बहोरनपुर सहित अन्य गांवों के लोग लाभान्वित होंगे।

# सामान्य सीट पर तीन बार रहा पिछड़ों का कब्जा

रोशन जायसवाल

**बलिया।** नगर पालिका परिषद बलिया में 1995 से अब तक यदि गौर करे तो चेयरमैन पद पर दो बार सामान्य व तीन बार पिछड़ा वर्ग के नेताओं का रहा कब्जा। 1995 में दूसरी बार भाजपा से हरेराम चैधरी सामान्य सीट पर चुनाव जीते। उसके बाद सन 2000 में सामान्य सीट पर लक्ष्मण गुप्ता निर्दल अध्यक्ष पद का चुनाव जीते। 2007 में सामान्य सीट पर बसपा समर्थित चेयरमैन पद के प्रत्याशी संजय उपाध्याय चुनाव जीते। 2012 में सामान्य महिला सीट पर साधना गुप्ता सपा समर्थित चुनाव जीती। 2017 में सामान्य सीट पर निर्दल प्रत्याशी के रूप में अजय कुमार समाजसेवी चुनाव जीते। अब देखना यह होगा कि होने वाले निकाय चुनाव में इस बार क्या आरक्षण आता है? वैसे दिसम्बर 2022 में सामान्य महिला सीट के लिए बलिया नगर पालिका का चेयरमैन पद आरक्षित हुआ। उसके बाद आरक्षण का मामला कोर्ट में चला गया, जिसके कारण चुनाव की तिथि फाइनल नहीं हो पायी। पिछड़ा वर्ग आयोग के सर्वे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रिपोर्ट सौंपी है, जिसे कैबिनेट में मंजूरी के लिए बैठक बुलाई गयी। अब देखना यह होगा कि आने वाले आरक्षण में बलिया के चेयरमैन पद का सीट पिछड़ा होता है या सामान्य। वैसे सम्भावना यह है कि अगले सप्ताह आरक्षण की सूचना आयेगी।

**दावेदार हुए रेस : बलिया।** विभिन्न राजनैतिक दलों से टिकट के लिए जोर आजमाइश कर रहे नेताओं ने फिर एक बार मैदान में जोर आजमाइश करना शुरू कर दिया है। वैसे सबसे ज्यादा दावेदार भाजपा से है। उसके बाद सपा से भी कई दावेदार टिकट की लाइन में है। अब देखना यह होगा कि किस दावेदार को पार्टी का सिम्बल मिलता है। वैसे सब दावा कर रहे है कि पार्टी का सिम्बल हमें मिलेगा।

### बांसडीह में 1995 से 2017 तक के चेयरमैन

**बांसडीह।** नगर पंचायत बांसडीह के गठन के बाद यह सीट सामान्य एवं सामान्य महिला ही रहा है। वर्ष 1995 में संजय कुमार सिंह की माता श्रीमती शकुंतला देवी महिला चेयरमैन बनी। वर्ष 2001 में नन्दलाल सिंह चेयरमैन बने। वर्ष 2006 में धीरेन्द्र बहादुर सिंह चेयरमैन बने। वर्ष 2012 में पुनरू नन्दलाल सिंह की पत्नी मनोरमा सिंह चेयरमैन बनी, लेकिन कुछ समय बाद ही आसमायिक निधन से नगर पंचायत रिक्त हो गया। वर्ष 2013 में हुए उपचुनाव में सुनील कुमार सिंह चेयरमैन बने। वर्ष 2017 में रेनू सिंह चेयरमैन रही है।

### चितबड़ागांव के अब तक रहे चेयरमैन

**बलिया।** नपं चितबड़ागांव वर्ष 1995 में सामान्य सीट पर अभिराम सिंह दारा चुनाव जीते। वर्ष 2000 में सामान्य सीट पर केशरी नन्दन त्रिपाठी व 2007 में सामान्य सीट पर आदित्य नारायण कनकन, 2012 सामान्य महिला सीट पर पार्वती देवी जीती। उसके बाद 2017 में सामान्य सीट पर केशरी नन्दन चुनाव जीते।

### बेल्थरारोड के चेयरमैन

**बलिया।** 1995 में अनिल कुमार, वर्ष 2000 में अशोक मधुर, वर्ष 2007 में हरि प्रकाश, वर्ष 20012 में सामान्य सीट से दिनेश गुप्ता, वर्ष 2017 पिछड़ी सीट से पुनः दिनेश कुमार गुप्ता चेयरमैन बने।

### रसड़ा के चेयरमैन

**बलिया।** नपा रसड़ा में 1995 में पिछड़ा वर्ग सीट से वशिष्ठ नारायण सोनी चेयरमैन बने। वर्ष 2000 में पिछड़ा वर्ग महिला सीट से मोती रानी सोनी, वर्ष 2007 में सामान्य सीट से वशिष्ठ नारायण सोनी, 2012 में सामान्य सीट से वरिष्ठ नारायण सोनी तथा 2017 में पिछड़ा महिला सीट से मोती रानी सोनी चुनाव जीती।

### मनियर नगर पंचायत में अब तक ये रहे चेयरमैन

**बलिया।** 1995 में पिछड़ी सीट से मोहम्मद मोबिन साहब, वर्ष 2000 में पिछड़ी सीट से प्रदीप कुमार गुप्ता, वर्ष 2007 में सामान्य सीट से संजय सिंह, 2012 में सामान्य सीट से संजय सिंह, वर्ष 2017 में पिछड़ी वर्ग सीट से भीम गुप्ता चेयरमैन बने।

### सहतवार नपं में ये रहे चेयरमैन

**बलिया।** सहतवार नपं वर्ष 1995 में सामान्य सीट से बद्रीनाथ सिंह, वर्ष 2000 सामान्य सीट से नरेन्द्र सिंह, वर्ष 2007 में सामान्य सीट से बद्रीनाथ सिंह, वर्ष 2012 में सामान्य सीट से स्वर्णप्रभा सिंह, वर्ष 2017 में सामान्य महिला सीट से सरिता सिंह चुनाव जीती।

### रेवती में अब तक रहा ऐसा रहा आरक्षण

**रेवती।** स्थानीय नगर पंचायत में 1995 में सामान्य सीट से मंजू शर्मा चेयरमैन रही। उसके बाद 2005 में सामान्य सीट से सुरेश चन्द शर्मा चेयरमैन रहे। 2007 में सामान्य सीट से रामेश्वर नाथ तिवारी चेयरमैन रहे। 2012 में सामान्य सीट से जयश्री पाण्डेय चेयरमैन रही। 2017 में फिर सामान्य महिला सीट पर जयश्री पाण्डेय ने कब्जा जमाया।

### सिकन्दरपुर में अब तक ये रहे चेयरमैन

**बलिया।** नगर पंचायत सिकन्दरपुर 1995 में सामान्य सीट पर देवेन्द्रनाथ आर्य, 2000 में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला से विमलावती चैहान चेयरमैन रही। 2007 में सामान्य महिला सीट से रविन्द्र प्रसाद चेयरमैन रहे। वर्ष 2012 में महिला सामान्य सीट से सावित्री देवी चेयरमैन बनी। वर्ष 2017 में पिछड़ा वर्ग सीट से रविन्द्र प्रसाद चेयरमैन हुए।

**संक्षेप**

### महिलाओं को सशक्त किए जाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**मऊ।** जनपद न्यायाधीश रामेश्वर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को मोहम्मदाबाद गोहना एवं घोसी के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर महिलाओं को सशक्त किए जाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविरों के दौरान वक्तागणों द्वारा उपस्थित आशा बहुओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, महिला पुलिस कर्मियों, महिला शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को भारतीय संविधान में वर्णित महिला के अधिकारों एवं संरक्षण के प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। महिलाओं के विभिन्न प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु जनपद में स्थापित सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर एवं अन्य सहायक संस्थानों के माध्यम से महिला समस्याओं के समाधान हेतु भली-भांति अवगत कराया गया। बालिकाओं एवं महिलाओं के हितों की रक्षा हेतु भारतीय दंड संहिता 1860, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 एवं पास्को एक्ट के उन प्रावधानों से अवगत कराया गया। शिविर के दौरान उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, नामित रिसोर्स परसन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, प्रभारी अधिकारी, महिला थाना, चिकित्सक, महिला एवं बाल कल्याण, वन स्टाफ सेन्टर सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत महिलाएं, पैरा लीगल वालंटियर तथा आम जनमानस उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में लगी आग आधे घंटे खड़ी रही लिच्छवी एक्सप्रेस

**इन्दारा, मऊ।** इंदारा पूर्वी रेलवे क्रासिंग 4 सी के पास शुक्रवार को दोपहर झाड़ियों में अचानक भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही रेलवे के आला अफसरों में हड़कंप मच गया। तेज आग की लपटें रेलवे ट्रैक की ओर बढ़ती देख आ रही लिच्छवी एक्सप्रेस के लोको पायलट कुछ दूरी पर ही ट्रेन को रोक दिया। उसके बाद सूचना स्टेशन मास्टर को दी। इससे रेल अधिकारियों में अफरातफरी मच गई।

सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर चैकी प्रभारी एचएन तिवारी अपने दल बल के साथ पहुचकर आस पास के लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब आधे घंटे बाद लिच्छवी एक्सप्रेस को धीमी गति से निकाला गया। इंदारा पूर्वी रेलवे क्रासिंग 4 सी सिवान के पास शुक्रवार को दोपहर झाड़ियों में अचानक भीषण आग लग गई। लाइन के किनारे धुआं उठने लगा। तभी लिच्छवी एक्सप्रेस भी आ गई। लोको पायलट दूर से ही लाइन किनारे धुंआ व आग की लपटें देख ट्रेन को कुछ दूर पहले ही रोक दिया। आग देख यात्रियों में अफरा तफरी मच गया। उसके बाद लोको पायलट ने सूचना स्टेशन मास्टर को दी।



इससे रेल अधिकारियों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर चैकी प्रभारी एचएन तिवारी अपने दल बल के साथ पहुचकर आस पास के लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब आधे घंटे बाद लिच्छवी एक्सप्रेस को धीमी गति से निकाला गया। लोगों ने ट्रैक के किनारे उगी घास और झाड़ियों से आग की लपटें उठती दिखीं। आग रेलवे ट्रैक की ओर बढ़ती देख चैकी प्रभारी लोगो को लेकर बाल्टी और जग से पानी आग पर डालने लगे और बॉस से झाड़ियों को पीट पीटकर आग पर काबू किए। चैक प्रभारी एचएन तिवारी की माने तो किसी व्यक्ति ने कोई जलती वस्तु या बीड़ी सिगरेट आदि फेंकी होगी, जिससे आग लग गई, जिसने बाद में भीषण रूप ले लिया।

### प्रत्येक गांव में कराया जायेगा विकास कार्य : रिजवी

**सिकंदरपुर।** क्षेत्रीय विधायक जियाउद्दीन रिजवी के प्रयास से थाना सिकंदरपुर के अंतर्गत ग्राम खरीद में पुलिस चौकी स्वीकृत होने के बाद लोगों ने खुशी जाहिर की। खरीद-दरौली घाट पर बनने वाले पक्के पुल की सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी अति आवश्यक थी। यह क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से सार्थक होने जा रहा है। विधायक ने बताया कि सतत प्रयास करने के बाद पुलिस चौकी स्वीकृत हुई है। सिकंदरपुर को विकास एवं रोजगार से जोड़ने के लिए मंडी समिति का निर्माण अति आवश्यक था। मंडी समिति के निर्माण कार्य हेतु टेंडर प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। मंडी बन जाने से व्यापारियों एवं किसानों को हर सुविधा सिकंदरपुर में उपलब्ध होगी। बताया कि क्षेत्र के असना गांव के मल्लाह बस्ती के पास बड़ी पुल का निर्माण होने जा रहा है। सिकंदरपुर विधान सभा क्षेत्र में बनने वाले जननायक स्पोर्ट्स कालेज के निर्माण हेतु मेरे अथक प्रयास से इस बजट में लगभग सात करोड़ आवंटित किया गया है। सिकंदरपुर विधान सभा में विकास कराना मेरी प्राथमिकता है। मै विकास को ही ध्येय बनाकर चला हूं। इस सरकार में धनाभाव के कारण बड़ी-बड़ी परियोजनाओं का काम नहीं हो पा रहा है। मैने विधायक निधि से ही गांव में कुछ न कुछ विकास कराने का प्रयास किया है। यह कुछ दिनों में दिखाई देने लगेगा।

# दबंगों ने पुलिस कर्मियों के साथ की मारपीट

**विवाद**

### सात नामजद एवं कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**बलिया।** होली के दिन दो लोगों के विवाद में पुलिस को हस्तक्षेप करना महंगा पड़ गया। वे लोग पुलिस कर्मियों से ही भिड़ गये। एक पक्ष के लोग तो मौके से भाग निकले, लेकिन दूसरे पक्ष के लोगों ने पुलिस से ही मारपीट शुरू कर दिया। इससे दोनों पुलिस के जवान जख्मी हो गए। उनका इलाज पीएचसी नगरा पर कराया गया। वहीं, पुलिस ने कांस्टेबल की तहरीर पर सात नामजद और कुछ अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

नगरा थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल संजय कुमार सिंह एवं कांस्टेबल रामअवतार पटेल होली के दिन बुधवार को खरुआंव गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की ड्यूटी में गए थे। गांव में दो लोग आपस में लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो एक तो भाग गया, लेकिन दूसरे पक्ष का प्रदीप राजभर निवासी खरुआंव पुलिस के जवानों से भिड़ गया। उसके हल्ला करने पर दर्जनों लोग पहुंच गए और उन पर लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान दोनों जवान जख्मी हो गए। किसी तरह मामला शांत हुआ। मामले में पुलिस ने कांस्टेबल संजय कुमार सिंह की तहरीर पर प्रदीप राजभर, चौधरी राजभर, मिथुन कुमार, झुन्ना राजभर, चुनमुन राजभर, मुकेश राजभर, अमरजीत राजभर निवासीगण खरुआंव, थाना नगरा एवं कुछ अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। थानाध्यक्ष नगरा बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

## पीआरडी स्वयं सेवकों के डाटा फीडिंग कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च

**मऊ।** जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी चीनू कुमार सिंह ने बताया कि महानिदेशक, प्रान्तीय रक्षक दल/विकास दल एवं युवा कल्याण उ.प्र. लखनऊ द्वारा प्रान्तीय रक्षक दल में वैध रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किये पीआरडी स्वयं सेवकों को डाटा फीडिंग हेतु अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए अन्तिम रूप से 31 मार्च तक का समय निर्धारित किया गया है। जिसके क्रम में प्रान्तीय रक्षक दल में वैध रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किये जनपद के अवशेष पीआरडी स्वयं सेवक डाटा फीडिंग हेतु फाइल/अभिलेख को 31 मार्च तक जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी, के कार्यालय में उपलब्ध करा दें, अन्यथा की दशा में उक्त तिथि तक यदि किसी भी पीआरडी स्वयंसेवक द्वारा वांछित अभिलेख उपलब्ध नही कराया जाता है तो उन्हें अब अवसर नही प्रदान किया जायेगा तथा उन्हे प्रान्तीय रक्षक दल संगठन से वंचित माना जायेगा।

# पीएम/सीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत लाभार्थियों को किया गया प्रोत्साहित

**सम्मान**

### 40 लाभार्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र

### लाभार्थियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मऊ।** जिला विकास अधिकारी उमेश चंद तिवारी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड एवं मछुआ दुर्घटना बीमा के चयनित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र डीबीटी के माध्यम से 40 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रमाण पत्र एवं अनुदान वितरण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।



तत्पश्चात उक्त लाभार्थियों को थ्री व्हीलर आइस बॉक्स, मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स एवं साइकिल विद आइस बॉक्स देकर जिला विकास अधिकारी साथ में सहायक मत्स्य निदेशक रिचा चैधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहन निषाद, जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार, जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता, सहायक श्रम आयुक्त प्रभात सिंह, संतोष कुमार चैबे, राधेश्याम अतुल मत्स्य विभाग सहित चयनित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# शूटर अंगद राय के घर पुलिस का छापा

**कार्रवाई**

## माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का खासमखास था अंगद

## गवाह को धमकाने के बाद तलाश में जुटी पुलिस

**भांवरकोल।** योगी सरकार में चल रहे माफियाओं के खिलाफ अभियान में तेजी लाते हुए जिला पुलिस अपराधियों के घर छापेमारी शुरू कर दी है। माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के शूटरों और करीबियों के घर दबिश देकर तलाशी लेने के साथ ही पूछताछ की है। सीओ हितेंद्र कृष्ण के नेतृत्व में बीती रात कई थानों की पुलिस माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी शेरपुर खुर्द के शूटर अंगद राय के घर छापेमारी कर तलाशी ली। लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। इसके बाद पुलिस टीम जोगा मुसाहिब निवासी अमित राय के आवास पर छापेमारी कर परिवार के लोगों से पूछताछ की।

बतादें, माफिया मुख्तार के करीबी अंगद राय बहुचर्चित पुर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता राजेंद्र राय हत्याकाण्ड में सजा के बाद जमानत पर बाहर है। एक सप्ताह पूर्व रंगदारी मांगने के एक पुराने मामले में गवाह पप्पू गिरी को गवाही नहीं करने की धमकी के मामले में सदर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। इसके बाद से वह फरार चल रहा है।

**माफिया अंगद के करीबियों के घर दबिश**

पुलिस टीम ने शूटर अंगद राय के कुछ खास करिबियों घर छापेमारी कर आवश्यक सूचनाएं जुटाने में जुटी हुई है। गुरुवार की रात्रि सीओ के नेतृत्व में थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय, मच्छटी पुलिस चौकी प्रभारी ओंकार तिवारी तथा शेरपुर चौकी प्रभारी सहित थाने के सभी पुलिसकर्मियों के साथ शेरपुर खुर्द गांव के हरेराम यादव, चीनी यादव सहित गांव के अन्य कई समर्थकों के घर दबिश दी। सभी लोग अंगद के समर्थक के रूप में जाने जाते हैं।

> अपराधी का सुराग लगाने और उसकी गतिविधि की जानकारी के लिए उसके करीबियों के यहां संपर्क किया गया। थाने के कुख्यात अपराधियों के घर भी पहुंचकर उनकी जानकारी लेकर उन्हें चेतावनी दी गई।
>
> **थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय**

## जमीन के विवाद में चला ईंट-पत्थर,नौ पर एफआईआर

**भांवरकोल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर में शुक्रवार को सुबह जमीनी विवाद में जमकर ईंट पत्थर चला। इस घटना में एक पक्ष के उमाशंकर यादव का 16 वर्षीय पुत्र देव कुमार यादव ,अतुल कुमार यादव ,चंद्रशेखर गोड़ एवं मोनू सिंह यादव तथा दूसरे पक्षी रमाशंकर यादव नंद लाल यादव तथा अरुण यादव चोटिल हो गए। गुरुवार को गांव में सीसी मार्ग से बने खड़ंजे को चौड़ा करने के लिए कुछ लोग मिट्टी डालना शुरू किए गांव के रामाशीष यादव आदि ने उसे अपनी जमीन बताकर मिट्टी डालने से मना कर दिया। जबकि दूसरा पक्ष उसे गांव सभा की जमीन बताकर रास्ता बनाना चाहता था । गुरुवार को सुबह पुनः उस रास्ते पर एक पक्ष द्वारा कूड़ा आदि रखा जाने लगा , तभी दूसरे पक्ष से कहासुनी शुरू हो गई और देखते देखते जमकर ईंट पत्थर चलने लगे । थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि अतुल कुमार सिंह यादव की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# नगर निकाय चुनाव : आज से मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान

**तैयारी**

## 18 से 22 मार्च तक आपत्तियों का होगा निस्तारण

**गाजीपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग के अधिसूचना के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने निर्देश दिया है कि जनपद में नगरीय निकायों की निर्वाचन नामावली का निम्न समय सारिणी के अनुसार संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जायेगा। 11 से 17 मार्च तक ड्राफ्ट के रूप में प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण तथा दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त किया जाएगा। 18 से 22 मार्च तक दावे आपत्तियों का निस्तारण होगा। 23 से 31 मार्च तक दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की पाण्डुलिपियों की तैयारी तथा उन्हे पूरक सूची-1 में समाहित करना है। डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि जिस नागरिक की 01 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो गई है। वह अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के लिए दावा प्रस्तुत कर सकते है।

**एक अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन**

डीएम ने बताया कि 01 अप्रैल को अंतिम रूप से तैयार निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए प्रकाशन किया जायेगा। मतदाता अपना नाम सम्मिलित किये जाने के लिए 11 से 17 मार्च की अवधि में आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। निर्धारित अवधि में ही यदि मतदाता सूची में अंकित कोई मतदाता सामान्यतः जिस वार्ड का निवासी है उसका नाम उस वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित न होकर किसी अन्य वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित हो गया है तो उसके नाम को उससे सम्बन्धित वार्ड की मतदाता सूची में सम्मिलित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

# आईटीआई मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का होगा आयोजन

**गाजीपुर।** मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में जनपद में सोमवार को होने वाले मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत सामुहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को सामुहिक विवाह कार्यक्रम को प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होने पूरे विधि विधान से सामुहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देश दिया कहा कि सारी समुचित व्यवस्थाए पहले से कर ली जाये। कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों के स्वागत से लेकर उनके जल पान, मंच, मंडप,विवाह सामग्री, की व्यवस्थाएँ पहले से सुनिश्चित कर ली जाये। इसमे किसी स्तर की लापरवाही न हो। उन्होंने बताया कि जनपद में 277 जोडें वर-वधु मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह के परिणय सूत्र में बधेगें। यह कार्यक्रम आरटीआई मैदान नवीन स्टेडियम में सम्पन्न कराया जायेगा। जिसमें जनपद के समस्त विकास खण्डो व नगर पालिकाओ/नगर पंचायतों से चिन्हित पात्र जोड़ों को इस योजना का लाभ दिया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.रा अरूण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी सुजीत कुमार मिश्रा, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त ई.ओ नगर पालिका/पंचायत एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**नेक कार्य**

**सीडीओ ने मातहतों के साथ बैठक कर तैयारियों का लिया जायजा**

## हमलावरों ने मां पुत्री को पीटा तीन पर मुकदमा

**मरदह।** थाना के कंसहरी निवासी सुनीता देवी एवं उसकी पुत्री नेहा को हमलावरों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों घायलों का उपचार मरदह प्राथमिक स्वास्थय केंद्र पर कराया गया। सुनीता देवी की तहरीर पर मरदह पुलिस ने पड़िता गांव निवासी विवेक राम ,विशाल राम,चंद्रशेखर उर्फ वकील राम के खिलाफ मार-पीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

सुनीता देवी ने मरदह थाने में दी तहरीर में बताया कि गुरूवार की रात्रि में आठ बजे के लगभग अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी दौरान तीनो हमलावर पुरानी रंजिश को लेकर भद्दी गालियां देते हुए उसे एवं उसकी पुत्री को लाठी डंडे से मारा पीटा एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश कर रही है।

# सिटी रेलवे सोनवल तक मोटो ट्राली से परीक्षण

**सुहवल।** एनएईआर वाराणसी मंडल के सीनियर डीईएन क्वार्डिनेशन( वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय)राकेश रंजन एवं आरबीएनएल के सीपीएम विकास चंद्रा ने शुक्रवार को पहले चरण की इस परियोजना का सिटी स्टेशन से सोनवल तक मोटो ट्राली के जरिए सफल परीक्षण किया। इस दौरान अधिकारी द्वय घाट स्टेशन स्थित गेस्ट हाउस पहुंचे। जहां उन्होंने परियोजना के बाबत कांफ्रेंस हाल में मातहतों संग अब तक हुए कार्यों की प्रगति का हाल जाना। इस दौरान उन्हें प्रोजेक्टर के माध्यम से पहले चरण की परियोजना के हरेक प्वाइंट के बारे में प्रजेंटेशन दिया गया। ताडीघाट-मऊ नई रेल लाइन का शनिवार को पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के द्वारा डीजल इंजन ट्रायल किया जायेगा। अधिकारियों ने सख्त निर्देश दिया कि शनिवार कोहोने वाले डीजल इंजन ट्रायल में किसी तरह की कमी न रहे। आज रात तक हर कमियों पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी । इसके बाद अधिकारी द्वय का काफीला सिटी पहुंचा, वहां से सुखदेवपुर, झिंगुरपट्टी, चकफैज, होते हुए मोटो ट्राली से गंगा नदी पर बने रेल सह सड़क पुल का बारिकी से निरीक्षण किया। इसके बाद वह सीधे मोटी ट्राली से ही सोनवल के लिए जगह जगह निरीक्षण किया। इस दौरान चल रहे इलेक्ट्रिफिकेशन,सिग्नल आदि के कामों का जायजा लेने के साथ ही सुरक्षा के बाबत भी जानकारी ली। एनएईआर वाराणसी मंडल के सीनियर डीईएन क्वार्डिनेशन राकेश रंजन ने बताया कि शनिवार को डीजल इंजन ट्रायल सुनिश्चित है जो सिटी से लेकर सोनवल पर किया जायेगा। इस अवसर पर पीडी जीवेश ठाकुर ,सुनिल सिंह, अजय राय ,मैनेजर पवन कुमार सिंह, असिस्टेंट मैनेजर रितेश कुमार,राकेश कुमार,डीडी उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।



ताड़ीघाट-मऊ नई रेल लाइन का निरीक्षण करते क्वार्डिनेशन राकेश रंजन एवं सीपीएम विकास चंद्रा।

# राजनैतिक पार्टियों के सौदों से बचें शिक्षक

**बैठक**

## वित्तविहीन शिक्षक महासभा के तत्वावधान में शिक्षक महासम्मेलन का आयोजन

**गाजीपुर।** वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अब हम सबको जगाना पड़ेगा अन्यथा कोई हम लोगों कि सुधि लेने वाला नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष शुक्रवार को खजुरिया स्थित एक पैलेस में वित्तविहीन शिक्षक महासभा के तत्वाधान में आयोजित शिक्षक महासम्मेलन में उक्त बातें कहें।

प्रधान महासचिव जियारत हुसैन ने कहा कि अब राजनैतिक पार्टियों के सौदा करने वालों से बचना पड़ेगा। एकता बनाकर अपनी आवाज आज जो गाजीपुर से उठी है यह गाजियाबाद तक पहुँचकर सरकार तक पहुंचनी चाहिए। उच्च न्यायालय में जो संघर्ष हम आप लड़ रहे है।

भगवान चाहा तो परिणाम सुखदायी ही आने वाला है। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा ने कहा कि वित्तविहीन साथियों के कल्याण के लिए हम सदैव तैयार है। भविष्य में शिक्षकों की सभी लड़ाई में कदम से कदम मिलाकर चलुंगा। डॉ. वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह परिहार ने कहा कि हम वित्तविहीन की दशा एक बधूवाँ मजदूर जैसी हो गयी है इससे मुक्ति के लिए हमे एकजूट होकर संघर्ष करना पड़ेगा। संचालन जियारत हुसैन, अनिल पाण्डेय, अरविन्द कुशवाहा ने किया।



शहर के एक पैलेश में शिक्षकों को संबोधित करते पंकज दूबे।

**सम्मेलन में प्रदेश स्तर के लोग**

सम्मेलन में सत्यराम यादव इटावा, डॉ. ज्ञान सिंह इलाहाबाद, लाल बहादुर देवरिया, पारस राय, पंकज दूबे, आमिर अली, मसीउद्दीन कुरैशी, दिनेश सिंह, अजय कुशवाहा, राजेश यादव, नरसिंह यादव, वीरेन्द्र यादव, राधेश्याम यादव, रामप्रकाश यादव, रिंकू सिंह, शैलेन्द्र सिंह, बी.के. चौहान, वीरेन्द्र चौहान, रमेश यादव, मुसाफिर यादव, बन्धन यादव, अमरजीत राजभर, रामजन्म यादव, राजेन्द्र पाण्डेय, अजीत कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, रविन्द्र मौर्या पल्कू यादव, संजय कुशवाहा, रामानुज सिंह, व्यासमुनी राय, बृजेश कुशवाहा, बृजेश यादव, सुशील सिंह, रविन्द्र शास्त्री, जय प्रकाश गुप्ता सहित हजारों शिक्षकों के भाग लिया।

**वित्तविहीन शिक्षक की दशा बहुत दयनीय**

शिक्षक सम्मेलन में संयुक्त शिक्षक निदेशक वाराणसी मण्डल डा.प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि वित्तविहीन शिक्षकों की पीड़ा को बहुत करीब से अनुभव किया हूँ। वित्तविहीन शिक्षक जीतना परेशान है उतना आज कोई का परेशान नहीं है।पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक व वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ डॉ ओपी राय ने कहा कि वित्तविहीन शिक्षक की दशा बहुत ही दयनीय है। विद्यालय भ्रमण के दौरान देखा हूँ कि वित्तविहीन शिक्षक इस विषम परिस्थिति में भी मेहनत व लगन से बच्चों को शिक्षा देने का काम करते है। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी ने कहा कि वित्तविहीन शिक्षकों की समस्या गंभीर है।

# प्रधान की उल्लेखनीय कार्य पर डीएम ने किया सम्मानित

**जनसंदेश न्यूज**

**सेवराई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलाधिकारी का आर्यका अखौरी द्वारा भदौरा ब्लाक के अंतिम छोर पर कर्मनाशा नदी के तटवर्ती सायर गांव के महिला प्रधान सुमन देवी को महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन व सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा दिए गए प्रशस्ति पत्र से उत्साहित घरेलू महिला के रूप में गांव का प्रतिनिधित्व करने वाली सुमन देवी ने बताया कि जिलाधिकारी के हाथों से जिला मुख्यालय पर जनपद के कोने-कोने से आए गणमान्य लोगों के सामने इस तरह से सम्मान मिलने से काफी प्रसन्न हूं। इससे मेरे आत्मबल को काफी ऊर्जा मिला है। मैं अब और अधिक उत्साह के साथ गांव की महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन सहित सशक्तिकरण के क्षेत्र में लोगों को जागरूक कर समाज के मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित करूंगी। जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने से गांव के लोगों ने भी प्रधान के उल्लेखनीय कार्य का भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उत्साहित नजर आए।



जिलाधिकारी आर्यका अखौरी से सम्मानित होती प्रधान सुमन देवी।

# अप्रोच धंसने से पुल से आवागमन हो रहा मुश्किल

**जनसंदेश न्यूज**

**बारा।** दो गांवों को जोड़ने वाला कुतुबपुर गांव के पास कर्मनाशा नदी के नाले पर स्थित पुल अप्रोच के धंसने से आवागमन मुश्किल हो गया है। इससे गांववासियों को काफी संकट का सामना करना पड़ रहा है। यही पुल कुतुबपुर गांव को रेवतीपुर - पथरा, गहमर - बारा मार्ग से जोड़ता है। दर्जनों बार उठाई गई शासन - प्रशासन में आवाज भी अनसुनी कर दी गई। कुतुबपुर गांव में कर्मनाशा नदी नाले पर लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2016 में 62 मीटर लंबे पुल का निर्माण हुआ था। पुल का एप्रोच आधा - अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया। गांव के लोगों का 24 घंटे इस पुल से आना जाना लगा रहता है। कुतुबपुर गांव के तरफ पुल के एप्रोच में गड्ढा हो गया है। चार पहिया वाहन से गुजरना बेहद कठिन है। कुछ वर्ष पहले विभाग द्वारा ग्रामीणों के विरोध - प्रदर्शन करने पर ईंट का टुकड़ा डालने के बाद मिट्टी पाट दिया गया था। बरसात के बाद मिट्टी नीचे धंस गई। इसकी वजह से लोगों को दो पहिया वाहन ले जाने में भी दिक्कत हो रही है। कुतुबपुर गांव निवासी जयप्रकाश राय, राहुल राय, भुल्लन यादव, रविंद्र राय, संतोष राय, बालभगवान सहित अन्य ग्रामीणों ने तत्काल पुल के एप्रोच मार्ग के निर्माण की मांग की है। चेतावनी दी कि अगर पुल का एप्रोच निर्माण जल्द नहीं कराया गया तो वह लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।



कर्मनाशा नदी के नाले पर पुल का खतरनाक अप्रोच।

## ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनी गई फरियाद

**मरदह।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत जगदीशपुर अवतार गांव के प्राथमिक विद्यालय व कलौरा गांव स्थित मिनी सचिवालय पर शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर जगदीशपुर अवतार गांव में ग्राम पंचायत अधिकारी अवधेश खरवार ने 25 ग्रामीणों की समस्याएं सुन उसके निराकरण हेतु प्रयास किया। कहा कि ग्राम पंचायतों के विकास एवं सरकार द्वारा चलायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने एवं उसकी जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराने के उद्देश्य से चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शासन की मंशा के अनुसार शौचालय,आवास,पेंशन सहित आदि सुविधाओं का लाभ पात्रों देने के साथ ही ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को गति देने का कार्य किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसको ग्रामीणों के सहयोग से ही पूर्ण किया जाना है। इस मौके पर नोडल अधिकारी नवीन कुमार सिंह,ग्राम प्रधान नंदकुमार चौहान, सहायक पंचायत प्रीती यादव, लक्ष्मी देवी, प्रह्लाद राम आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में कलौरा गांव के मिनी सचिवालय पर लगे चौपाल में ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश प्रजापति ने 30 ग्रामीणों की समस्याएं सुन उसके समाधान के लिए विधिक कार्रवाई किया।

# मोदी सरकार अडाणी के हाथों में सौंप रही सरकारी सम्पत्ति

**आरोप**

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा पत्रक

**कासिमाबाद।** तहसील मुख्यालय पर शुक्रवार को कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व में भाजपा सरकार के अडाणी के पक्ष में क्रोनी केपिट लिज्म की नीति की ओर आकृष्ट करने व गहरे आर्थिक संकट के समय में बीजेपी सरकार महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेचने और एसबीआई, एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम जैसे मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित पत्रक उप जिलाधिकारी कासिमाबाद को सौंपा गया। कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी वीर बहादुर यादव को पत्र सौंपकर बताया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के गरीब और मध्यम वर्ग के हितों की पक्षधर रही है। इन वर्गों के हितों के साथ किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कुंठाघात को हम सहन नहीं कर सकते हैं। हमारा स्पष्ट मानना है कि सार्वजनिक संस्थानों जिसमें देश के करोड़ों गरीब मध्यम वर्ग के लोगों के खून पसीने की कमाई लगी है उन्हें किसी भी स्थिति में व्यक्तिगत हाथों में नहीं जाना चाहिए। भाजपा सरकार की अडाणी के पक्ष मे क्रोनी कैपिट लिज्म नीति की ओर आकृष्ट कराना चाहते हैं। गहरे आर्थिक संकट के समय में बीजेपी सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडाणी समूह को बेच रही है। इस मौके पर मोहनराम, जफरुउल्लाह अंसारी, रामसीस यादव ,सुरेंद्र सिंह, जैनू बसर, अजय गुप्ता, विश्राम राम, जयराम राजभर, विभूति राम, सत्येंद्र सिंह ,भोला राजभर, जनार्दन राम, राजेश राजभर, कामेश्वर राम आदि रहें।



कासिमाबाद तहसील में एसडीएम को पत्रक सौंपते कांग्रेसी।

## संक्षेप

### दलितों को न्याय दिलाने के लिए सपाइयों ने बुलंद की आवाज



**गाजीपुर।** टड़वां टप्पा सौरी गांव में दलितों के साथ हुए दुर्व्यवहार, अपमान और भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के लोगों द्वारा उनकी की गयी पिटाई के मामले में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष रामधारी यादव के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिलकर तत्काल दोषियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया। विधायक डा. वीरेंद्र यादव ने पुलिस अधीक्षक से वार्ता करते हुए कहा कि उस इलाके की स्थिति अत्यंत भयावह और तनावपूर्ण बनी हुई है। यदि लापरवाही वश स्थिति बिगड़ती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी जिला एवं पुलिस प्रशासन की होगी। पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने पार्टी कार्यालय समता भवन पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद ही नहीं पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था अत्यंत खराब है। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव,चन्द्रिका यादव,सुर्यनाथ यादव,रामबदन यादव, राजनारायण यादव, रामाशीष यादव,राम अवध यादव , बैजनाथ यादव, हरवंश यादव आदि उपस्थित थे।

### मुख्य विकास अधिकारी से मिला प्रतिनिधि मंडल



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायत राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व जिलाध्यक्ष राम नगीना यादव एवं जिलामंत्री ईश्वर यादव के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार शाक्य से शुक्रवार को मुलाकात कर महिलाओं के स्थानांतरण पर चर्चा करते हुए उन्हें कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि बीते माह सफाई कर्मचारियों का स्थानांतरण हुआ है जिसमें पुरुषों के साथ ही महिला सफाई कर्मचारियों को अन्य ब्लॉकों में भेजने से उनके सामने कई समस्याएं उत्पन्न हो रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्ण रूप से आश्वासन दिया की कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। पत्रक देने वालों में सुरेश यादव, आलोक चौबे, विनोद कुमार, अनिल यादव, संजय, अरविंद यादव, राकेश, मोहन, विशाल कुमार, राकेश कुमार, राजेश यादव, राजेश यादव, ओमवीर ,सिंह यादव आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### भीषण जाम से कराह रहे लोग, अंडरपास की मांग



**जखनिया।** स्थानीय कस्बे में सुबह शाम भीषण जाम लग जा रहा है। स्कूली वाहन हो एंबुलेंस सभी घंटों जाम में फंसे रहते हैं लोगों ने रेलवे से ओवरब्रिज या अंडरपास बनाने की मांग की है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूलों की छुट्टी होने के बाद होती है। उसे समय कई ट्रेनों का आवागमन भी रहता है। अगर गेट बंद हो गया तो सभी वाहन घंटों फंसे रह जाते हैं। अगर मुख्य मार्ग पर ओवर ब्रिज या अंडरपास बन जाता तो क्षेत्रीय लोगों को जाम से निजात मिल जाती जाम खुलवाने के लिए पुलिस को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने बताया कि स्थानीय कस्बे में जाम की समस्या जटिल होती जा रही है। अगर समय रहते इसका निदान नहीं हुआ तो लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### वन - वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन 12 मार्च को

**बारा।** होली त्योहार के बाद लौटने वाले यात्रियों के लिए पूर्व मध्य रेलवे ने एक और होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। अहमदाबाद से गुवाहाटी के लिए वन - वे स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाई जाएगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि रतलाम - कोटा - आगराफोर्ट - कानपुर - लखनऊ - वाराणसी - डीडीयू - बक्सर - पटना - बरौनी - कटिहार के रास्ते अहमदाबाद से गुहाटी के लिए 12 मार्च को एक वन - वे स्पेशल ट्रेन का परिचालन यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल के अपेक्षा इस बार 50 फीसद अधिक होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। ट्रेन नंबर 09467 अहमदाबाद - गुहावाटी वन - वे स्पेशल 12 मार्च रविवार को अहमदाबाद से 16:35 बजे खुलकर सोमवार को 23:42 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, मंगलवार को एक बजे बक्सर,02:50 बजे पटना,5:45 बजे न्यू बरौनी जंक्शन, 6:46 बजे खगड़िया, 7:48 बजे नौगछिया, 10:20 बजे कटिहार रुकते हुए 23 बजे गुहावटी पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 14 कोच एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे।

### मातृभूमि संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा पत्रक

**गाजीपुर।** सामाजिक संगठन मातृभूमि जखनियां का एक प्रतिनिधि मंडल सहायक अभियंता को मनिहारी फद्दुपुर संपर्क मार्ग को टूलेन बनाने के लिए पत्रक दिया। सड़क के संदर्भ में जानकारी हुई कि मनिहारी से लेकर जखनियां तहसील तक सड़क के दोहरीकरण के लिए एस्टीमेट बनाकर यहां से लखनऊ भेज दिया गया। अब वहां पर मुख्य सचिव को इसका निर्णय लेना है उसके बाद ही काम आगे बढ़ेगा। संगठन जल्द ही इसके लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री से भी मिलेगा। बीएसएनल के जिला ऑफिस में पहुंचा और वहां मुख्य मंडल अभियंता से मिला तथा उनसे जखनियां क्षेत्र में बीएसएनल नेटवर्क ध्वस्त रहने की शिकायत की। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के संरक्षक नीरज सिंह 'अजेय', पूर्व अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय, अजय सिंह रिंकू, वीरबहादुर सिंह मंटू, आशुतोष सिंह एवं रामजी मिश्रा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### पंद्रह हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**गाजीपुर।** खानपुर पुलिस ने पंद्रह-पंद्रह हजार के दो इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्तों की पुलिस काफी समय से तलाश कर रही थी। खानपुर पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए संदिग्ध लोगों की चेकिंग कर रही थी। इस बीच साई की तकिया तिराहा बेलहरी मोड़ के पास से फरार दो अभियुक्तों को दबोच लिया । गिरफ्तार अभियुक्त अमरुद्दीन नट पुत्र जगदम्बा नट व नसीम नट पुत्र वसीर नट जौनपुर के चंदवक थाना क्षेत्र के तराव गांव के निवासी है। अभियुक्तों पर गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा कायम है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में खानपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्र ,का.धर्मेन्द्र कुमार, विनय कुमार , प्रदुम्मन सिंह, राहुल कुमार शामिल रहे।

### टॉप टेन अपराधियों पर नजर रखें पुलिस

**बिरनो।** स्थानीय थाना परिसर में नवनिर्मित थानाध्यक्ष कार्यालय का पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने थाने का कार्यालय, अभिलेखों के रख रखाव, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क,बंदी गृह, मालखाना, भोजनालय सहित पूरे थाने परिसर और बैरको का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों व संम्भ्रांत लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में अमन चैन बनाए रखने में आमजन के सहयोग कि जरूरत है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि असमाजिक तत्वों, हिस्ट्रीशीटरों, सक्रिय अपराधियों, टॉपटेन अपराधियों, गुंडा एक्ट एवं जिला बदर अपराधियों के घरों को प्रतिदिन चेक किया जाए। जिससे क्षेत्र को अपराध व अपराधियों से मुक्त कराकर शान्ति व्यवस्था बनाई जा सके। मौके पर जंगीपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कुंवर रमेश सिंह पप्पू , ब्लाक प्रमुख राजन सिंह, पूर्व विधायक कालीचरण राजभर, पूर्व प्रमुख प्रवीण यादव, प्रधान विनोद गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य मटरू यादव, नितेश जायसवाल सहित समस्त बिरनो थाना के स्टाफ मौजूद रहें। थाना प्रभारी कृपेद्र प्रताप सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### स्वयं सेवक-सेविकाएं पाएं अनुशासित जीवनः अखिलेश तिवारी

**जमानियां।** स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय शिविर का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना के सस्वर गायन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा 'शास्त्री' ने अपने वक्तव्य से शिविर में भाग ले रहे युवाओं को अच्छे कार्य करने हेतु प्रेरित करते हुए श्रमशील होने की अपील की ।उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि अखिलेश तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जमानियां की उपस्थिति एवं वक्तव्य ने कार्यक्रम को जीवंतता प्रदान की ।उद्घाटन सत्र को प्रो.मदन गोपाल सिन्हा, डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रो.अरुण कुमार, डॉ.अंगद तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र यादव और डॉ. रामलखन यादव आदि ने संबोधित किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सिंह एवं आभार वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लालचंद पाल ने किया।

### ग्राम चौपाल में सीडीओ ने सुनी फरियाद

**भांवरकोल।** शासन की समस्या गांव में ही समाधान के तहत ग्राम पंचायत भवन सजना पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने अभिलेखों का निरीक्षण किया। लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुनकर संबंधित कर्मचारियों का अविलंब हल करने का निर्देश दिया। जन चौपाल में राशन में कमतौली, विभिन्न प्रकार के पेंशन रुकने,एक महिला को शासन से अभी तक सहायता नही मिलने जैसे मामले लोगों द्वारा उठाए गये, जिसमें संबंधित विभागों व सचिव को तुरंत हल करने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लीलादेवी, पशु चिकित्साधिकारी सचिव कुमार सिंह, वंदना गुप्ता, शोभनाथ शुक्ला, अंजू राजभर, स्वयं सहायता समूह कर्मी आदि उपस्थित रहे।

# महिला समाज सुधारकों के संघर्ष

## आधी आबादी



**मुख्तार खान**

समाज के विकास और उत्थान में महिलाओं और पुरुषों का समान योगदान रहा है। अक्सर पुरुषों के योगदान की चर्चा होती है, लेकिन महिलाओं द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की उतनी चर्चा नहीं की जाती। हम आज दो ऐसी ही महान नारियों के जीवन और कार्य के बारे में जानेंगे, जिन्होंने आज से पौने दो सौ वर्ष पहले स्त्री और दलितों की शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया। ये दो महिलाएँ सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख अपने समय की क्रांतिकारी महिलाएं थीं। दोनों ने एक साथ मिलकर शिक्षा और समाज सुधार के लिये कार्य किया। सावित्री बाई फुले के योगदान से तो हम परिचित हैं। लेकिन फातिमा शेख के बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। सावित्री बाई के पत्रों द्वारा हमें फातिमा शेख की जानकारी मिलती है।

सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिल्हे में नायगांव नाम में हुआ था। 1840 में सावित्री बाई का विवाह जोतिबा फुले से हुआ। जोतिबा अपनी मौसेरी बहन सगुना बाई के साथ रहते थे। विवाह के बाद जोतिबा फुले ने अपनी पढ़ाई जारी रखी। खुद की पढाई के साथ साथ जोतिबा घर पर सावित्री बाई को भी पढ़ाने लगे। बहुत जल्द ही सावित्रीबाई ने मराठी व अंग्रेजी पढ़ना लिखना सीख लिया। इस के बाद सावित्री बाई ने स्कूली परीक्षा पास कर ली। सावत्रि बाई शिक्षा का महत्तव जान गयी थीं। सावित्रीबाई और जोतिबा चाहते थे कि उन्हीं की तरह समाज के पिछड़े वर्ग की महिलाओं को भी पढ़ने लिखने का अवसर मिले। उस समय दलित व पिछड़ी जातियों के लिए शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी।

जोतिबा और सावित्रीबाई ने अपने मन में लडकियों के लिये विद्यालय खोलने का निश्चय कर लिया। लेकिन समस्या यह थी कि लड़कियों को पढ़ाने के लिए महिला अध्यापिका कहां से लाये? जहां चाह होती है वहां राह निकल ही आती है। इस महान कार्य की जिम्मेदारी सावित्री बाई ने संभाली। उन्होंने मिशनरी कॉलेज से टीचर ट्रेनिग का कोर्स पूरा किया। अब वे एक प्रशिक्षित अध्यापिका बन गयीं थीं। इस तरह जोतीबा और सावित्री बाई ने पूना में सन 1848 में पहले महिला विद्यालय की नीव रखी। महिलाओं के लिये विद्यालय चलाना आसान काम ना था। शुरूआत में अभिभावक अपनी लडकियों को विद्यालय में भेजने के लिए तैयार नहीं हुए। लोग लड़कियों को पढ़ाने के पक्ष में ही नहीं थे। अज्ञानतावश उन्होंने यह धारणा बना ली थी कि यदि लडकियों को पढ़ाया गया तो उनकी सात पीढियाँ नरक की भागीदार बन जायेगी। ऐसी स्थिति में लोगों को समझना बड़ा कठिन था।

इसके बावजूद सावित्री बाई ने हिम्मत नहीं हारी। वे लोगो के घर-घर जाती,उन्हें प्यार से समझती। शिक्षा का महत्त्व बताती। उनके इस कार्य से प्रेरित होकर पूना की एक और साहसी महिला शिक्षिका फातिमा शेख सामने आयीं। फातिमा शेख के साथ आ जाने से सावित्री बाई का हौसला दुगुना हो गया। फातिमा शेख का सम्बंध एक सामान्य मुस्लिम परिवार से था। उनका जन्म 9 जनवरी 1831 को हुआ था। ।अपनी बिरादरी की वह पहली पढ़ी लिखी महिला थीं। फातिमा शेख बड़े भाई उस्मान शेख के साथ पूना में ही रहती थीं। उस्मान शेख महात्मा फुले के बचपन के मित्र थे। महात्मा फुले की तरह वे भी खुले विचारों के थे। उन्हीं के प्रयास से फातिमा भी पढ़ लिख पाई थीं। फातिमा शेख के साथ जुड़ जाने से लडकियों के स्कूल में जान आ गयी।

अब लड़कियों के स्कूल का काम बड़े उत्साह के साथ चलने लगा। फातिमा और सावित्री बाई दोनों सवेरे जल्दी उठ जातीं। पहले अपने घर का काम पूरा करतीं। इसके बाद पूरा समय अपने स्कूल को देती। जोतिबा और उस्मान शेख का सहयोग भी इन्हें बराबर मिलता रहता। शुरूआत में विद्यालय में केवल छह ही लड़कियां थीं। धीरे धीरे यह संख्या बढ़ने लगी। सब कुछ योजना अनुसार चल रहा था। लेकिन शहर के संभ्रांत वर्ग को लडकियों का यूं पढ़ना लिखना ठीक ना लगा। इस कार्य को शास्त्र विरोधी बताकर उन्होंने फुले परिवार का विरोध किया। इसके बावजूद सावित्री बाई अपने कार्य में जुटी रही। विरोध करने वालों ने जोतिबा के पिता गोविंदराव पर दबाव बनाया। गोविंदराव को सामाज से बहिष्कृत करने की धमकी दी गयी। इस विरोध के चलते गोविन्दराव ने जोतिबा से विद्यालय बन्द करने या घर छोड़ देने की शर्त रखी। जोतिबा और सावित्री बाई किसी भी सूरत में अपना मिशन जारी रखना चाहते थे। पिता की बात उन्होंने नहीं मानी। अंत में उन्हें अपना घर छोड़कर जाना ही पड़ा।

पूणे शहर में कोई उन्हें सहारा देने को तैयार नहीं था। सावित्री बाई को अपने घर से अधिक लडकियों के पढ़ाई की चिंता सताये जा रही थी। इधर संभ्रांत वर्ग ने फुले दंपति का सामजिक बहिष्कार कर रखा था। सामजिक बहिष्कार के डर से कोई उनकी सहयता के लिये आगे नहीं आया। फुले परिवार को धर्म विरोधी घोषित कर दिया गया था। ऐसी संकट की घड़ी में महात्मा फुले के बचपन के मित्र उस्मान शेख फरिश्ता बनकर सामने आये। उस्मान शेख ने अपना निजी बाड़ा फुले परिवार के लिये खोल दिया। शेख परिवार ने सावित्री बाई और जोतिबा को सहारा ही नहीं दिया बल्कि अपने घर का एक हिस्सा स्कूल चलाने के लिये भी दे दिया। इस तरह लड़कियों का विद्यालय अब फातिमा शेख के घर से ही चलने लगा। उस्मान शेख और फातिमा को भी अपने समाज के भीतर लगातार विरोध झेलना पड़ रहा था।

सावित्री बाई की तरह ही फातिमा शेख को भी बुरा-भला कहा जाता। उन पर ताने कसे जाते, गालियां दी जाती। उन पर कीचड़, गोबर फेंका जाता, उनके कपड़े गंदे हो जाया करते। दोनों महिलाएं चुपचाप ये यातनाएँ सहती रहीं। फातिमा शेख और सावित्री बाई दोनों बड़ी निडर और साहसी महिलाएँ थीं। दोनों ने हार नहीं मानी, वे दूनी लगन और मेहनत के साथ लड़कियों का भविष्य संवारने में जुटी रहीं। उन्होंने 1850 में उन्होंने 'द नेटिव फीमेल स्कूल। पुणे' नामी संस्था बनाई। इस संस्था के अंतर्गत पुणे शहर के आस पास 18 विद्यालय खोल गये। उस जमाने में महिलाओं की तरह ही दलित बच्चों के लिये भी शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। इस समस्या को दूर करने के लिये महात्मा फुले ने 'सोसायटी फॉर द प्रमोटिंग एजुकेशन ऑफ महार एन्ड मांग' नामक संस्था की स्थापना की इस तरह महिलाओं के साथ-साथ वंचित समाज के बच्चों के लिए भी विद्यालय की शुरूआत हुई।

फातिमा शेख ऐसी पहली मुस्लिम महिला बनी जिसने मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा के साथ साथ बहुजन समाज की शिक्षा के लिए भी काम किया। फातिमा शेख के बारे में बहुत कम जानकारी प्राप्त है। सावित्री बाई के पत्रों से हमें उनकी जानकारी मिलती है। हम समझ सकते हैं, आज से दो सौ वर्ष पूर्व किसी मुस्लिम महिला का इस तरह घर की चार दीवारी से बाहर आकर समाज कार्य करना, कितने साहस का काम रहा होगा? फातिमा शेख ने सावित्री बाई के मिशन को आगे ही नहीं बढ़ाया ब्लकि संकट की घड़ी में सदा उनके साथ खड़ी रही। सावित्री बाई की अनुपस्थिति में स्कूल प्रशासन की सारी जिम्मेदारी फातिमा शेख ही संभाला करती थी। विद्यालय में छात्राओं की संख्या बढ़ने लगी। शिक्षा ग्रहण करने के बाद उनकी छात्राएँ भी अध्यापिका की भूमिका निभाने लगी। आगे चलकर सावित्री बाई ने अपने सामाजिक कार्य को और विस्तार दिया।



उन दिनों समाज में बाल विवाह प्रथा का चलन आम था। बहुत सी लड़कियां छोटी उम्र में ही विधवा हो जाया करती। इसके अतिरिक्त ऐसी अविवाहित माताएँ जिन्हें समाज पूरी तरह से बहिष्कृत कर देता, ऐसी पीड़ित महिलाओं के सामने सिवाय आत्महत्या के कोई और मार्ग नहीं रहता। महात्मा फुले और सावित्री बाई ने ऐसी पीडित महिलाओं के लिये 28 जनवरी 1853 को 'बाल हत्या प्रतिबंधक गृह' नाम से एक आश्रम खोला। देश में महिलाओं के लिए इस तरह का यह पहला आश्रम था। इस आश्रम में महिलाओं को छोटे-मोटे काम सिखाए जाते, उनके बच्चों की देख भाल की जाती। बड़े होने पर उन्हें स्कूल में दाखिल कराया जाता।

एक दिन आश्रम में काशीबाई नाम की एक अविवाहित गर्भवती महिला आई। सावित्री बाई ने उसे सहारा दिया, आगे चलकर उस महिला के पुत्र को ही उन्होंने गोद लिया। यह बालक बड़ा हो कर डॉ. यशवंत कहलाया। सावित्री बाई ने यशवंत को पढ़ा लिखा कर एक सफल डॉक्टर बनाया। 1896 की बात है मुंबई, पुणे में उन दिनों प्लेग फैला हुआ था। सावित्री बाई लोगों की सेवा में जुटी रहती। इसी दौरान वे भी प्लेग की चपेट में आ गयीं। और 10 मार्च 1897 को इस महान समाज सेविका ने अपने प्राण त्याग दिए।

सावित्री बाई और फातिमा शेख ने सैकड़ों महिलाओं के जीवन में शिक्षा और ज्ञान की ज्योत जलाई। शिक्षा के द्वारा शूद्रों, स्त्रियों को स्वाभिमान के साथ जीने का रास्ता दिखाया। आज महिलाएं प्रगति के मार्ग पर अग्रसर हैं, पहले से अधिक स्वतंत्र हैं। महिलाओं के उत्थान में महत्मा फुले, सावित्री बाई और फातिमा शेख जैसी महान विभूतियों का संघर्ष और त्याग छिपा है। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सावित्री बाई और फातिमा शेख जैसी महान नारियों के योगदान को याद करना हम सब के लिये गर्व की बात है।

**(लेखक जनवादी लेखक संघ, महाराष्ट्र से जुड़े हैं, संपर्क 98672100**

**सावित्री बाई को अपने घर से अधिक लडकियों के पढ़ाई की चिंता सताये जा रही थी। इधर संभ्रांत वर्ग ने फुले दंपति का सामजिक बहिष्कार कर रखा था। सामजिक बहिष्कार के डर से कोई उनकी सहयता के लिये आगे नहीं आया। फुले परिवार को धर्म विरोधी घोषित कर दिया गया था। ऐसी संकट की घड़ी में महात्मा फुले के बचपन के मित्र उस्मान शेख फरिश्ता बनकर सामने आये। उस्मान शेख ने अपना निजी बाड़ा फुले परिवार के लिये खोल दिया। शेख परिवार ने सावित्री बाई और जोतिबा को सहारा ही नहीं दिया बल्कि अपने घर का एक हिस्सा स्कूल चलाने के लिये भी दे दिया।**

## जनसंपादकीय

# मुश्किल में देश

**भगवान स्वरुप कटियार**



कोई भी देश जब कुत्सित राजनीति के दुष्चक्र में फंस कर अपने आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वजूद को गंवाने के खतरे की कगार पर पहुँच जाय तो देश को इस खतरे से उबारने की जिम्मेदारी किसकी है ? यह सवाल इसलिए वाजिब है क्योंकि देश आज किमकर्तव्यविमूढ़ की स्थिति में है। खासकर यह बात जब भारत के सन्दर्भ में हो तो 140 करोड़ भारतीयों का दर्द समझा जा सकता है जो 2014 से ऐसे दुष्चक्र में फंसे जिससे निकलने के लिए छटपटाहट तो है लेकिन कोई वाजिब रास्ता नहीं। हाईजेक्ड लोकतंत्र में चुनाव भी हाईजेक हो जाता है जिसके जरिये जनता खराब सरकार को पलट कर अपने हित की सरकार चुनने का उपक्रम करना चाहती है पर ऐसा कर नहीं पाती कुछ अपवादों को छोड़ कर। भारत आर्थिक कंगाली को लेकर श्रीलंका जैसी स्थिति में पहुंचने के करीब है। हमारे देश का तंत्र (सिस्टम) और सामाजिक मानसिकता अमेरिका की तरह नहीं, जहाँ डोनाल्ड ट्रंप की अराजक और राष्ट्र विरोधी नीतियों को नकारते हुए डोनाल्ड ट्रंप को खारिज कर दिया गया । यहाँ तो सत्तारूढ़ भाजपा डंके की चोट पर कहती है कि माहौल कितना भी विरोध में हो जीतेगी भाजपा ही और विपक्ष की बाजी पलट जाती है। चुनाव में जीत को ही सरकारों की सफलता और कुशल नेतृत्व का प्रमाण मान लिया जाता है भले ही देश की जनता चतुर्दिक तबाही के दौर से गुजर रही हो। जब किसी भी देश में दमनकारी सरकार द्वारा चुनाव तंत्र के कौशल से बहुमत की तानाशाही के जरिये सरकार की जनविरोधी नीतियों और कार्यक्रमों का विरोध या आलोचना करने वाली जनता, प्रतिपक्षी राजनैतिक दलों और लोकतंत्र के चौथे सतम्भ यानी मीडिया पर दमन का शिकंजा कसा जाता है तब लोकतंत्र सिर्फ झीने परदे के रूप में ही बचता है। आज का भारत इसका खुला उदाहरण है। तमाम विफलताओं के बावजूद सरकार चुनाव में जीत की मोहर लगा कर अपने हर कृत्य का औचित्य सिद्ध कर लेती है? भले ही चुनाव की वह जीत तमाम गलत हथकंडों से ही क्यों न हासिल की गयी हो।

**देश के मुख्यधारा मीडिया को अपने कापोर्रेट मित्रों द्वारा खरीद कर एकतरफा झूठ फैला कर जनता को गुमराह और भ्रमित किया जा रहा है। सरकार की ताकत के सामने देश के हित में लड़ने वाली देशभक्त ताकतें बहुत कमतर होती हैं पर फिर वे लड़ती हैं क्योंकि लड़ना ही एक मात्र विकल्प है।**

भारत में पेगासस से लेकर तमाम ऐसे हथकंडे हैं जिनका मौजूदा सरकार खुल्लम खुल्ला इस्तेमाल कर सत्ता में बने रहने के लिए हर दुष्चक्र रचती है। ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग, इवीएम का दुरुपयोग जैसी घटनाएं आम बात हो गयी है। बीबीसी की डॉक्यूमेन्ट्री और हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने भारत की केंद्र सरकार की असलियत का खुलासा कर उसके जनविरोधी इरादे का पदार्फाश किया। गार्डियन में छपी खबर ने उत्तर पूर्वी राज्यों में भाजपा की जीत पर इजराइल के सोफ्टवेयर द्वारा वोट हैकिंग का सवाल उठाया है। दुनिया का वह तंत्र जो बेहतर वैश्विक लोकतांत्रिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संघर्षरत है उसकी दुनिया के देशों पर चतुर्दिक नजर रहती है और उनके द्वारा विभिन्न देशों के खुलासे समय समय पर आते रहते हैं। बीबीसी तो अपने देश की सरकार के खिलाफ भी लगातार काम करता रहता है ।बिडम्बना यह है कि भारत के सबसे समृद्ध रईस कापोर्रेट घराने अडानी-अंबानी सरकार के पैसे से रईस बने हैं। देश की सारी संपदा अपने कापोर्रेट मित्रों को सौंप कर सरकार द्वारा देश को आर्थिक रूप से कंगाल किया जा रहा है। जिस तरह एक समय जर्मनी और इटली में वहां की नाजी और फासिस्ट सरकारों ने जनता का दमन कर देशों को तबाह किया था लगभग वैसी ही छाया आज भारत में भी दिखाई दे रही है। देश के मुख्यधारा मीडिया को अपने कापोर्रेट मित्रों द्वारा खरीद कर एकतरफा झूठ फैला कर जनता को गुमराह और भ्रमित किया जा रहा है। सरकार की ताकत के सामने देश के हित में लड़ने वाली देशभक्त ताकतें बहुत कमतर होती हैं पर फिर वे लड़ती हैं क्योंकि लड़ना ही एक मात्र विकल्प है।

किसान आंदोलन और राहुल गाँधी की हजारों किलो मीटर की पदयात्रा ने जनता का रुख भले ही सरकार के खिलाफ किया हो पर जब लोकतंत्र को ही हाईजेक कर लिया जाय और हैकिंग के जरिये चुनाव परिणाम प्रभावित किये जा रहे हों तब सब कुछ बेअसर हो जाता है। इवीएम द्वारा चुनाव न कराने की लगातार मांग के बावजूद सरकार ने अनसुनी की। सवाल है आज देश तबाही के जिस मोड़ पर है वह हुआ कैसे ? इस तबाही की एक लम्बी यात्रा है जिसका लाभ मौजूदा सरकार को सांप्रदायिक फासीवाद के जरिये मिल रहा है। इस खतरे की आशंकाएं संविधान निर्माण दौरान भी उठीं थीं। डा अम्बेडकर ने साफ कहा था कि बहुमत रसूखदार और धनी लोगों के हाथों में होगा।आज तो बहुमत अधिकाँश वैसे ही लोगों के हाथों में है। डा. अम्बेडकर ने इसका समाधान संविधान सभा में पेश किये गये अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज स्टेट एंड माइनॉरिटी में किया है जिसके पुनर्पाठ के जरिये वैकल्पिक व्यवस्था के लिए राष्ट्रीय विमर्श खड़ा करने की जरूरत है।

किसी भी देश के लोकतंत्र की सुरक्षा, शांति और उसका भविष्य इस बात में निहित नहीं है कि सरकार का बहुमत कितना आक्रामक और ताकतवर है बल्कि इस बात में है कि उस देश का अल्पसंख्यक और गरीब तबका अपने को कितना सुरक्षित महसूस करता है । देश के नेतृत्व की भूमिका समाज के हर वर्ग को यह विश्वास दिलाना है कि उसकी हिस्सेदारी भी समाज में उतनी ही है जितनी और तबकों की हो सकती है ।राजनीति को वृहत्तर सामाजिक सन्दर्भ में देखा, समझा और परखा जाना चाहिए ।राजनैतिक स्वार्थपरिता के दुष्परिणाम आज देश भोग रहा है। गुजरात की मोरबी जैसी दुर्घटना को किस तरह नजरंदाज कर गुजरात का चुनाव जीत लिया जाता है सबके सामने है । वर्ष 2014 से देश में चतुर्दिक पतन का अँधेरा छाया हुआ है। आर्थिक कंगाली को धर्मान्धिता के घटाटोप से ढंकने के कुत्सित सरकारी प्रयास अविरल चलाये जा रहे हैं ।कापोर्रेट के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला सरकार की नाक के नीचे घटता है और सरकार लोकसभा के सदनों में जवाब देने से भाग रही है। हिंडनबर्ग एजेंसी ने साफ कहा है कि भारत का अडानी समूह स्टॉक मैनिपुलेशन और मनीलांड्रिंग करता है। यह रिपोर्ट दो वर्ष की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

सवाल फिर वही कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र अर्थात 140 करोड़ भारतीयों की अस्मिता और जमीनी वजूद को कैसे बचाया जाय ? एक बड़ा जनांदोलन जिसके पास देश में बदलाव का स्पष्ट खाका हो और फिर इस तबाही की पुनरावृत्ति न हो सके, इसका मजबूत समाधान हो। ऐसे खाके के कार्यक्रम वाले संगठित विपक्ष का जनांदोलन जो जमीनी और जनाकांक्षाओं से संचालित हो मुश्किल में फंसे देश को निकाल सकता है। इतिहास में इसके प्रमाण हैं। इसके लिए हमें गाँधी, नेहरू, भगतसिंह, अम्बेडकर, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के विचारों और उनके बताये रास्ते की शरण में जाना होगा जिससे मौजूदा निजाम पूरी तरह से विमुख हो गया है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 94155 68836)**

# सोशल मीडिया में जेंडर का सवाल

## प्रसंगवश



**जावेद अनीस**

डिजिटलाइजेशन आज की दुनिया की एक सच्चाई है, इसने हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है. आज इसकी दखलंदाजी ने जीवन के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित किया है. इंटरनेट के उद्भव के साथ संचार के क्षेत्र में बुनियादी और व्यापक परिवर्तन हुए हैं, इसने एक तरफा प्रेषक के प्रभुत्व वाले संचार को दो तरफा बना दिया है और अब संचार माध्यम सिर्फ बड़े मीडिया घरानों तक ही नहीं बल्कि सबके हाथ का खिलौना बन गया है. इधर कोरोना महामारी के बाद से दुनिया भर में इन्टरनेट के उपयोग में व्यापक वृद्धि हुई है।

आज के इस युग में डिजिटल साक्षरता एक बुनियादी जरूरत बन गयी है, और इसमें पीछे रह गए लोग एक नए ह्लडिजिटल रूप से पिछड़े वर्गह्व के रूप में गिने जाने लगे हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इंटरनेट की सुविधा को मौलिक अधिकार बनाने की वकालत की जा रही है लेकिन भारत का एक बड़ा वर्ग आज भी इन्टरनेट की पहुँच से दूर है. संयुक्त राष्ट्र के ई-पार्टिसिपेशन इंडेक्स 2022 में भारत कुल 193 देशों में 105वें नंबर पर है जिसका मतलब है भारत ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच और इसके इस्तेमाल के मामले में अभी भी बहुत पीछे है और अन्य मामलों की तरह इस मामले में दलित, आदिवासी, महिलायें और ग्रामीण क्षेत्र पीछे हैं. ऑक्सफैम इंडिया द्वारा जारी 'इंडिया इनइक्वलिटी रिपोर्ट 2022, डिजिटल डिवाइड' बताती है कि देश में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के पास मोबाइल फोन होने की संभावना 15 प्रतिशत कम है साथ ही महिलाओं द्वारा मोबाइल इंटरनेट सेवाओं का उपयोग करने की संभावना भी 33 प्रतिशत कम है. रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लगभग 61 प्रतिशत पुरुष और 31 प्रतिशत महिलाएं फोन का इस्तेमाल करती हैं.

इसके आर्थिक दुष्प्रभाव भी हैं, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 5 में पाया गया है कि देश में केवल 22.5 प्रतिशत महिलाएं ही वित्तीय लेनदेन के लिए मोबाइल फोन का उपयोग करती हैं जिसका मतलब है कि देश के एक तिहाई से अधिक महिलायें डिजिटल कुशलता वाले श्रम बाजार के दायरे से बाहर हैं।

सोशल मीडिया ने हमारे संचार व्यवहार को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है. यह एक अनोखा माध्यम है जो दुनिया की कुछ चुनिन्दा कंपनियों के नियंत्रण में है. ये कम्पनियाँ अपने आकार में दैत्य और व्यवहार में एकाधिकारवादी हैं लेकिन इसी के साथ ही इसने संचार के माध्यम को पूरी तरह से विकेन्द्रित कर दिया है, अब सोशल मीडिया का उस्तरा सबके हाथ में है, हर कोई प्रेषक और प्राप्तकर्ता दोनों है. इसने वास्तविक दुनिया के बरक्स एक आभासी दुनिया को रच दिया है जो भ्रम और सच का अनोखा मिलाप है.

सोशल मीडिया साइट्स सभी को जानकारी साझा करने, दूसरों से जुड़ने, विचारों पर संवाद करने और प्रभावित करने का मौका देते हैं. सोशल मीडिया ने महिलाओं को भी इस तरह से अभिव्यक्ति का खुला मौका दिया है जो पुरानी मीडिया माध्यमों के विमर्श के दायरे से बाहर थीं. इसने जेंडर विमर्श के उन मुद्दों पर बात करने के लिए मंच दिया है जिनपर आम तौर पर समाज में खामोश या उदासीनता रही है.

कई शोधों से पता चला है कि सोशल नेटवर्किंग साइटों पर महिलाओं की संख्या संतोषजनक है और यह लगातार बढ़ रही है, खास बात यह है कि सोशल मीडिया महिलाओं के लिए अपनी पहचान बनाने और एकजुट होने का एक सशक्त माध्यम साबित हो रहा है. यहाँ महिलायें विभिन्न मसलों पर खुलकर अपनी राय रख रही हैं. सोशल मीडिया लैंगिक समानता की वकालत करने वालों के लिए भी एक अच्छा माध्यम साबित हो रहा है साथ ही यह महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों और महिला केंद्रित अन्य समस्याओं के खिलाफ भी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है. फेसबुक जैसे माध्यमों पर ऐसे सैकड़ों पेज हैं जो इस तरह के मसलों को बहुत ही प्रभावशाली तरीके से उठा रहे हैं साथ ही इन मसलों पर लोगों को जागरूक और संवेदनशील बनाने का काम भी हर रहे हैं. इन सबसे जेंडर का एक स्त्रीवादी नैरेटिव सामने आया है.

इंटरनेट और सोशल मीडिया ने दुनिया भर के महिलाओं को संगठित होने, एक-दूसरे से जुड़ने व एकजुटता जताने का मौका भी दिया है. मिसाल के तौर पर मीटू अभियान का नाम लिया जा सकता है जिसकी शुरूआत अमेरिकी सामाजिक कार्यकर्ता तराना बर्क ने साल 2016 में माईस्पेस नामक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किया था, जो बाद में यौन उत्पीड़न और हमले के खिलाफ एक वैश्विक आंदोलन के रूप में उभर कर सामने आई, दुनिया भर की कई महिलाओं ने सोशल मीडिया पर बताया कि कैसे कार्य स्थलों पर उनके साथ यौन उत्पीड़न हुआ था और किस तरह से उन्हें चुप रहना पड़ा.


उपरोक्त तमाम सकारात्मक पहलुओं के बावजूद सोशल मीडिया के माध्यम भी महिलाओं के प्रति सदियों पुरानी सोच और धारणाओं के मुक्त नहीं है. सोशल मीडिया साईट्स भी अपने तरीके से महिलाओं के लिए प्रचलित स्टीरियोटाइप को ही मजबूत करने का काम कर रहे हैं आमतौर पर सोशल मीडिया के विज्ञापनों, प्रतिगामी बहसों में महिलाओं को सेक्स के वस्तु के रूप में किया जाता है और उन्हें सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से निर्मित लैंगिक भूमिकाएं के दायरे में प्रस्तुत करने की कोशिश की जाती है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिलायें ऑनलाइन हिंसा और ट्रोलिंग की सबसे बड़ी शिकार हैं. इस दिशा में किये गये कई शोध इस बात की तस्दीक करते हैं कि महिलाएं इंटरनेट पर होने वाली हिंसा का ज्यादा शिकार होती हैं. दरअसल इंटरनेट ट्रोलिंग की जड़ें पितृसत्ता से जुडी हैं जो महिलाओं को दोयम दर्जे का मानती हैं और जिसे महिलाओं का खुलकर अपनी रखना सख्त नापसंद है. उन्हें महिलाओं की स्वतंत्र पहचान भी पसंद नहीं है. इसलिए हम देखते हैं कि जो महिलाएं सोशल मीडिया पर सामाजिक-राजनीतिक रूप से ज्यादा मुखर हैं और जो विभिन्न मुद्दों के स्पष्ट व खुले तौर पर तौर पर अपनी राय जाहिर करती है उन्हें आनलाईन हिंसा और ट्रोलिंग का सामना अधिक करना पड़ता है. एलजीबीटी समुदाय के मामले में तो यह दर और अधिक है.

इसलिए इसका एक अलग असर देखने को मिल रहा है, इसी संदर्भ में आईआईएम इंदौर द्वारा देश के तीन प्रमुख मैनेजमेंट कॉलेज के युवाओं के सोशल मीडिया व्यवहार को लेकर किया गया अध्ययन महत्वपूर्ण हैं जिसमें पाया गया कि महिलाएं सोशल मीडिया के मंचों पर भी खुद को अभिव्यक्त करने में संकोच करती हैं, जिसका एक प्रमुख कारण यह है कि उन्हें ट्रोल किया जाता है और वे ऑनलाइन अभद्रता का शिकार होती हैं.

इस दिशा में यूनेस्को द्वारा महिला पत्रकारों के प्रति ऑनलाइन हिंसा को लेकर किया गया एक ग्लोबल सर्वे भी गौरतलब है जिसमें 125 देशों की 900 महिला पत्रकारों शामिल किया गया था, अध्ययन के दौरान 73 प्रतिशत महिला पत्रकारों द्वारा बताया गया कि उन्हें अपने काम और पेशे की की वजह से ऑनलाइन हिंसा का सामना पड़ा है,यहाँ तक कि 25 प्रतिशत महलाओं को जान से मारने की और 18 प्रतिशत को यौन हिंसा की धमकियों तक मिली है. इसी प्रकार से यहाँ 2020 में एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा जारी किये किये अध्ययन रिपोर्ट ट्रोल पैट्रोल इंडियाः एक्सपोजिंग ऑनलाइन एब्यूज फेस्ड बाय वुमेन पॉलिटिशियंस इन इंडिया का जिक्र भी मुनासिब होगा जिसके अनुसार भारत में ट्विटर पर पुरुष नेताओं के मुकाबले महिला नेताओं के साथ अधिक अभद्र भाषा इस्तेमाल किया जाता है. सर्वे के अनुसार, उन महिला नेताओं को सबसे ज्यादा निशाने पर लिया जाता है, जो अपनी राय रखती हैं. इसमें महिला नेताओं पर उनके लिंग, धर्म, जाति, शादी और अन्य निजी मुद्दों को लेकर निशाना साधा जाता है. बहरहाल अपनी तमाम सीमाओं के बावजूद सोशल मीडिया प्लेटफोर्म महिलाओं के लिए एक 'प्रभावी स्पेस' साबित हो रहे हैं, इसकी वजह से उनमें कौशल और जागरूकता बढ़ी है, वे विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर मुखर हो रही है लेकिन फिर भी लैंगिक समानता की यात्रा में यह एक पड़ाव है, इस दिशा में अभी लम्बा सफर तय करना है.

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## व्यंग्य



# दरबार और अर्जी

**हरिशंकर राढ़ी**

इतने समानांतर दरबार लगने और अर्जियों पर सुनवाई के बाद भी यदि लोगों की तकलीफें कम नहीं हो रहीं तो इसे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। माना कि सरकारी अदालतों के फैसले गवाहों व सबूतों के आधार पर होते हैं तथा उसमें अधिवक्ता टाइप के कालनेमि भी होते हैं, लेकिन निजी अदालतों में तो बगैर किसी सबूत के इंस्टैंट निपटारे की व्यवस्था है। कुछ दरबारों में तो हनुमान जी स्वयं कार्यभार सँभाल रहे हैं, जिनसे कालनेमि भी डरते हैं। फिर भी अर्जियाँ खत्म नहीं हो रही हैं।

दरबार लगाने वाला मामूली नहीं होता। बादशाह होता है या न्यायाधीश। बादशाहत का शौक बहुतों को है, जो दरबार लगाने को मजबूर कर देता है। कुछ तो दरबार लगाने में असफल होने पर मजमा लगाने लगते हैं। अब दरबार है तो दरबारी भी होंगे। इनका भी रुतबा दर्शनीय होता है। इतना दर्शनीय और रचनात्मक कि ह्यराग दरबारीह्व बन जाता है। दरबारी बनने के लिए अलग से किस्मत लिखवाकर लानी पड़ती है। इन्हें केवल दरबाराधीश की हाँ में हाँ मिलानी पड़ती है, जो सबके बूते की बात नहीं। कभी-कभी अर्जी को दरबाराधीश तक पहुँचाना पड़ता है।

दुनियावाले कहते हैं कि एक दरबार ऊपरवाले का होता है, जिसे मान लेना पड़ता है। न मानने से ईशनिंदा का मानवीय कानून लगता है। न मानने वाले भी उसके नाम पर चुप रह जाते हैं। जहाँ ऊपरवाला होगा, वहाँ नीचेवाले भी होंगे। ऊपरवाले के दरबार की चर्चा सुनकर नीचेवाले भी दरबार लगाने लगे हैं। जब न दिखने वाले दरबार का इतना महत्त्व है तो दिखने वाला दरबार क्यों न लगाएँ? दरबार लगाते ही नीचेवाला भी ऊपरवाले के बराबर महसूस करने लगता है।

सुना है कि लोग इधर हनुमान जी से दरबार की फ्रेंचाइजी लेने लगे हैं। वैसे, हनुमान जी को कभी स्वयं दरबार लगाते नहीं सुना था। राम के अनन्य भक्त हैं, भक्ति से ही फुरसत नहीं है। कभी समय मिला तो तंग करने वाले भूत-पिशाच-राक्षस को ठोंक-ठाक देते हैं। फिर भक्ति में लग जाते हैं। लेकिन, जब हर पीपल, हर चौराहे, हर महल और हर श्मशान में भूत-पिशाच रहने लग गए तो बेचारे कितनों को ठोंकें? इससे अच्छी भक्ति ही है। दरबार तो स्वामी का होता है, सेवक का नहीं। इसलिए वे दरबार लगाते नहीं। अब पता नहीं ये लोग उनसे फ्रेंचाइजी कैसे ले रखे हैं? सुना तो यह भी है कि हनुमान जी ने स्वयं को तकनीकी रूप से अपग्रेड कर लिया है और अब वे किसी-किसी को सेवेन जी से ऊपर की वाई-फाई देने लगे हैं। उनके फ्रेंचाइजी दरबार में जो भी फैसला होता है, उसके जिम्मेदार भी वे ही हैं।

हनुमान जी की तकनीक व बल पर संदेह तो कभी नहीं था। जन्मते ही सूर्यलोक तक चले गए थे। समुद्र पारकर लंका गए और लंका से ओषधि लेने धौलागिरि सफलतापूर्वक पहुँच गए। उनका नेवीगेशन सटीक तो था ही, लेकिन अभी तक कोई उसे डिकोड नहीं कर पाया था। लोगों को पता नहीं था कि उनकी गदा में ट्रांसमीटर था। लोग तो उसे बस ठोंकने-ठाकने का हथियार समझते रहे। अब जाकर बाबा जी ने उसका छोटा एक्सक्ल्यूसिव प्रारूप तैयार किया जो उस ट्रांसमिशन को रिसीव कर पा रहा है।

दरबार में दीन-दुखियों को देखकर अपनी संपन्नत एवं प्रभुता का एहसास होता है। अजीदारों के कष्ट, समस्याएँ, रोग-व्याधियाँ देखकर स्वयं के सुखी होने का पता चलता है। लोगबाग पाँवों में पड़ते हैं। कुछ लोगों के पाँव चलने के लिए नहीं, मत्था टिकवाने के लिए बने होते हैं।

गोस्वामी बिंदु जी ने लिखा है कृपा की न होती जो आदत तुम्हारी, तो सूनी ही रहती अदालत तुम्हारी। सो दरबाराधीश को कृपा करनी पड़ती है। एक दरबाराधीश बाबा जी का तो दरबार ही कृपा के भरोसे चलता था। उन्हें पता चल जाता था कि किसकी कृपा कहाँ अँटकी हुई है। वे कृपा का प्रवाह फिर से शुरू करवा देते थे। गोया कृपा किसी सीवर में फँसी है और केवल उन्हीं के पास वह डंडा है जिससे खोद देने पर वह बह निकलेगी। वे ईमानदार हैं, इसलिए पहले ऑनलाइन फीस लेते हैं, फिर अर्जी। बाबा जी फीस भले तगड़ी लेते रहे हों, ईलाज बहुत सस्ता था। कितनों की समस्या तो समोसे और लाल चटनी से हल हो गई। ज्ञानी लोग बताते हैं कि अच्छे डॉक्टर फीस भले ज्यादा लें, दवाई सस्ती लिखते हैं।

दरबार है तो अर्जी लगेगी ही। इस वतन में अर्जी और फर्जी का बहुत बोलबाला है। जब कुछ नहीं कर सकते तो अर्जी ही लगा आओ। क्या पता नंबर पर आ जाए! इतने दरबार हैं, किसी न किसी में तो कागज पकड़ा जाएगा। इतने भक्त और श्रद्धावान लोग हैं, अर्जी तो स्वीकार होनी ही चाहिए। यदि बाबा से भी हल नहीं निकला तो फिर कहाँ जाएँ?

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क : 09654030701)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# सिरफिरे प्रेमी ने प्रेमिका सहित खुद को मारी गोली

**सनसनी**

**शौचालय में पड़ी थी प्रेमी की लाश**

**घायल प्रेमिका का चल रहा है उपचार**

**जनसंदेश न्यूज**



घटना स्थल पर छानबीन करती पुलिस

**आजमगढ़।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जमसर गांव स्थित एक ढाबे पर पहुंचे प्रेमी युगल ने ढाबा संचालक को चाय का आर्डर दिया और कुछ ही देर बाद युवक ने पहले प्रेमिका को गोली मार दी। जबतक लोग कुछ समझ पाते युवक वहां स्थित शौचालय में घुसा और खुद को गोली मार ली। मौके पर ही युवक की मौत हो गई जबकि घायल युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है।

जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जम्मनपुर लाटघाट ग्राम निवासी 22 वर्षीय विशाल का रौनापार थाना अंतर्गत सीमावर्ती गांव निवासिनी संजू पटेल से प्रेम संबंध बन गया था। शुक्रवार को दोनों जमसर गांव स्थित एक ढाबे पर पहुंचे और चाय का आर्डर देकर अंदर बने केबिन की ओर चले गए। ढाबे का रसोईया चाय बनाने में जुट गया तभी अंदर गोली चलने की आवाज सुनाई दी। जबतक लोग कुछ समझ पाते तभी पुनः फायर की आवाज हुई और वहां मौजूद लोग आशंकावश जब आगे बढ़े तो अंदर का दृश्य देख हैरान रह गए। अंदर युवती खून से लथपथ तड़प रही थी जबकि युवक शौचालय में मृत पड़ा था। मृतक के समीप असलहा गिरा पड़ा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जबकि युवक के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोनों के पास मिले मोबाइल के माध्यम से उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गयी।

# अश्लील वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



गंभीरपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**आजमगढ़।** थाना गंभीरपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लड़की को नशीला पदार्थ पिलाकर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

बीते सात मार्च को थाना गम्भीरपुर आजमगढ़ निवासी शिकायतकर्ता द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि गांव का एक लड़का आवेदिका के घर कई महीनो से आता जाता था। दो माह पहले जब घर पर कोई नहीं था सिर्फ आवेदिका की पुत्री घर पर अकेली थी तब आरोपी घर आया और पानी में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और लड़की का अश्लील विडियो बनाकर सड़क पर जाते समय छेड़खानी करने लगा। आवेदिका के घर वालों द्वारा विरोध किया गया तो 6 मार्च की रात में अश्लील विडियो वायरल कर दिया। शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। शुक्रवार को गंभीरपुर प्राथमिक बिद्यालय के पास से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रोहित कुमार को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

## संक्षेप

### माहुल में निकली बुढ़वा की बारात



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर में बुढ़वा की बारात देर शाम बहुत ही धूमधाम से निकाली गयी। अबकी बार फिर नहीं मिली बुढ़वा को दुल्हन। बारात देखने और बारात के साथ घूमकर आनन्द लेने वाले लोगों की काफी अच्छी संख्या रही। शुक्र बाजार से बारात की अध्यक्षता बेचू अग्रहरी अखिलेश अग्रहरि द्वारा और सोमवारी बाजार से अध्यक्षता विजय अग्रहरि और विश्वदीप अग्रहरि तथा सहयोगी के रुप में अमित अग्रहरि दीपू अग्रहरी संतोष सोनी सत्य मौर्या जितेंद्र मद्धेशिया राजन मद्धेशिया सुरेश अग्रहरि शिवकुमार अग्रहरि सुनील अग्रहरि लालमन अग्रहरि शैलेश शर्मा शिव जी सोनी आशीष कसौधन छांगुर सोनकर अमन सोनी विकास अग्रहरि लव कुश अग्रहरि विकास मौर्य आदि युवाओं द्वारा भव्य तरीके से निकाली गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा। अहरौला थानाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह, सब इंस्पेक्टर धनराज सिंह, चैकी प्रभारी लालबहादुर बिन्द, ऋषिकेश यादव, हमराहियों के साथ उपस्थित रहे।

### शरारती तत्वों ने तोड़ा विद्यालय का दरवाजा

**महराजगंज (आजमगढ़)।** पुलिस प्रशासन के सख्ती के बावजूद भी कुछ शरारती तत्व प्रशासन को चुनौती देने से बाज नहीं आ रहे हैं और कुछ न कुछ हरकत कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगे हैं। ऐसा ही एक मामला महराजगंज थाना क्षेत्र के मड़छा हरिबल्लभ कंपोजिट विद्यालय में देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा विद्यालय का दरवाजा तोड़ने की शिकायत थाने पर लिखित रूप में दिया है। उनका कहना है कि इस प्रकार की घटना विद्यालय में कई बार की जा चुकी है और आज जब विद्यालय खुला तो दरवाजा टूटा हुआ पाया गया जिसकी शिकायत डायल 112 पर भी किया गया है। अग्रिम कार्यवाही के लिए लिखित तहरीर स्थानीय थाने पर दी गयी है।

### गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी कलश यात्रा



**अतरौलिया।** नव दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ, हाथी घोड़े पालकी संग निकली कलश यात्रा। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस 34वें वर्ष भी समाधिष्ठ सन्त ब्रह्मलीन बाबा कल्पनाथ दास जी महाराज ह्यपंचपेड़वा बाबाह्न एवं ब्रह्मलीन सन्त मौनी जी महाराज की प्रेरणा से पं.कल्पनाथ दास स्मारक सेवा संस्थान पचपेड़वा आश्रम बड़का खपुरा ह्यटण्डवाह्न अतरौलिया, द्वारा शुक्रवार लोक कल्याण हेतु श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। हाथी घोड़े पालकी पर सवार महाराज जी के भव्य झांकी के साथ कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली। यह कलश यात्रा पचपेड़वा आश्रम से होते हुए पटेल चैक, रोडवेज, केसरी चैक, थाना रोड होते हुए कैलेश्वर धाम पहुंची जहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात पुनः सम्मो माता मंदिर होते हुए कलश यात्रा पचपेड़वा आश्रम पर संपन्न हुई। इस नौ दिवसीय महायज्ञ में विद्वानों द्वारा यज्ञ हवन आदि कार्य एवं मानस मर्मज्ञ विनोदानन्द सरस्वती जी महाराज प्रयागराज द्वारा संगीतमय श्री रामकथा प्रवचन एवं उपदेश दिया जाएगा। ततपश्चात वृन्दावन के रासमण्डली द्वारा सायं 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक रासलीला का भव्य आयोजन होगा। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणार्हुति, भण्डारा कार्यक्रम 18 मार्च शनिवार को होगा। आयोजक मानस मर्मज्ञ पं.चन्द्रेश जी महाराज भागवताचार्य ने बताया कि सनातन धर्म की रक्षा हेतु तथा लोक कल्याण हेतु लगातार 34वर्षों से महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### मामूली बात को लेकर की पिटाई

**आजमगढ़।** तहबरपुर थाना क्षेत्र के खरचलपुर गांव में मामूली बात को लेकर एक व्यक्ति ने एक लड़के को पीट दिया। पीड़ित के परिजनो ने मुकामी थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। उक्त गांव निवासी हरेंद्र पुत्र भोले निषाद ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरा लड़का महेंद्र राय के घर के समीप बकरी चरा रहा था। शेखर पुत्र प्रवेश राय ने इसी बात को लेकर लड़के की पिटाई कर दी। उलाहना देने गयी पत्नी को भी गाली देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर भगा दिया। पीड़ित ने थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगायी।

### एनएसएस विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

**आजमगढ़।** मां बबूना बालिका पीजी कॉलेज बडगहन आजमगढ़ में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रबन्धक ईश्वर चन्द्र राजभर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा.चारु पांडेय एवं कार्यक्रम अधिकारी डा. छोटेलाल सरोज उपस्थित थे। इसी क्रम में महामाया महाविद्यालय बड़गहन आजमगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ प्रबन्धक ईश्वर चन्द्र राजभर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा.अश्वनी कुमार मिश्र एवं कार्यक्रम अधिकारी डा.मनराज उपस्थित थे।

### प्रथम प्रयास में ही साक्षी बनी सब इंस्पेक्टर



अतरौलिया (आजमगढ़)। ग्रामीण परिवेश में रहकर सेल्फ स्टडी के बदौलत किसान की बेटी साक्षी के दारोगा बनने पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। अतरौलिया खानपुर फतेह निवासी सतीश सिंह की पुत्री साक्षी सिंह अपने प्रथम प्रयास में ही पुलिस अवर निरीक्षक की परीक्षा में चयनित हुईं, जिससे पूरे क्षेत्र व परिजनों में खुशी की लहर ब्याप्त है। साक्षी शुरू से ही मेधावी रही जिसकी प्रारंभिक शिक्षा दयानंद बाल विद्या मंदिर अतरौलिया तथा इंटरमीडिएट तक की शिक्षा जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर अंबेडकर नगर से हुई। साक्षी इलाहाबाद में रहकर एसएससी की तैयारी कर रही थी। इसी बीच अपने प्रथम प्रयास में ही सब इंस्पेक्टर बनकर परिवार का नाम रोशन किया। साक्षी दो बहने व भाई हैं जिसमें बड़ी बहन की शादी हो गई है। वहीं छोटा भाई सुमित इलाहाबाद में रहकर तैयारी करता है। साक्षी के पिता कृषक और माता गृहणी हैं। साक्षी ने बताया कि उसका लक्ष्य पीसीएस बनना है जिसके लिए वह निरंतर तैयारी कर रही है। अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों मित्रों के साथ ही अपने दादा विश्राम सिंह को देती हैं।

# अवैध असलहे के साथ एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



**आजमगढ़।** थाना कप्तानगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आपराधिक गैंग के सदस्य को अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

बीते 28 फरवरी को वादी मुकदमा प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार थाना कप्तानगंज द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि अभियुक्त प्रमोद तिवारी पुत्र केदार नाथ तिवारी निवासी कुशमहरा थाना कप्तानगंज एक शातिर किस्म का गिरोह बन्द अपराधी है जो अपने गैंग का गैंग लीडर है। इसके गैंग के सदस्य साहब उर्फ नूर मोहम्मद पुत्र हबीबुल्लाह, सूरज निषाद पुत्र जीता निषाद, रामअवध केवट पुत्र ढुनमुन, मुकेश यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासीगण कुशमहरा थाना कप्तानगंज, लक्ष्मण सिंह पुत्र अवधेश सिंह निवासी बिलारी थाना कप्तानगंज हैं। यह अपने तथा अपने गैंग के सदस्यों के आर्थिक, भौतिक तथा दुनियाबी लाभ हेतु स्वयं तथा सामूहिक रूप से सम्मिलित होकर अपराध करने का आदी है। उक्त के क्रम में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर धरौली मोड़ के पास से पकड़ लिया। अभियुक्त की पहचान साहब उर्फ नूर मोहम्मद पुत्र हबीबुल्लाह निवासी कुशमहरा थाना कप्तानगंज के रूप में हुयी। तलाशी में उसके पास से एक अदद नाजायज असलहा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ।

# लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर डीएम ने जतायी नाराजगी

**बैठक**

**कर, करेत्तर की हुई समीक्षा बैठक**



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर राजस्व माह फरवरी 2023 की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी द्वारा कर राजस्व के अन्तर्गत भू-राजस्व, स्टाम्प एवं पंजीकरण, आबकारी, बिक्री, वाणिज्य कर, वाहन कर, माल एवं यात्रीकर, विद्युत कर तथा शुल्क की समीक्षा की गयी। इसी के साथ ही करेत्तर राजस्व के अन्तर्गत वानिकी एवं वन्य जीव, भू-तत्व एवं धातुकर्म, लोक निर्माण विभाग (सड़क-पुल), नगर विकास विभाग, कृषि मण्डी समिति एवं बाट माप की समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान भू-राजस्व में क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक प्राप्ति का प्रतिशत 36.10 एवं वाहन कर, माल एवं यात्री कर में क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक प्राप्ति का प्रतिशत 68.83, इसी प्रकार करेत्तर राजस्व के अन्तर्गत भू-तत्व एवं धातुकर्म (खनन विभाग) में क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक प्राप्ति का प्रतिशत 42.38 एवं लोक निर्माण विभाग में क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष क्रमिक प्राप्ति का प्रतिशत 45.47 पाया गया। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व की वसूली कम पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माह मार्च के अन्त तक क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा कर एवं करेत्तर राजस्व संग्रह की भी समीक्षा की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, डीएफओ जीडी मिश्र, जिला आबकारी अधिकारी, एआरटीओ, वाणिज्यकर, एक्सीयन विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, मण्डी परिषद, ईओ नगर पालिका आजमगढ़ सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन के लिए जारी रहेगा संघर्षः विजय सिंह

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा स्थित जनता इंटर कालेज निजामाबाद के इतिहास प्रवक्ता विजय कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का लगातार सातवीं बार जिला मंत्री निर्वाचित होने पर शाखा मंत्री सत्येंद्र सिंह एवं शाखा अध्यक्ष मदन लाल यादव के नेतृत्व में स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। मैं शिक्षकों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। निःशुल्क चिकित्सा सुविधा के लिए भी संघर्ष होगा। सदन में पुरानी पेंशन बहाली के लिए हमारे शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जो मुद्दा उठाया उसके लिए शिक्षकों की तरफ से हम उनका आभार प्रकट करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कांत सिंह, शौकत अली सिद्दिकी, सभापति तिवारी, डॉ.दिनेश प्रताप सिंह, मदन लाल, राम सुधार पासवान, गिरीश यादव, शाखा मंत्री सत्येंद्र सिंह, उमेश राय, गणेश राम सोनकर, श्रीचंद यादव, रहमान, रंजीत सोनकर, संत प्रकाश, सत्येंद्र पांडेय, राहुल पाठक, दिनेश मौर्य, महेंद्र प्रसाद सोनकर आदि उपस्थित थे।

# सेना का फर्जी अधिकारी चढ़ा पुलिस के हत्थे



कप्तानगंज पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कप्तानगंज पुलिस ने भारतीय सेना की वर्दी धारण कर फर्जी अधिकारी बनने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

गुरूवार को कप्तानगंज पुलिस चैकी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दिया कि कल्यानपुर में एक व्यक्ति आर्मी आफिसर की वर्दी में संदिग्ध अवस्था में क्रेटा गाड़ी से घूम रहा है जो थोडी देर में खलीफतपुर की ओर जाने वाला है। यदि शीघ्रता किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। सूचना पर विश्वास कर पुलिस कल्यानपुर चैराहे पर वाहन चेकिंग करने लगी। थोड़ी देर बाद कल्यानपुर यादव बस्ती की ओर से एक सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी आती दिखाई दी। गाड़ी नजदीक आने पर रूकने का इशारा किया तो गाड़ी रूकते ही ड्राइविंग सीट पर बैठे आर्मी आफिसर का ड्रेस पहने व्यक्ति को नीचे उताकर अपना परिचय बताने को कहा गया तो वह आनाकानी करने लगा। सख्ती से पूछने पर उसने अपना नाम सन्तोष यादव पुत्र श्याम नरायन यादव निवासी कन्धेरी डूमरांव थाना सराय लखन्सी जनपद मऊ आर्मी का लेफ्टीनेंट कर्नल बताया। परिचय पत्र मांगने पर परिचय पत्र दिया जिस पर अंग्रेजी में लेफ्टीनेंट कैप्टन बैच नं. 183 नाम सन्तोष यादव पुत्र श्यामनरायन यादव निवासी कन्धेरी जिला मऊ यूपी डियूटी फ्राम ऋषिकेश बी.एन. 143 भर्ती बोर्ड अंकित है। जबकि वर्दी ले कर्नल की धारण किया है। उक्त के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि मैने समाज में अपना रौब बनाने के लिए उक्त वर्दी को धारण किया था। तलाशी के दौरान एक फोटो स्टेट कैन्टीन स्मार्ट कार्ड, एनपीएस की छाया प्रति, 2 वाकी टाकी सेट, एक अदद मोबाइल बरामद हुआ।

## भजन संध्या के साथ सम्पन्न हुआ होली मिलन समारोह

**पटवध (आजमगढ़)।** मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड आजमगढ़ अनिल नारायण सिंह के आवास पर होली मिलन समारोह संपन्न हुआ।समस्त विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा होली मिलन समारोह एवं भजन संध्या तथा भंडारे का आयोजन मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ अनिल नारायण सिंह के आवास पर रखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में महंत श्री रामकृष्ण दास, श्री मंगलदास और बड़ा गणेश मंदिर के महंत श्री राजेश मिश्र रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभु नारायण प्रेमी ने किया। मुख्य अभियंता अनिल नारायण सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को अबीर गुलाल लगाकर सबका सम्मान किया। भजन संगीत का कार्यक्रम हरिहरपुर संगीत घराना के माध्यम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर संजय पांडेय, फौजदार सिंह, बृजेश कुमार राय, एक्सियन अरविंद सिंह, पीएस, यादव, एमके अग्रवाल, विजय आदि उपस्थित रहे।

# जहरखुरान गिरोह का सदस्य गया जेल

**जनसंदेश न्यूज**



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना कप्तानगंज पुलिस ने जहरखुरानी कर राहगीरों को लूटने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया। बीते सात फरवरी को प्रवीण कुमार सिंह पुत्र त्रिलोकी नाथ सिंह निवासी मझगावा थाना रानी की सराय द्वारा लिखित तहरीर दिया गया कि 28 जनवरी को वह सेल्स मैन का काम करके अतरौलिया से आजमगढ़ जा रहा था। रास्ते में दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा छल करने की मंशा से आजमगढ़ ले जाने के लिये मोटर साईकिल पर बैठा लिया। कौड़िया बाजार में रूपम स्वीट हाउस एवं जनसेवा केन्द्र की दुकान से नशीला लड्डू व मन्दिर के सामने चाय की दुकान से नशीला चाय पिला कर वसूली के 8000 रुपए, सोनी की अंगूठी, ओपो मोबाईल जेब से निकाल लिया। प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गयी। अवलोकन से अभियुक्त शैलेश राजभर पुत्र दीनानाथ राजभर निवासी सिंघोरा थाना अतरौलिया का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को खलीफतपुर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम शैलेश राजभर पुत्र दीनानाथ राजभर निवासी सिंघोरा थाना अतरौलिया बताया।

# आशा राम बापू की रिहाई के लिए निकाला विरोध जुलूस

**रोष**

**जिलाधिकारी को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित पत्रक**



आशाराम की रिहाई के लिए जुलूस निकालते अनुयाई

**आजमगढ़।** आशाराम बापू की रिहाई की मांग को लेकर विरोध जुलूस निकालकर उनके अनुयायियों व समर्थकों ने विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृति रक्षा अभियान के अंतर्गत सनातन संस्कृति के मुख्य स्तम्भरूप संत आशाराम बापू की रिहाई के लिए जुलूस निकाला। राष्ट्रपति को संबोधित पत्रक सौंपा जिलाधिकारी को सौंपा।

परिवार से लेकर समाज, देश तथा विश्व की उन्नति में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। अतः महिलाओं को अपनी वास्तविक हिना से अवगत करवाकर उनके सर्वांगीण विकास हेतु संत आशाराम बापू द्वारा स्थापित महिला उत्थान मंडल की देशभर में फैली शाखाएं निरंतर प्रयासरत हैं। सौंपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया है कि लोकहित में अपना पूरा जीवन अर्पित करने वाले संयममूर्ति ऐसे महापुरुष को षड्यंत्र के तहत झूठे आरोपों में फंसाया गया है। इन आरोपों को सिद्ध करने के लिए न्यायालय के पास एक भी सीधा प्रमाण नहीं है। फिर भी बापूजी को आजीवन कारावास की सजा दी गयी है। इसी प्रकार एक अन्य सुनियोजित षड्यंत्र के तहत दूसरे केस में अहमदाबाद की एक महिला को मोहरा बनाकर बापूजी को झूठा फंसाया गया है। प्रसिद्ध न्यायविदों एवं कई संतों ने न्यायालय के इन निर्णयों को भारतीय न्याय व्यवस्था की ऐतिहासिक भूल कहा है। बापूजी पर किया गया केस पूरी तरह से गलत है। पिछले 10 वर्षों में एक घंटे की भी बेल पेरोल या अन्य कोई राहत नहीं दी गई जिससे आहत होकर महिला उत्थान मंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित पत्र सौंपा और उनकी रिहाई की मांग की। इस अवसर पर मीरा, नीता, अनीता निषाद, विद्या देवी, विमला, सहित दर्जनों अनुयाई उपस्थित रहे।

# जनपद की वैष्णवी अवनी बनी नेशनल अंपायर

**आजमगढ़।** जनपद की वैष्णवी अवनी ने जयपुर में 5 से 12 फरवरी तक संपन्न नेशनल अंपायर ग्रेड 2 की परीक्षा जिसमें पूरे देश से 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था जिसमें सिर्फ 27 प्रतिभागी सफल घोषित हुए उनमें से जनपद की वैष्णवी अवनी ने सफलता प्राप्त करते हुए भारतीय बैडमिंटन संघ की राष्ट्रीय अंपायर बनने का गौरव प्राप्त किया। वैष्णवी ने सफल होकर न सिर्फ आजमगढ़ बल्कि उत्तर प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश टेक्निकल ऑफिशियल कमेटी के संयुक्त सचिव अजेंद्र राय ने दी। वैष्णवी अवनी आजमगढ़ की पहली महिला राष्ट्रीय अंपायर के रूप में सफल हुई है तो एक तरफ जहां सरकार की मंशा के अनुरूप बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं महिला सशक्तिकरण अभियान चल रहा है ऐसी स्थिति में वैष्णवी ने तमाम बेटियों को एक विश्वास दिलसया है की आप सभी यदि खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हो तो असीमित संभावनाएं आपका इंतजार कर रही हैं। वैष्णवी की इस सफलता पर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉक्टर डीपी राय ने कहा कि वैष्णवी बहुत ही होनहार लड़की है और कम उम्र में ही नेशनल अंपायर का पायदान निश्चित रूप से



उसे विश्व पटल पर स्थापित करने में सहायक होगा। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के चेयरमैन विराज सागर दास अध्यक्ष नवनीत सहगल तथा सचिव डॉक्टर सुधर्मा सिंह ने वैष्णवी का नाम उत्तर प्रदेश से अग्रसारित कर सफल होने में सहयोग किया। वैष्णवी के नेशनल अंपायर बनने पर डॉ एके राय, राजेंद्र प्रसाद यादव, रमाकांत वर्मा, नीरज अग्रवाल, पुनीत राय, मनीष रत्न अग्रवाल, योगेंद्र मौर्य, पुनीत राय, सौरभ राय, सलमान अहमद, डॉ शहाबुद्दीन, डॉक्टर जफर, डॉक्टर युवी चैहान, डॉक्टर सीके त्यागी, के यम श्रीवास्तव, सुनील दत्त विश्वकर्मा, केसरी नारायण सिंह आदि ने बधाई दी।

# घर आये फौजी की हृदय गति रुकने से मौत

**दुखद**

**गांव में शोक की लहर**

**जनसंदेश न्यूज**



मृतक फौजी को श्रद्धाजंलि देते पिता परिवार के सदस्य व ग्रामीण

**आजमगढ़।** अमर शहीद फौजी अखिल निषाद को दी गयी अंतिम श्रद्धांजलि बताते चले कि अखिल निषाद पुत्र रामफेर निषाद ग्राम शम्भूपुर पोस्ट गहजी थाना अहिरौला के निवासी थे। वर्तमान में उनकी तैनाती लेह लट्ध्दाख ने थी । 19 फरवरी की अवकाश पर घर आये थे। बीते 26 फरवरी को घर पर ही अचानक सीने में दर्द होने लगी अखिल निषाद की तबीयत गंभीर होते देख परिजनों ने अस्पताल ले गए और अस्पताल में ही इलाज के दौरान डॉक्टरों ने अखिल निषाद को मृतक घोषित कर दिया। फौजी अखिल निषाद की मृत्यु की सूचना पर मानो गांव में शोक की लहर दौड़ गई सभी अंतिम दर्शन करने को लोगों का तांता लगने लग गया । 27 फरवरी को पोस्टमार्टम के बाद और नाम आंखों के साथ फौजी को दुवार्सा घाट पर अन्त्येष्टि कर दी गयी । पोस्टमार्टम में हृदय गति रुकने पुष्टि हुई। इस अवसर सभी इनके जीवन शैली पर चर्चा करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि। मृतक फौजी की मां वह पिता का रो रो कर बुरा हाल है। इस अवसर पर उनके पिता रामफेर ने कहा कि मेरे पास 4 बच्चे है। जिसमें एक अभी भी देश की सेवा कर रहा है और 2 बच्चे है परंतु मुझे गर्व है कि मेरे बेटे ने देश की सेवा की है जरूरत पड़ी तो और मैं दोनों बेटों को भी फौज में भेजने के लिए तैयार हूं ताकि वह देश की सेवा कर सके। जिससे मुझे वह जनपद वासियों को गर्व महसूस हो सके। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शम्भुपुर प्रधान पति सन्तोष निषाद पूर्व जिला पंचायत सदस्य राधेश्याम निषाद,चन्द्रशेखर निपाद, फौजी बड़े भाई सतिराम निषाद आदि लोग उपस्थित थे।

# निर्माणाधीन विन्ध्य कॉरिडोर का भ्रमण कर सीएम ने किया निरीक्षण

## मुख्यमंत्री ने विन्ध्याचल पहुंचकर मां विन्ध्यवासिनी देवी का किया दर्शन पूजन


मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करते सीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपने जनपद भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंव देव सिंह के विकास खण्ड जमालपुर के ग्राम औड़ी स्थित पैतृक आवास पर पहुॅचकर उनकी दिवंगत पूज्य माता रामा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री अपरान्ह लगभग 02:40 बजे देवकली इंटर कालेज के ग्राउंड में हेलीकाप्टर से पहंचे जहां पर मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी. एवं उप पुलिस महानिरीक्षक आर.पी. सिंह ने मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आर.आई. तथा निवेश प्रोत्साहन, नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, मंत्री प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप आशीष पटेल, सतीश चन्द्र वर्मा, रामकेस निषाद, संजीव कुमार गोंड एवं गिरीश चन्द्र यादव, जी.पी.ए. राठौर, विधायक चुनार अनुराग सिंह, विधायक चकिया आचार्य कैलाश के अलावा अन्य जन प्रतिनिधिगण के द्वारा भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये परिजनों से मुलाकात ढाढंस बंधाया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति, उप जिलाधिकारी चुनार नवनीत सेहारा के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

**जायजा**

- जमालपुर ग्राम औड़ी में मुख्यमंत्री के पहुंचने पर मण्डलायुक्त व डीआईजी द्वारा स्वागत करते हुये की गयी अगवानी
- जिलाधिकारी द्वारा विन्ध्य कॉरिडोर के निर्माण प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को दी गई जानकारी
- मुख्यमंत्री ने विन्ध्याचल में इलेक्ट्रानिक वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना
- मुख्यमंत्री ने जल शक्ति मंत्री के पैतृक आवास पहुंचकर उनकी दिवंगत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि
- शोकाकुल परिजनों से भेंट कर व्यक्त की अपनी संवेदनाएं

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का किया स्वागत


सीएम की आगवानी करते मंत्री व विधायक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्राम औड़ी से चलकर पुलिस लाइन मीरजापुर पहुंचे जहां पर मंत्री प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप आशीष पटेल, विधायक नगर पं. रत्नाकर मिश्र, मड़िहान रमाशंकर पटेल, मझवां डॉ विनोद बिन्द, जिलाध्यक्ष भाजपा बृज भूषण सिंह, प्रमुख सचिव सीएम संजय प्रसाद, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिवादन किया गया। हेलीपैड से निकलकर मुख्यमंत्री अपने काफिला के साथ विन्ध्याचल पहुंचकर माँ विन्ध्यवासिनी देवी का मंत्रोंच्चार के साथ दर्शन पूजन किया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री विन्ध्याचल में निमार्णाधीन विन्ध्य कारीडोर के कार्य प्रगति का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोंपरान्त जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा मुख्यमंत्री को विन्ध्य कारीडोर के मॉडल को दिखाते हुये निर्माण प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्य प्रगति के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि कारीडोर का स्ट्रक्चर वर्क लगभग पूर्ण है, जिस पर फिनिशिंग वर्क प्रारम्भ कर दिया गया है तथा स्टोन फिक्सिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा हैं। उन्होने बताया कि परकोटा का कार्य 75 प्रतिशत तथा पहुंच मार्ग 60 प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया हैं। पुरानी वी.आइ.पी., गंगा घाट द्वार पर मुख्य द्वार 80 प्रतिशत तथा न्यू वी.आई.पी. पर निर्माणाधीन मुख्य द्वार 70 प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया हैं। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री को विन्ध्य कारिडोर कार्य प्रगति की बुकलेट भेट करते हुये गंगा के घाटों पर कराये जाने वाले कार्य के बारें में बताया कि अखाड़ा घाट से दीवान घाट कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी द्वारा विन्ध्य वीथिका, विन्ध्य तीर्थ क्षेत्र, त्रिकोण परिक्रमा, इलेक्ट्रिक बस, प्रपोज्ड वाटर वे, काली खोह मन्दिर, तीर्थ विकास परिषद सहित चैत्र एवं शारदीय नवरात्र में कराये जाने वाले पर्यटक सुविधाओं, यात्री निवास व्यवस्था, आश्रय गृह, दिव्यांग जन सुविधाए, घाटों की सिल्ट सफाई एवं मेले में सुरक्षा व्यवस्था, महिला पिंक घाट तथा मीरजापुर क्षेत्र से सम्बन्धित अन्य विशिष्ट कार्यों के बारें में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी।

### इलेक्ट्रिक वाहन को सीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना


इलेक्ट्रिक वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सीएम

तदुपरान्त मुख्यमंत्री द्वारा इलेक्ट्रिक वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस इलेक्ट्रिक वाहन से मां विन्ध्यवासिनी देवी के दर्शन के आने वाले दिव्यांगजन एवं शारीरिक रूप से असशक्त व्यक्तियों को लाकर दर्शन कराया जायेगा। जिसकी मुख्यमंत्री के द्वारा प्रशंसा की गयी। निरीक्षणोपरान्त मुख्यमंत्री के द्वारा कारीडोर कार्य के पत्थर व पत्थर तराशने आदि के बारे में जानकारी ली तथा कार्य की प्रशंसा भी की गयी। उन्होने कहा कि कार्य को समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाय ताकि आने वाले दर्शनार्थियों को सुविधा मुहैया कराया जा सकें। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा अमित पाण्डेय, विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मनोज जायसवाल, मीडिया प्रभारी भाजपा ज्ञान चन्द्र दूबे, गौरव उमर के अलावा अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, लालगंज भरत लाल सरोज, डिप्टी कलेक्ट्रेट सिद्धार्थ यादव, क्षेत्राधिकारी नगर परमानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के अलावा अन्य जन प्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मां विंध्यवासिनी का सीएम ने किया दर्शन

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उड़न खटोला पुलिस लाइन में उतरने के बाद सीधे मां विंध्यवासिनी मंदिर में पहुंचे, जहां पर उन्होंने दर्शन पूजन किया। दर्शन पूजन का कार्य नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने कराया। दर्शन पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा दिव्यांग और बुजुर्ग श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए गाड़ी का भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि नवरात्रि में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

### मुख्यमंत्री के आगमन से पहले लगी थी रोक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विंध्याचल मंदिर में दर्शन पूजन को लेकर आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर करीब एक घंटे पहले से ही रोक लगा दिया गया था, जिसकी वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दर्शन पूजन करने के लिए दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कहा कि करीब दो घंटे से हम दर्शन करने के लिए कतार बद्ध है, लेकिन हम लोगों के दर्शन पूजन पर रोक लगी हुई है। जिससे हमें परेशानी हो रही है।

## सीएम ने जलशक्ति मंत्री के माता को अर्पित की श्रद्धांजलि


जलशक्ति मंत्री की मां को श्रद्धांजलि देते सीएम


परिजनों से वार्ता करते सीएम

**आगमन**

- देवकली इण्टर कालेज में उतरा सीएम का उड़नखटोला
- प्रदश के कई मंत्री पहुंचे जलशक्ति मंत्री के घर

**जमालपुर।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मातृ शोक की सूचना पर शुक्रवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवकली इंटर कालेज जमालपुर हेलीपैड से उतरने के बाद सीधे बाई कार ओडी दोपहर 2.39-मिनट पर पहुंचे जहां पहुंचते ही जय श्री राम के लोग जयकारा लगाते रहे जिसके बाद उनकी माता रामा देवी के चित्र पर मुख्यमंत्री ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसके पश्चात प्रदेश के मुखिया श्रंद्धाजलि स्थल पर बैठे रहे जहां कुछ भाजपा नेताओं के साथ मुलाकात किया। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, ने शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं जल शक्ति मंत्री सहित परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दरवाजे पर सुबह से आने जाने वाले लोगों का अभिवादन किया। करीब 10 मिनट ओडी गांव रहने के बाद हेलीकॉप्टर द्वारा मीरजापुर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मंत्री नंद कुमार नंदी, दर्शना सिंह, कैविनेट मंत्री आशीष पटेल, चुनार विधायक अनुराग सिंह, मंडलायुक्त डा0 मुथु कुमार स्वामी, सीओ मऊ अभय सिंह, अंकित सिंह पटेल, सूर्यमुनी तिवारी, गौरव सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, संजय सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र भान सिंह, नवीन पांडेय, रामजनम कुशवाहा, राहुल द्विवेदी, ओमप्रकाश सहित तमाम कार्यकर्ताओं के साथ सरकारी महकमा मौजूद रहे।

### आवागमन तक होती रही सड़क व नहर की सफाई

जमालपुर। मुख्यमंत्री के आने की सूचना पर जमालपुर से लेकर ओडी गांव तक नहर और सड़क की सफाई होती रही। अधिकारी लगातार कर्मियों को हिदायतें देते रहे। वहीं सड़क पर पहले से बनाए गए सभी गति अवरोधक को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया और जगह जगह मिट्टी डालकर सड़क के गड्ढे को भरा गया।

### उड़न खटोला देखने को उमड़ा सैलाब

हेलीकॉप्टर को देखने के लिए स्थानीय इंटर कालेज में लोगों की भीड़ जमी रही जिसको देखते हुए एसडीएम चुनार नवनीत सेहरा, सीओ सहित पुलिस कर्मियों ने लोगों को पहले से बनाए गए पास को देखा। वहीं अन्यथा की स्थिति में हेलीपैड ग्राउंड से सभी को बाहर निकाला गया।

### छावनी में तब्दील रहा गांव

जमालपुर इंटर कालेज से लेकर ओडी गांव तक के सभी दुकानों को शुक्रवार के सुबह से ही सुरक्षा को देखते हुए बंद करा दी गई थी। हर जगह पुलिस फोर्स लगातार चक्रमण करते रही। पुलिस प्रशासन द्वारा ओड़ी गांव में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था। मुख्यमंत्री आगमन की सूचना मिलते ही जमालपुर क्षेत्र में अधिकारियों के सायरन लगातार गुरुवार की रात से शुक्रवार शाम तक हेलीपैड से लेकर ओडी गांव तक सायरन गूँजता रहा।

## जिलाधिकारी ने विंध्य कॉरिडोर के प्रगति की दी जानकारी


कारिडोर की जानकारी देतीं डीएम

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विंध्य कॉरिडोर के निर्माण कार्य की एक एक करके जानकारी दी, जहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टहलकर कॉरिडोर की प्रगति के बारे में जाना इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नवरात्रि से पहले विंध्य कॉरिडोर का काम लगभग पूरा करा दिया जाए, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

## वीरान हुआ अहरौरा का सरकारी परिवहन अड्डा


अहरौरा का विरान बस अड्डा

**अहरौरा।** कहते है जब उम्मीदों की चिड़िया उड़ जाए तो समझ लीजिए निराशा लम्बे अरसे तक चलने वाली है। अहरौरा की जनता, आस और निराश में भटकी हुई है। नेता से लेकर अधिकारियों के यहां लिखित मौखिक हर तरीके से शिकायत की गई, लेकिन कोई न सुनने की कसम खाकर बैठे लोगों के कान में जूं तक नही रेंग रहा है। अहरौरा क्षेत्र माँ भंडारी की गोद में बसा यह क्षेत्र हर पहलू से संपन्न क्षेत्र है। पर्यटन के हिसाब से जिले अहरौरा से बेहतर कोई स्थान नही है।

अहरौरा में झरने व बांध लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पर्यटन व क्षेत्रीय लोगों की समस्या को देखते हुए बस स्टैंड बनाया गया, लेकिन गाड़ियों के आवागमन न होने और देखरेख नही होने के आभाव में खस्ताहाल हो गया है। अहरौरा के संकट मोचन मंदिर के बगल में परिवहन विभाग का टिकट घर व बस अड्डा आज भी वीरान हो गया। सोनभद्र, मीरजापुर वाराणसी चकिया चंदौली के बीच में बसा अहरौरा बाजार का नाम हर लोगों के जुबां पर रहता था। लोगों को उम्मीद थी कि सड़क पर सरपट बस दौड़ेगी, लेकिन यह बस उनके मन में ही दौड़ी, जमीन पर नही। पहले अहरौरा से चारों दिशा में जाने वाली परिवहन विभाग की बस बड़ी आसानी से मिल जाती थी। लोग सुरक्षित अपने घरों से लेकर दफ्तर व जिला मुख्यालय जाते थे। लेकिन अब देखरेख के आभाव में परिवहन विभाग का टिकट घर वीरान हो गया। टिकट घर बंद होने गुमती ठेला व पान चाय की दुकान बंद हो गई है। अभी तक लोग आस लगाए बैठे है कि वीरान हुआ परिवहन विभाग का टिकट घर कब आजाद होगा।

## तार न खंभा बिजली का बिल भेज दिया लम्बा

**हलिया।** क्षेत्र के हर्रा ग्राम पंचायत के कटाई गांव निवासी बृज लाल ने घर में बिजली का तार भी नही लगा होने पर विद्युत विभाग द्वारा 19702 रूपए का बिजली बिल दिए जाने पर हैरानी जताते हुए शुक्रवार को सीएम पोर्टल पर विद्युत विभाग के लापरवाह अधिकारियों, कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए गुहार लगाई है। सीएम पोर्टल पर दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बृजलाल ने बताया कि घर में बिजली का तार भी नही लगा है न ही विद्युत विभाग द्वारा बिजली का पोल आदि लगाया गया है। इसके बाद भी 19702 रूपए का बिजली बिल भेज दिया गया है। जबकि घर से पांच सौ मीटर विद्युत पोल है और घर में बिजली का उपयोग नही है फिर भी विद्युत विभाग द्वारा गलत ढंग से बिजली का बिल भेज दिया गया है। ग्रामीण बृजलाल ने मामले की जांच कर बिना तार खंभा लगाए बिजली का बिल गलत ढंग से भेजने वाले विद्युत विभाग के लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

**दुखद**

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**जनसंदेश न्यूज**


युवक की मौत के बाद मातम मनाते परिजन

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। मड़िहान थाना क्षेत्र के हरिहरा गांव निवासी सुजीत पटेल राजगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत भवानीपुर गांव में अपने किसी रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकला था लेकिन देर शाम तक नहीं पहुंच सका।

जिसकी जानकारी के लिए जगह जगह फोन किया गया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। कुछ देर बाद घरवालों ने खोजबीन शुरू की जहां युवक का कोई अता-पता नहीं चल सका। थक-हार कर परिजनों ने राजगढ़ थाने पर युवक के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई जहां कुछ ही देर बाद दरवान व इंदिरानगर के मध्य बने पुल के नीचे एक मोटरसाइकिल सवार का शव मिलने से सनसनी फैल गई और पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और युवक की पहचान के लिए परिजनों को बुलाया गया। जहां शव की पहचान होते ही घरवाले तथा रिस्तेदारों ने जोर जोर से दहाड़े मारकर रोने लगे।

युवक की मौत पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए घटना को अंजाम देने वाले लोगों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। इस दौरान थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव एवं पुलिस बल के जवानों ने शव को अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

## संक्षेप

### भूख हड़ताल पर बैठा श्रमिक परिवार



**मीरजापुर।** विकास खण्ड छानबे के नौगांव गांव निवासी श्यामधर, सत्यनारायण, जिलाजीत, सूर्यमणि, झल्लर पुत्रगण स्व बंशीधर ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अवगत कराते हुए बताया कि पट्टे की जमीन पर विपक्षी गण घर बनवाने में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। पीड़ितों ने बताया कि बीते सात फरवरी को पट्टे वाली भूमि पर प्रधानमंत्री आवास बनवाने के लिए सामग्री गिरवाने लगे जहां विपक्षीगण गोलबंदी करते हुए काम को रोक दिया। जिनके कृत्यों से तंग आकर पीड़ित ने इसकी जानकारी सम्बंधित अधिकारियों को दी। पीड़ित ने बताया कि बार बार प्रार्थना देने के बाद भी आजतक कोई सुनवाई नही हुई। साथ ही पीड़ित ने कहा कि हमारे पट्टे की जमीन पर मकान नही बना तो 10 मार्च से पूरे परिवार समेत भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

### जनता के बीच जाकर गिनायें डबल इंजन सरकार का काम : अध्यक्ष



**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में प्रेसवार्ता के पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी द्वारा जिला की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनन्दन किया। तत्पश्चात क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी महेशचंद श्रीवास्तव ने प्रदेश अध्यक्ष व आये हुए सभी संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का स्वागत अभिनंदन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा जो की घोषणा संकल्प पत्र में कहा गया वह सभी कार्य हमारी डबल इंजन की सरकार ने बेखुबी से किया। साथ में आज पूरे देश के लगभग प्रदेशों में हमारी पार्टी सरकार चल रही है। और प्रत्येक प्रदेशों में हमारा संगठन मजबूती से अंतिम पायदान तक कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सिर्फ कार्यकर्ताओं की पार्टी है। आज हमारा संगठन विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है। हमारी पार्टी की सरकार शहर से लेकर गाँव के सड़क व गली तथा बेहतर बिजली वितरण का कार्य किया। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के कार्यकर्ता को बिना किसी दबाव, टकरार के जनता के बीच जाकर डबल इंजन की सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताना है। साथ में प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ काम करना है। हमें अंतिम पायदान तक खड़े व्यक्ति तक पहुँचने के लिए मोदी का सपना ग्राम प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक को साकार करना होगा। कार्यक्रम का समापन प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी अनामिका चौधरी ने आये हुए मुख्य अतिथि व सभी जनप्रतिनिधिगण व वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारीगण तथा जिला पदाधिकारीगणों का आभार व्यक्त किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री हरि शंकर सिंह पटेल ने किया। उक्त बैठक में मुख्य रूप से नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, सदस्य विधान परिषद श्याम नारायण सिंह (विनीत सिंह), अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कन्नौजिया, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, गंगासागर दूबे, मनोज जायसवाल, उत्तर कुमार मौर्य, अनिल सिंह, बालेन्दुमणि त्रिपाठी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव, धनेन्द्र पाण्डेय के साथ साथ जिला के सभी पदाधिकारीगण, मोर्चों के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्रीगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

### आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

**चील्ह।** न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर चील्ह पुलिस ने धारा 82 की कार्यवाही व नोटिस चस्पा किया। जानकारी के अनुसार मझिगवा गाँव निवासी बब्बू केवट पुत्र बिग्गड़ केवट के ऊपर धारा 354/452 महिला अपराध के तहत अभियोग पंजीकृत है। न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन के आदेश पर आरोपी के घर चील्ह पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में हाजिर होने के लिए गांव में डुगडुगी पिटवाया और पंचायत भवन, प्राइमरी स्कूल व सार्वजनिक स्थानों पर नोटिस चस्पा किया।

# गरीब विरोधी है देश की भाजपा सरकार : शिव शंकर चौबे


बैंक पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जनपद कछवां बाजार भारतीय स्टेट बैंक के बाहर जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे एवं ब्लॉक अध्यक्ष कुंज बिहारी उपाध्याय के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार जनमानस का पैसा अडानी कम्पनी को दिया हैं। केंद्र की बीजेपी सरकार गरीब विरोधी सरकार है इस सरकार में उद्योगपतियों को फायदा हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान मुन्ना मिश्रा, अखिलेश सिंह, सतीश शर्मा, अनुज मिश्रा, श्यामधर उपाध्याय, तिलकधारी तिवारी, प्रमोद गुप्ता, हरिश्चंद्र, छानबे ब्लॉक अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी एवं पीसीसी सदस्य जनार्दन पाठक के नेतृत्व में विजयपुर स्टेट बैंक के बाहर प्रदर्शन किया गया। चुनार नगर अध्यक्ष आदिल गुप्ता एवं चुनार नगर पालिका अध्यक्ष मंजूर अहमद के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मंसूर अहमद, अख्तर अली, नियाज अहमद, धमुधारी यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### बैंक गेट के सामने कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**लालगंज।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को एसबीआई बैंक लालगंज के मुख्य गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। आरोप लगाया गया कि वर्तमान सरकार बुनियादी ढांचे में परिवर्तन लाते हुए एसबीआई एलआईसी जैसी सार्वजनिक संस्थाओं में निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि देश का मध्य वर्ग परेशान है। उसके आर्थिक हितों का नुकसान हो रहा है। जिसके कारण समुचित रूप से विकास नहीं हो रहा है। कहा कि गरीबा मध्यवर्ग के जमा पैसे बचत जोखिम में से गुजर रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस शासन में गरीबों का ध्यान रखा गया जबकि वर्तमान सरकार में उपेक्षा का बर्ताव किया जा रहा है। मौके पर अनिल, रोशन, माधव, अजय, शिवकांत, हीरालाल, शहाबुद्दीन, रोशन, राम नरेश, खालिक, कृपाशंकर, गुलशन आदि प्रदर्शन में शामिल है।

## नाबालिगों को अवैध शराब बांटने से मना करने पर मारपीट

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुँगी कलां गांव निवासी दूधनाथ ने नाबालिग बच्चों को शराब बांटने से मना करने पर राजपुर गांव निवासी युवक तथा उसके दो साथियों पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में दूधनाथ ने आरोप लगाया कि बीते बुधवार को शाम साढ़े छह बजे के करीब गांव में निमंत्रण खाने के बाद रास्ते में दुकान पर सामान खरीदने लगा। उसी दौरान राजपुर गांव निवासी युवक कार से अपने दो साथियों के साथ आया और कार के भीतर रखे दो पेटी अवैध शराब को दुकान पर मौजूद नाबालिग बच्चों को बांटने लगा। इसका विरोध करने पर राजपुर गांव निवासी युवक अपने दो साथियों के साथ मारने पीटने लगा मेरी चीख-पुकार सुनकर अहुगी कलां गांव निवासी अमित शुक्ला, आजाद, आदर्श मिश्र मुझे बचाने के लिए दौड़े तो युवक अपने साथियों के साथ उन्हें भी लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। किसी तरह से सभी लोग जान बचाकर घर पहुंचे। राजपुर गांव निवासी युवक अहुँगी कलां निवासी दुकानदार के यहां अवैध शराब व गांजा की बिक्री करवाता है जिससे क्षेत्र के नाबालिग बच्चे नशे की लत में पड़कर बर्बाद हो रहे हैं। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पात्रों की सूची बनाकर दिया जायेगा आवास : बीडीओ

**जनसंदेश न्यूज**

**बैठक**

ब्लॉक के कामापुर व बदेवरा चौबे में किया गया चौपाल का आयोजन

**जिगना।** विकासखंड छानबे दिन शुक्रवार को शासन के निर्देशानुसार विकासखंड के ग्राम पंचायत बदेवरा चौबे व कामा पुर कला में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। दोनों जगहों पर शांति पूर्वक और सौहार्द के वातावरण में चौपाल संपन्न हुआ। जिसमें भारी संख्या में महिला व पुरुष ग्राम चौपाल में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को अधिकारियों को अवगत कराया।

ग्राम पंचायत बदेवरा चौबे में चौपाल की अध्यक्षता ग्राम प्रधान माहेश्वरी उपाध्याय और कामापुर कला में पूजा विश्वकर्मा ने किया। दोनों ग्राम पंचायतों में आवास के लाभार्थी की संख्या काफी दिखी। आवास को लेकर खंड विकास अधिकारी हरिओम गुप्ता ने कहा कि आवास से वंचित पात्र लोगों की एक सूची बनाई जाएगी जिसको शासन स्तर पर 1 महीने के अंदर भेजा जाएगा जो लोग मानक में आते हैं ऐसे लोगों को लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। जन चौपाल में सभी विभागों के लोग अपने-अपने विभाग के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव, प्रभारी सीडीपीओ शशि कला पाठक, एडीओ एस टी विंध्यवासिनी पाठक, ए डी ओ कोऑपरेटिव वेद प्रकाश, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश उर्फ सेखू उपाध्याय, प्रधान प्रतिनिधि महेश विश्वकर्मा, सचिव बृजेश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सौम्या सिंह, रोजगार सेवक उमेश कुमार विश्वकर्मा, सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वेद प्रकाश व ओम प्रकाश उपाध्याय ने किया।

# फर्जी तरीके से सस्ते गल्ले की दुकान चयन पर भड़के ग्रामीण

**गुस्सा**

### कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन कर संबंधित अधिकारियों पर लगाया धांधली का आरोप



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण

**सोनभद्र।** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का फर्जी तरीके से विभागीय अधिकारियों द्वारा चयन किए जाने के खिलाफ नगवां विकास खंड के ग्राम पंचायत बैजनाथ के दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को नामित ज्ञापन संबंधित बाबू को सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

ग्रामीणों ने बताया कि वे ग्राम पंचायत बैजनाथ न्याय पंचायत रामपुर विकास खण्ड नगवां के मूल निवासी हैं। प्रार्थीगण गुलाब स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं। शासन के आदेशानुसार हमारे समूह को सरकारी सस्ते राशन की दुकान चलाने हेतु नोडल अधिकारीयों के द्वारा पात्र बताया गया, लेकिन हम सभी लोग दुकान चलाने में असमर्थ हैं। शपथ पत्र के माध्यम से अपनी असमर्थता उपजिलाधिकारी कार्यालय में दिया गया, इसके अलावा तहसील दिवस में भी दुकान न चलाने का प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर एसडीएम के आदेशानुसार सप्लाई इंस्पेक्टर नगवां जाच करने हेतु ग्राम पंचायत बैजनाथ गए और वहां सभी सदस्यों का बयान दर्ज किया गया। परन्तु समूह के किसी एक व्यक्ति के कहने पर फर्जी तरीके से हम लोगों के नाम से शपथ पत्र पर दुकान चलाने की सहमती दिखाकर सावित्री देवी पत्नी रविन्द्र नाथ के नाम से चयन किया गया है, जो पूरी तरह फर्जी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित कराते हुए चयन को निरस्त करते हुए फिर से ग्राम पंचायत में खुली बैठक कराकर चयन करने की मांग किया। इस मौके पर मुनिया देवी, संगीता, कुट्टी, सुकुमारी, शांति, महेश्वरी, फुलवंती, सरस्वती, फूलना, रामदेवी, गायत्री, गीता ,पुष्पा, सरस्वती, गंगा जली, पार्वती, रामसागर ,राम ब्रिज, बृजेश कुमार, मोहन राम, शिवचंद्र, कैलाश, प्रेमनाथ समेत तमाम लोग मौजूद रहे। इस संदर्भ में डीएसओ गौरी शंकर शुक्ला ने बताया कि मामले में जानकारी हुई है। पुनः जांच करायी जाएगी अगर यह गलत पाया गया तो उसको निरस्त करके पुनः सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का चयन कराया जाएगा।

## केन्द्र की अर्थिक नीतियों के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल




एलआईसी आफिस के सामने प्रदर्शन करते कांग्रेसी

**सोनभद्र।** अडानी के पक्ष में भाजपा सरकार की क्रोनि कैपिटलिज्म नीति के खिलाफ राबर्ट्सगंज ब्लॉक कॉग्रेस कार्यकताओं ने शुक्रवार को ब्लाक अध्यक्ष अमरेश देव पांडे के नेतृत्व मे जमकर प्रदर्शन कर केंद्र सरकार पर भष्टचार का आरोप लगाया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनि कैपिटलिज्म की नीति से आप सभी वाकिफ हैं।

गहरे अर्थिक संकट में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है। एसबीआई, एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश के लिए मजबूर कर रही है। जिससे मध्यम और गरीब वर्ग के भारतीयों की करोडों की बचत जोखिम में है। जनता की गाढ़ी कमाई को अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुचाने का कार्य कर रही मोदी सरकार को जनता सबक जरूर सिखाएगी। इस मौके पर शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी, शत्रुंजय मिश्र, निगम मिश्रा, पंकज पटेल, शीतला पटेल, बुल्लू कोल, पंकज मिश्रा, प्रमोद पांडे, प्रदीप पटेल, विजय शंकर, ओम प्रकाश, धीरेन्द्र, कृपाशंकर,अमिताभ चौधरी, देवानंद विश्वकर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### संडे मार्केट में अतिक्रमण कर तान दिया दुकान प्रबंधन अनभिज्ञ



अतिक्रमण कर बनाया गया मकान

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना प्रबंधन की मिलीभगत से संडे मार्केट में परियोजना की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर दुकान का निर्माण कर लिया गया है, लेकिन प्रबंधन अनिभिज्ञता प्रकट कर रहा है। प्रबंधन परियोजना विस्तार के तहत अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए जिलाधिकारी से लेकर उपजिलाधिकारी तक चक्कर काट रहा है। वहीं मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध निर्माण भी करा रहा है। ताजा मामला सन्डे मार्केट का सामने आया है। जहां बाकायदा कमरे का निर्माण कर लिया गया और प्रबंधन अनिभिज्ञता प्रकट कर रहा है, जबकि संडे मार्केट में बाहर से आए हुए व्यवसाइयों को बचा हुआ सामान रखने नही दिया जाता है। इतना ही नहीं यदि परियोजना के खाली जगह पर कोई अपना ठेला, टाली लगाकर अजीविका चलाने का प्रयास करता है तो बड़ी संख्या में तुरंत सुरक्षाकर्मी पहुंच कर हटा देते हैं। ऐसे में संडे मार्केट जैसी खुली जगह निर्माण हो गया और किसी को पता नहीं चला, यह समझ से परे है। इस सम्बंध में अपर महाप्रबंधक सिद्धार्थ मंडल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी मैं नया आया हूं, पीआरओ से बात कर लीजिए। वही जन सम्पर्क अधिकारी ने कहा कि पता करके बाताया जाएगा।

### चिटफंड कंपनियों में जमा पैसे के वापसी की पहल तेज

**दुद्धी।** तहसील क्षेत्र के तीनों ब्लाक क्षेत्र में चिटफंड कंपनियों के द्वारा क्षेत्र में बैंक खोलकर क्षेत्र के गरीब आदिवासियों ने अपने गाढ़ी कमाई का पैसा जमा करा लिया था। कुछ वर्षो बाद सारा पैसा लेकर फरार हो गई। क्षेत्र के गरीब आदिवासी अपना पैसा बैंक से वापसी कराए जाने की मांग करते रहे लेकिन किसी ने नहीं सुना। लेकिन गरीबों की गाढ़ी कमाई वापसी के लिए अब प्रशासनिक पहल तेज हो गयी है। शासन की पहल पर अपर जिला अधिकारी द्वारा उप जिला अधिकारी को पत्र भेजा गया है कि चिटफंड बैंकों में जिन लोगों ने अपना पैसा जमा कराया था ऐसे लोगों का प्रार्थना पत्र तहसील उप जिला अधिकारी के यहां जमा कराया जाए। तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि आज शुक्रवार को इस संदर्भ में बभनी व अन्य क्षेत्रों के दर्जनों शिकायतें प्रार्थना पत्र जमा कराया गया है।

### वाहन के धक्के से नीलगाय जख्मी

**बभनी।** गर्मी शुरू होने के साथ ही वन्य जीवों के समक्ष पेयजल की किल्लत हो गई है। पानी की तलाश में पशु पंक्षी जंगल से बस्ती व गांवों की तरफ रुख कर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह पानी की तलाश में भटक कर आए नीलगाय को ग्रामीणों ने देखा। ग्रामीणों के मुताबिक नीलगाय सड़क पार कर रहा था कि गाड़ी ने टक्कर मार दिया, जिससे उसके पैर में चोट आयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग के टीम ने चिकूटोला पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद घायल नीलगाय को पकड़कर पिकअप से उपचार के लिए पशु अस्पताल बभनी अपने साथ ले गई। बभनी वन क्षेत्रीय अधिकारी अवधनरायण मिश्रा ने बताया कि घायल नीलगाय का उपचार कराया जा रहा है, ठीक होने के बाद नीलगाय को जंगल में छोड़ दिया जायेगा।

### कूकर फटने से युवक झुलसा

**दुद्धी।** कोतवाली क्षेत्र के रजखड़ गांव में शुक्रवार को कूकर फटने से एक युवक का चेहरा झुलस गया। आनन फानन में परिजनों ने उसे सीएचसी लाकर उपचार कराया, तब जाकर उसे राहत मिली। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय सोनू कुमार पुत्र कृष्णकांत निवासी रजखड़ की मां घर में दाल चढ़ाकर खेत में काम करने चली गयी। सोनू उस दौरान घर में बैठा था कि एकाएक कूकर फट गया और दाल के छीटे उसके चेहरे पर पड़ गए, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया।

### जंगल में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**म्योरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत काचन के जंगल में सिद्धा के पेड़ से एक युवक का लटकता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लगभग 2 बजे कांचन के जंगल में देवरी निवासी राजकुमार पनिका पुत्र भागीरथी पनिका (28) का शव सिद्धा के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला ।इस घटना की सूचना तत्काल ग्रामीणों द्वारा म्योरपुर पुलिस को दी गयी सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी भेज दिया ।जानकारी के अनुसार राजकुमार पनिका शुक्रवार को सुबह अपने घर से बिना परिजनों को बताए निकला था और शुक्रवार को दोपहर में उसका शव काचन के जंगल मे पेड़ से लटकता मिला ।फिलहाल मौत के कारण का पता नही चल सका है पुलिस जांच में जुटी हुई थी।

### वार्ड वार निर्वाचक नामावली प्रकाशित

**सोनभद्र।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने नगर पालिका परिषद सोनभद्र, नगर पंचायत घोरावल, चुर्क-गुरमा, चोपन, ओबरा, डाला रेणुकूट, दुद्धी, पिपरी, अनपरा के निवासियों को सूचित किया है कि नगर की वार्ड वार निर्वाचक नामावली प्रकाशित कर दी गई है। निर्वाचक नामावली कार्यालय के अतिरिक्त अन्य स्थानों में आम लोगों के लिए निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध है, कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचक नामावली में अपना नाम जुड़वाना चाहे या किसी प्रविष्टि को संशोधित करना चाहे या किसी व्यक्ति के नाम के संबंध में आपत्ति करना चाहे, वह अपना दावा निर्धारित प्रपत्र में 11 मार्च से कार्यालय समय के दौरान कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण, राजा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्री अधिकारी, कार्यालय नगर पालिका परिषद /नगर पंचायत जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरी निकाय, संबंधित मतदान केंद्र पर 17 मार्च तक अपराहन 3:00 बजे के पहले प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

### होली मिलन समारोह के जरिए बांटा स्नेह

**सोनभद्र।** सोन महिला मंच द्वारा शुक्रवार को चंडी तिराहा के समीप होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने होली गीत, नृत्य से घंटो आनंद लिया और होली पूर्व स्नेह मिलन किया। इस दौरान महिलाओं ने जमके धमाल मचाया। कोमल पाण्डेय ने कहा कि होली आपसी सौहार्द और भाइचारे का प्रतीक है। यह समाज को समरसता का संदेश देता है और वर्गों को एकसूत्र में बांधने का काम करता है। कहा यही वह समय है मनमुटाव को दूर कर आपस में मिल कर खुशियां बांटना चाहिए। आयोजक पूनम गिरी ने कहा कि जिस दिन होली के रंग में सब एक बराबर होकर उसमे रंग जाएंगे उस दिन असली होली होगी। होली हमें ऊंच, नीच की खाई पाटने को प्रेरित करता है। कार्यक्रम में अर्चना गिरी, प्रियंका द्विवेदी, शारदा, कोमल, उषा मिश्रा, सिंधु मिश्रा आदि ने अपने नृत्य से दिल जीत लिया। बाकी महिलाओं ने भी संगीत की धुन पर थिरक कर माहौल को मस्ती से सराबोर कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी झूमते नजर आए। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर स्नेहलता, इंदु, शारिका, अर्चना गिरी, प्रिया गिरी, पुष्पा सिंह, नीरज, आशा, रंजना, सीता पाण्डेय, तारा, गीता, उर्मिला, किरण त्रिपाठी, मनीषा राय, गायत्री, मीरा आदि मौजूद रही।

## हत्या के दोषी पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को उम्रकैद, 10 हजार अर्थदंड

**सजा**

### नौ वर्ष पूर्व रामनारायण यादव की गोली मारकर हत्या करने का है आरोप

### पांच अन्य आरोपी साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नौ वर्ष पूर्व रामनारायण यादव की गोली मारकर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को उम्रकैद व 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

वहीं पांच अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी निवासी अनामिका यादव पुत्री रामनारायण यादव ने ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 21 फरवरी 2014 को घर पर उसके अलावा उसके पिता, मां और दो नौकर मौजूद थे। सुबह करीब आठ बजे दो लोग घर पर आए और घंटी बजाने लगे। जब नौकर ने दरवाजा खोला तो दोनों गिट्टी लेने की बात करते हुए घर में घुस गए और एक युवक ने उसके पिताजी को गोली मार दिया और दोनों घर से बाहर निकले और बाइक से भाग गए। उधर पिताजी तड़पने लगे तो चाचा के लड़के को फोन करके बुलाई और पिताजी को ओबरा परियोजना अस्पताल ले जाया गया जहां पहुंचते ही डाक्टरों ने उसके पिता रामनारायण यादव को मृत घोषित कर दिया।

इस तहरीर पर 21 फरवरी 2014 को शाम आठ बजे ओबरा पुलिस ने पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे पुत्र सुनील दुबे निवासी पट्टी दयाल मुरादपुर, थाना बदलापुर जिला जौनपुर समेत छह लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को उम्रकैद व 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

### आर्म्स एक्ट में भी बंटी को हुई पांच वर्ष की कैद

सोनभद्र। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने शुक्रवार को आर्म्स एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को पांच वर्ष की कैद व 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 19 मई 2014 को ओबरा एसओ अनिल कुमार यादव ने दी तहरीर में अवगत कराया था कि वे पुलिस बल के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश में थे कि तभी मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि रामनारायण यादव हत्याकांड में शामिल अभियुक्त टाटा सफारी गाड़ी से घूम रहे हैं। इस सूचना पर घोरावल एसओ भारत भूषण तिवारी को पुलिस बल के साथ खैरटीया बंधे के पास बुलाया। जब दोनों लोग बातचीत कर रहे थे और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक सफारी गाड़ी आई जिसे घेरकर रोक लिया गया। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे समेत चार लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुष्पेंद्र के कब्जे से रामनारायण यादव हत्याकांड में प्रयुक्त असलहा भी बरामद कर लिया। रामनारायण यादव की हत्या करने के लिए 10 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। शेष बकाए रुपए को लेने के लिए आए थे कि पुलिस ने पकड़ लिया। इसी मामले में पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को आर्म्स एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुए अदालत ने सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

### दुष्कर्म मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दुष्कर्म मामले में शुक्रवार को मुन्ना प्रसाद पुत्र मेहीलाल उर्फ सम्पति निवासी कतरीहार, पोस्ट दुधमनिया, मोरवा, सिंगरौली व अजय प्रकाश गुप्ता पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता, निवासी चिल्काडांड बस्ती, शक्तिनगर को औड़ी मोड़ के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## स्वास्थ्य कर्मी के घर ताला तोड़कर हजारों की चोरी, मचा हड़कंप

**बेखौफ**

### कस्बा चौकी क्षेत्र के ब्लड बैंक के समीप का मामला

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** कस्बा चौकी क्षेत्र के ब्लड बैंक के समीप एक स्वास्थ्य कर्मी के घर में बुधवार की रात घर का दरवाजा तोड़कर चोरों द्वारा सोने चांदी व लाखों के नगदी सहित हाथ साफ कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला अस्पताल एचआईवी काउंसलर सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि बीते सात तारीख को ड्यूटी के बाद छुट्टी लेकर अपने मूल निवास देवरिया के लिए परिजनों के साथ वहां से निकल गए। दूसरे दिन जब सुबह बृहस्पतिवार को दूध देने वाला रूम पर गया तो देखा दरवाजा खुला हुआ है और सामान बिखरे हुए हैं।



जिसपर उसने फोन करके मामले में अवगत कराया। परिजनों के साथ आनन-फानन में कमरे पर पहुंचा तो देखा कि सामान इधर-उधर बिखरा है, मेन गेट के व अलमारी के दरवाजे टूटे हैं। अंदर रखा जेवरात, नकदी सहित लाखों का सामान गायब था। जिस पर तत्काल मामले में सदर कोतवाली में तहरीर देकर सोने का अंगूठी दो, बड़ा झुमका सोने का एक सेट, सोने का मंगलसूत्र एक सेट, सोने की बाली एक सेट, नगद लगभग तीस हजार रुपए व मोबाइल, घड़ी सहित अन्य सामग्री चोरी होना बताते हुए कार्रवाई की मांग की गयी है। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार दोपहर बाद तक मामला दर्ज नहीं हुआ था। पुलिस द्वारा गोल मटोल जवाब देकर बता दिया गया कि जांच चल रही है। इस मामले में एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी को मामला दर्ज कर चोरी का खुलासा करने के निर्देश दिये गये हैं।

### पूर्व में हुई चोरियों का नहीं हुआ खुलासा

**सोनभद्र।** कोतवाली और कस्बा चौकी क्षेत्र में हुई है पूर्व में भी कई चोरियां हुई है, जिनमें चोर सीसीटीवी में कैद हैं और पीड़ित सीसीटीवी फुटेज लेकर दर-दर भटक रहा है। अभी तक कई मामले ऐसे सामने आए हैं, जिनका पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया जा सका है।

### 19 को सभापति, उपसभापति प्रतिनिधियों का होगा निर्वाचन

**बभनी।** विकास खण्ड बभनी के पांच लैम्पसों में 19 मार्च को सभापति और उपसभापति का निर्वाचन किया जाएगा। इसको लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विकास खण्ड बभनी के बभनी, चैनपुर, खोतोमहुआ, गोंहडा एवं चपकी लैम्पसों में 19 मार्च को सभापति और उपसभापति का निर्वाचन किया जाएगा। इसके लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। सहायक विकास अधिकारी कोआपरेटिव विजयभान सिह ने बताया कि शनिवार 11 मार्च को वोटर लिस्ट की अनन्तिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 12 को इस पर आपत्ति ली जाएगी। 13 को आपत्तियों के निस्तारण के बाद अन्तिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 14 को नामांकन एंव निर्देशन प्रपत्र दाखिल किया जाएगा। 15 को निरीक्षण व अन्तिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 16 को नाम वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन किया जाएगा। 18 को सदस्यों के चयन के लिए मतदान होगा और उसी दिन मतगणना भी होगी। चयनित सदस्यों नौ सदस्यों में 19 को उपसभापति एंव सभापति पद के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी भी की जाएगी। यही प्रक्रिया आरक्षण के क्रम में सभी लैम्पों पर की जाएगी।

## युवक पर हमले के विरोध में लामबंद हुए व्यापारी

जनसंदेश न्यूज

**नाराजगी**

### आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**सोनभद्र।** होली के दिन कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा व्यापारी के पुत्र को इस तरह पीटा गया कि वह आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है जिसके विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर इकाई ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंप कर अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। नगर अध्यक्ष कौशल शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के बावजूद इस तरह के अपराधिक कृत्य से जनमानस में छोभ है कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लोगों को आतंकित करने का कार्य किया जाना अत्यंत दुखद और शर्मनाक है। यह किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है।

महामंत्री चंदन केसरी ने कहा कि किसी निर्दोष व्यक्ति पर संगठित होकर जानलेवा हमला मारपीट किया जाना अत्यंत निंदनीय है। होली जैसे पवित्र त्यौहार पर प्राणघातक हमले से जहां घायल का परिवार सदमे में है वहीं दूसरी ओर घायल युवक कोमा में है और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। यदि शीघ्र अपराधियों को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई नहीं की जाती तो व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से विमल अग्रवाल, जसकीरत सिंह, प्रितपाल सिंह, टीपू अली, प्रशांत जैन, दीप सिंह पटेल, आशीष केसरी, रवि जायसवाल, विनोद जायसवाल, अमित जायसवाल, उमेश केसरी लालू मोदनवाल, राजू केसरी, राधिका केसरी, अमन वर्मा, अमित केसरी, शरद जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## केऔसुब इकाई आरएचएसटीपीपी रिहंद का मना 54 वां स्थापना दिवस

**निरीक्षण**

### मुख्य महाप्रबंधक ने ली परेड की सलामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन



परेड का निरीक्षण करते अतिथिगण

**बीजपुर।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का 54 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ बल इकाई के परेड ग्राउंड में धूम धाम मनाया गया। केऔसुब इकाई एनटीपीसी रिहन्द के परेड ग्राउण्ड में भव्य परेड का आयोजन प्रदीप कुमार उप कमाण्डेंट के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि अशेष कुमार चट्टोपाध्याय मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी रिहन्द परियोजना रहे। वहीं परेड कमाण्डर निरीक्षक संजय कुमार सिंह और परेड 2 आई/सी उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती आज भारत के हर एक क्षेत्र में है और केऔसुब के जवान सभी क्षेत्रों में अपने कर्तव्यों का निष्पादन पूरी निष्ठा व लगन से कर रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने परेड में भाग ले रही चार टुकड़ियों का निरीक्षण किया और परेड कमांडर से सलामी ली। परेड के आलावा सुरक्षा विंग के बल कार्मिकों द्वारा वन मिनट ड्रिल के अन्तर्गत आंखों पर काली पट्टी बांधकर विभिन्न हथियारों को खोलना व तरतीब से जोड़ने के अलावा रिफ्लेक्स शूटिंग डेमो का प्रदर्शन किया गया। अग्निशमन शाखा द्वारा अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन के हैरतअंगेज प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में बच्चों ने देश भक्ति गीत पर डांस की प्रस्तुती कर दर्शकों की वाहवाही बटोरी। अंत में केऔसुब सप्ताह सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत कराये गये विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निरीक्षक अवधेश कुमार ने आभार प्रकट किया। समारोह में पंकज मेदीरत्ता महाप्रबंधक ओएण्डएम, के गोपाल कृष्णनन, राजीव कुमार सिन्हा, जाकिर खान, विनोद कुमार यादव, राजेश कुमार सिंह, छत्तरपाल, विश्राम सागर गुप्ता, विजय सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### विधिक जागरूकता साक्षरता शिविर में कानून की दी गयी जानकारी

**ओबरा।** स्थानीय तहसील प्रांगण में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त रुप से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला न्यायाधीश सत्य जीत पाठक ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिए यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि कानून में पुरुषों की भांति महिलाओं को भी बराबर के अधिकार दिये हैं। इसके अलावा भी महिलाओं के लिए अलग से भी कई कानून बनाये गये है। महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। महिलाएं पुरुषो से कंधे से कन्धा मिलाकर चल रही हैं। हमें महिलाओ का सम्मान जेंडर के कारण नहीं बल्कि उसकी स्वयं की पहचान के लिए करना होगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह, तहसीलदार सुनील कुमार, सीपी द्विवेदी, नागेंद्र द्विवेदी, दीपेश दीक्षित चौबे, धर्मराज सिंह, गीतांजलि चौबे, सुमन सिंह, संध्या, साधना मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी रिहंद में हर्षोल्लास संग मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं

**बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय ने अन्य सह अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं केक काट कर किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम डिजिटऑल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वेलिटी है। इसी के अंतर्गत एनटीपीसी रिहंद में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन एक से 7 मार्च तक किया गया। जिसमें सेल्फी एवं कैप्शन प्रतियोगिता, ऑनलाइन बिजनस वुमेन ऑफ रिहंद, जस्ट ए मिनट, वाल ऑफ फेम, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, नाटिका, गीत गायन, कविता प्रतियोगिता एवं नृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। रिहंद परिसर की महिलाओं एवं एनटीपीसी मे कार्यरत महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया एवं अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न श्रेणियों से शीर्ष 9 प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया गया और सभी प्रतिभागियों को भी प्रतिभागिता हेतु प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी कार्य में महिला एवं पुरुष का बराबर का दर्जा होता है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, वर्तिका महिला मण्डल की पदाधिकारी महिलाएं एवं सदस्याएं, स्टेशन में कार्यरत महिलाकर्मी शामिल रहीं। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबन्धक सीएंडएम तनुजा सिंह और कार्यपालक नैगम संचार ग्रीष्मा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

# मेडिकल कॉलेज के निर्माण को समय से पूरा करने का निर्देश

**जाना हाल**

## जिलाधिकारी ने नौबतपुर में बन रहे मेडिकल कालेज के कार्यों का लिया जायजा


जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण।

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे द्वारा नौबतपुर में निमार्णाधीन बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर ईट की गुणवत्ता की टेस्टिंग भी कराई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसी एवं पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ तेजी से कराया जाए।

निर्माण कार्य में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। निर्धारित माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य की अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित रहे, ताकि तय समय-सीमा में कार्य पूरा कराकर हैंडओवर कराया जा सके। उन्होंने निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज के परिसर में मिट्टी भराई का कार्य शीघ्र कराए जाने, पानी निकासी आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों की समय-समय पर टेस्टिंग कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराए जाने हेतु तकनीकी टीम द्वारा नियमित जांच कराए जाने के निर्देश दिये। कहा कि तय समय-सीमा में प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.वाईके राय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. उर्मिला सिंह उपस्थित रहे।

# महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा सरकार ने अडानी को दिया

**बोले देवेंद्र प्रताप सिंह**

## जोखिम में गरीब व मध्यम वर्ग की करोड़ों की बचत

जनसंदेश न्यूज


सकलडीहा एसडीएम को ज्ञापन देते प्रदेश महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना।

**सकलडीहा/शहाबगंज।** विधानसभा सकलडीहा अंतर्गत कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने सरकार व पूंजीपति गठजोड़ के विरुद्ध स्टेट बैंक सकलडीहा के सामने धरना प्रदर्शन आंदोलन किया। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने कहा कि आप सभी भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति से वाकिफ हैं, गहरे आर्थिक संकट के समय में, भाजपा सरकार ने देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एलआईसी व स्टेट बैंक जैसे सार्वजनिक संस्थानों को अडानी समूह में निवेश करने को मजबूर कर रही है, जिससे गरीब व मध्यम वर्ग की करोड़ों की बचत जोखिम में है। इस मौके पर सकलडीहा के प्रभारी अरुण द्विवेदी, तरुण पांडेय, कुलदीप वर्मा, बंशीधर त्रिपाठी, राज किशोर सिंह, दीनदयाल विश्वकर्मा, दिलीप यादव, शांतेश्वर पांडेय, नंदन राय, एहसान खान, घनश्याम राय, विकास यादव, विकास तिवारी मौजूद रहे।

शहाबगंज। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं भारत सरकार द्वारा अडानी समूह में जबरदस्ती एलआईसी व स्टेट बैंक द्वारा निवेश घोटाले की जांच को लेकर राष्ट्रपति ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि करोड़ों भारतीय लोगों ने अपना पैसा बैंक या एलआईसी में लगाया हुआ है। दोनों संस्थाओं ने बड़े पैमाने पर धनराशि अडानी के कम्पनियों में निवेश किया हुआ। अड़ानी का शेयर गिरने से बडी मात्रा में एसबीआई व एलआईसी को घाटा उठाना पड़ा है। इन्हीं गड़बड़ियों को लेकर कांग्रेस पार्टी संसद में बहस कराना चाहती है। जेसीपी की गठन कर जांच कराना चाहती है। विरोध प्रदर्शन में गंगा प्रसाद, कमलेश कुमार संत, प्रेमचंद गुप्ता, राजेश यादव, जयश्री राम, शिवनाथ यादव, आशा देवी माया देवी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### गांवों में चौमुखी विकास के लिए प्रयास करें: अरुण


चहनियां प्रमुख कार्यालय में बैठक के दौरान चर्चा करते ब्लॉक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल।

**चहनियां।** कस्बा स्थित परिसर में ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में शुक्रवार को प्रमुख अरुण कुमार जयसवाल ने विकास खंड चहनियां के समस्त रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर गांवों में विकास को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत, मनरेगा द्वारा गांवों में नाली, खड़ंजा, इंटर लॉकिंग, सीसी रोड जो दो गांवों को जोड़ता हो जिससे दो गांवों के लोग इसका फायदा उठा सके आदि पर चर्चा किया। प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि हमारा मकसद यह है कि विकास के मामले में जनपद में विकास खंड चहनिया नंबर एक हो। विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सहयोग देने की सहमति प्रदान करें। साथ ही साथ विकास खंड के चौमुखी विकास के लिए सभी रोजगार सेवकों को प्रेरित किया, जिससे विकास खाका तैयार किया जा सके। अंत में बैठक में मौजूद समस्त रोजगार सेवकों ने क्षेत्र पंचायत प्रमुख द्वारा गांवों में विकास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठक में डा.अखिलेश अग्रहरी, प्रधानपति सतीश गुप्ता, कन्हैया लाल यादव, राम अवतार चौहान, रवि कुमार, अशोक यादव, महेंद्र यादव, गुप्तनाथ, रविंद्र चौहान, अरुण कुमार, दिवाकर, रविशंकर उपस्थित रहे।

### ट्यूबवेल पम्प के कमरे का दरवाजा तोड़कर चोरी का प्रयास

**कंदवा।** बरहनी आस पास चोरों का एक गिरोह सक्रिय है जो आये दिन चोरी को अंजाम दे रहे हैं अभी इसी हफ्ते के भीतर गांव के बाहर खेत पर लगे लगभग दो डीजल पंप उठा ले गए, जिससे किसान परेशान हैं। हौसला बुलन्द चोर अभी दो दिन पहले बरहनी टैक्सी स्टाप स्थित ज्वेलरी के दुकान का ताला तोड़ने का असफल प्रयास किया तो शुक्रवार की रात बरहनी मेन रोड के पश्चिम स्थित राजेश सिह बरहनी के ट्यूबवेल पंप के कमरे ताला तोड़ दिया, लेकिन दरवाजे के उपर लगा भुनासी ताला तोड़ने में सफल नहीं हो पायें जिससे कमरे के अंदर लगा समरसेबुल और खेती किसानी का समान बच गया, जिसे लेकर राजेश सिह ने रामपुर चौकी तहरीर देते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### बाइक से गिरकर वृद्ध घायल

**कंदवा।** बरहनी रामपुर मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर बरहनी गांव के सैफन के पास मोटरसाइकिल पर बैठा वृद्ध को चक्कर आ जाने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पास के राहगीरों ने उन्हें उठकर ईलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। जिन्हें गंभीर देख चिकित्सकों द्वारा बीएच्यू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। जमानियां गांव निवासी खालिक अंसारी 60 वर्ष अपने पुत्र मुस्ताक अंसारी 19 वर्ष के साथ महुंजी गांव मुस्लिम अंसारी के घर मिट्टी देने के लिए आ रहा कि बरहनी गांव के सैफन के पास मोटरसाइकिल पर बैठा खालिक अंसारी को चक्कर आ जाने से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पास राहगीरों ने उन्हें उठाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजवाया, जहां चिकित्सकों गंभीर देख बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय से रेलिंग चोरी का प्रयास

**बबुरी।** कस्बा में सेंट्रल बैंक के सामने स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में घुसकर चोरों ने कक्षा तक जाने के लिए रास्ते के किनारे लगे लोहे की रेलिंग को निकालने के प्रयास में पिलर को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। गौरतलब है कि उक्त स्कूल के बाहर प्रतिदिन पुलिस की जीप रूकती है तथा पुलिस कर्मी ड्यूटी बजाते हैं लेकिन स्कूल में आए दिन अराजक तत्व चोरी व तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी बबुरी पुलिस किसी भी घटना का खुलासा करने में असमर्थ है।

# रामनगर इंडस्ट्रियल एरिया के दोबारा अध्यक्ष बने डीएस मिश्रा

**शपथ ग्रहण**

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलवायी गयी शपथ

जनसंदेश न्यूज


रमन डेयरी सभागार में इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

**नियामताबाद।** रमन डेयरी के सभागार में रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण एवं होली मिलन समारोह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

होली मिलन समारोह में आगंतुकों का स्वागत टोपी व अबीर गुलाल लगाकर उद्यमियों ने किया। मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल व रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के संरक्षक आरके चौधरी ने संयुक्त रूप से रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवाया, जिसमें अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार निर्वाचित डीएस मिश्रा, महामंत्री राकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष सुरेश पटेल और शैलेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल प्रमुख रहे। होली मिलन समारोह में हास्य कवियों ने अपने गीत व कविताओं से उपस्थित उद्यमियों व श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि रमेश जायसवाल ने कहा कि रामनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने सामाजिक सद्भाव, प्रेम का अनूठा उदाहरण पेश किया है। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना समय-समय पर गरीबों की मदद करना आदि कार्य काबिले तारीफ है। होली मिलन समारोह में कवियों ने अपने गीतों से जो समा बांधा वह भी काबिले तारीफ है नए पदाधिकारियों को बधाई भी दिया और कहा कि अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा से करें। इस अवसर पर संरक्षक आरके चौधरी, शेषपाल गर्ग, ऋत्विक जैन, नरेंद्र सिंह, संजय गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, रवि गुप्ता, संदीप सिंह, अतर सिंह, सुरेंद्र सोनी आदि उद्यमी उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल संवेदनशील होकर करें गरीब व असहायों की सेवा: दयाशंकर

जनसंदेश न्यूज


पांडेयपुर में भाजपा नेता संतोष कुमार गुप्ता के कार्यालय का उद्घाटन करते दयाशंकर मिश्र दयालु।

**नियामताबाद।** क्षेत्र के पांडेयपुर स्थित एबीएस हॉस्पिटल के प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ता संतोष कुमार गुप्ता के कार्यालय का उद्घाटन राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु ने शुक्रवार को किया। राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां देश की आबादी का तीन चौथाई हिस्सा गांव में रहता है। हमारे देश की प्रगति और विकास ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर जीवन दृष्टि पर टिका रहता है। जहां वर्तमान सरकार ने सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा रही है। संतोष कुमार गुप्ता को कार्यालय के उद्घाटन की बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में निजी अस्पतालों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि अस्पताल मालिक संवेदनशील होकर गरीब, असहायों का इलाज करें। गरीब पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न डालें।

बिना जरूरत की जांच व दवा आदि लिखने की शिकायतें आती रहती हैं उन्हें रोकें। अच्छा कर्म करने वाले को पूरी दुनिया सम्मान देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करने के लिए संतोष गुप्ता को कहा कि आप ऐसे ही सेवा कार्य से अपना और अपने क्षेत्र व देश का नाम रोशन करते रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि जनता का सेवक हूं और सदैव आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा। इस दौरान राजेश योगी, मालती गुप्ता, रीना सिंह, सुरेश गुप्ता, आनंद प्रताप सिंह, बालमुकुंद, भरत, पीयूष, प्रदीप, अनुराधा, नीतू, ओम बिंद, फूलचंद बिंद, राजा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सुनील गुप्ता, शिव गुप्ता, डा.रमेश कुमार पांडेय, चंद्रगुप्त मौर्य, अवधेश मिंटू, हरीशचंद्र अग्रहरि, हरिद्वार प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे।

# खरौझा के तत्कालीन प्रधान संग सचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**इलिया।** क्षेत्र के खरौझा गांव के तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ स्थानीय थाने पर शौचालय में गड़बड़ी को लेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट के निर्देश पर धारा-406 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वही मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी। विकास क्षेत्र शहाबगंज के खरौझा गांव के तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव के खिलाफ शौचालय आवंटन में गड़बड़ी करने पर शिकायतकताओं के अपील पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इलिया थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया। तत्कालीन ग्राम प्रधान अमृता श्रीवास्तव व सचिव विकास सिंह पर गांव के ओमप्रकाश, अलाउद्दीन, मुन्नी, भिरगू, सोहन, कलावती, लक्ष्मण सहित अन्य ने शिकायतकताओं ने आपत्ति दर्ज कराते हुए आरोप लगाया। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था कि वित्तीय वर्ष 2017-18 में हम लोगों का नाम शौचालय की सूची में था। लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव ने हम लोगों का शौचालय नहीं बनवाया। बावजूद खाते से पैसा निकालकर सरकारी धन 2.52 लाख रुपए का गबन कर लिया गया। जिससे खिलाफ स्थानीय थाने और पुलिस अधीक्षक के यहां आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का प्रार्थना पत्र दिया गया। लेकिन वहां भी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। शिकायतकताओं ने धारा 156 (3) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां फरियाद लगाई। न्यायालय ने सभी पहलुओं की जांच व जिला दिव्यांग जन अधिकारी व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग के द्वारा जांच में भी शौचालय गबन करने की बात सही पायी गयी। न्यायालय ने सभी साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद इलिया थाना प्रभारी को ग्राम प्रधान अमृता श्रीवास्तव व सचिव विकास सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। शिकायतकर्ता मटरु ने गुरुवार को थाने पर धारा 406 के तहत मुकदमा दर्ज कराया। वही पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जूट गयी।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत से कोहराम

**सकलडीहा।** कोतवाली क्षेत्र के नोनार तुलसी आश्रम गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवती की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहु्ंची कोतवाली पुलिस परिजनों से शिनाख्त करने के बाद शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गयी। घटना के बाद परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था।

धीना थाना क्षेत्र के पिपरी भैसा गांव निवासी मुन्ना राजभर की 18 वर्षीय पुत्री चंद्रकला गुरुवार की शाम छह बजे से घर से लापता थी। परिजन रात भर बेटी को तलाश में जुटे थे। सुबह पचखरी गांव के समीप रेलवे लाईन पर शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचकर शव का शिनाख्त करने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गयी है। इस बाबत कोतवाल विमलेश कुमार मौर्य ने बताया की शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही की जा रहा है।

# हरेंद्र प्रताप सिंह बने शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत व सम्मान करते शिक्षक।

**नियामताबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रदेश कार्यालय लखनऊ में जनपद चंदौली जिला कार्यकारिणी की टीम को अनुमति प्रदान की गई। जिसके पश्चात जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामइच्छा सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय तथा जिला महामंत्री उपेन्द्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय की सहमति के पश्चात डांडी के प्रधानाध्यापक हरेन्द्र प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक नियामताबाद का अध्यक्ष बनाया गया, जिस पर शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि हरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों की समस्या का समाधान हो सकेगा। इस अवसर पर शहबाज आलम खान, प्रभात गुप्ता, श्रीनिवास खरवार, ओमप्रकाश यादव, मनोज पाल, अरुण कुमार, प्रशांत सिंह, जितेन्द्र बहादुर सिंह आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया डायट प्राचार्य का सम्मान

**कन्दवा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद चन्दौली की जिला कमेटी द्वारा शुक्रवार को प्रदेश प्रचार मंत्री डा.देवेंद्र प्रताप यादव व जिला अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में सकलडीहा स्थित डायट की प्राचार्या माया सिंह का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी संत कबीर नगर व वर्तमान में प्राचार्य का पदभार ग्रहण करने वाली माया सिंह एक ख्यातिलब्ध शिक्षाविद हैं।

सम्मान के क्रम में बरहनी ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष यशवर्धन सिंह व नोडल संकुल शिक्षक आलोक कुमार सिंह ने डायट प्राचार्य का सम्मान करते हुए उत्तम कार्यकाल की शुभकामनाएं व बधाई दी। शिक्षकों के इस शिष्टाचार मुलाकात में शिक्षक व शिक्षार्थी हितों के संरक्षण पर भी चर्चा की गई। प्राचार्य ने जनपद की शैक्षणिक गुणवत्ता के संवर्धन के लिये शिक्षकों की हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।इस दौरान डायट के स्टाफ राजेश सिंह,देवेंद्र उपाध्याय व प्रवीण रे आदि रहे।

# चुनाव जीतने के लिए बूथ को जीतना जरूरी: रामकिशुन

जनसंदेश न्यूज


सपा कार्यालय पर पदाधिकारियों को संबोधित करते पूर्व सांसद रामकिशुन।

**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं की बैठक शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में हुई। इसमें नगर निकाय, सहकारिता तथा लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं को बूथ स्तर की तैयारी के लिए मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने तथा गलत नाम को हटवाने व सूची को दुरूस्त कराने के लिए कार्यकताओं का आह्वान किया गया। पूर्व सांसद रामकिशुन यादव ने कहा कि वोट ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। चुनाव जीतने के लिए बूथ जीतना होता है। बूथ जीतने के लिए बूथों पर समाजवादी पार्टी को अधिक से अधिक वोट हासिल करने होंगे।

इसके लिए बूथ स्तर के कार्यकताओं व पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना होगा। आमजन को समाजवादी विचारधारा से जोड़ना होगा, तभी आने वाले दिनों समाजवादी पार्टी की सरकार सत्ता में लौटेगी। जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर ने कहा कि सपा कार्यकताओं को मतदाता सूची में नाम बढ़वाने को लेकर गंभीरता बरतनी होगी। इसके पूर्व उपस्थित कार्यकताओं व जनपदवासियों को होली की बधाई दी। इस अवसर पर मुसाफिर सिंह चौहान, संतोष यादव, गार्गी पटेल, केशव राजभर शशिकांत भारती, अमरनाथ जायसवाल, अजय मौर्या, राजा खान उपस्थित थे।

# महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को लेकर प्रशासन कटिबद्ध


तेन्दुईपुर पंचायत भवन पर महिलाओं को जागरूक करते महिला दरोगा मीरा यादव व भाजपा नेत्री पूनम चौहान।

**सकलडीहा।** शासन की ओर से अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस की उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को तेन्दुईपुर पंचायत भवन में किया गया। इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा और अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए विशेष प्रकार की जानकारी दी गयी। महिला दरोगा मीरा यादव ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा और अधिकार को लेकर कटिबद्ध है। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद किया जा रहा है। श्रम विभाग से लेकर राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए सशक्त बनाया जा रहा है। महिला उत्पीड़न, महिला सुरक्षा और अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, 112 सहित अन्य विभिन्न नंबर के बारे में जानकारी प्रदान किया। वही भाजपा नेत्री पूनम चौहान ने कहा कि प्रदेश के योगी सरकार में महिलाये पूर्ण रूप से सुरक्षित और निडर है। रात्रि में भी महिलाएं अपने कार्य को कर घर सुरक्षित लौट रही है। इसके पूर्व महिलाओं की ओर से दरोगा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर करूणा, सावित्री, सुनीता, रिंकू, सोना, संगीता, नर्वदा, संजू, कलावती, सुशीला सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

# देश को खोखला कर रही भाजपा सरकार : धर्मेन्द्र तिवारी


भाजपा सरकार के विरोध में एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी।

**चंदौली।** कांग्रेस कार्यकताओं ने शुक्रवार को भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में सदर एसडीएम को पत्रक सौंपा। मांग किया कि सरकार व उद्योगपतियों के गठजोड़ की जांच कराई जाए। जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार उद्योगपतियों से सांठ-गांठ कर देश को खोखला करने का काम कर रही है।

इससे गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने देश की जनता को परेशानी में डाल दिया है। खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं। सरकार की गलत नीतियों के कारण जनता की मुश्किलें हर दिन बढ़ रही है। सरकार ने चुनाव के वक्त किए वादों को पूरा करने की बजाय पूंजीपतियों के हक में काम किया है। उन्हें फायदा पहुंचाने का प्रयास सरकार की ओर से लगातार किया जा रहा है। आरोप लगाया कि सरकार ने एलआइसी के पालिसी धारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। वहीं बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के कारण देश के युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ गया है। पेट्रोल, डीजल, गैस व अन्य खाद्य सामग्रियों का दाम बढ़ने से आम जनता कराह रही है। इस मौके पर डा.नारायण मूर्ति ओझा, तौफिक खान, अनिल श्रीवास्तव, इंद्रजीत मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स

## पैट कमिंस की मां का निधन, शोक और सम्मान में काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलिया के नियमित टेस्ट कप्तान पैट कमिंस की मां का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थीं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार सुबह ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया था कि उनके खिलाड़ी कमिंस और परिवार के लिए सम्मान के तौर पर काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरेंगे। ऐसे में उस्मान ख्वाजा और कैमरन ग्रीन काले आर्मबैंड के साथ मैदान पर बल्लेबाजी के लिए आए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ट्वीट कर कहा था- मारिया कमिंस के रातोंरात निधन से हमें गहरा दुख हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की ओर से हम पैट, कमिंस परिवार और उनके दोस्तों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम आज सम्मान के निशान के रूप में काले बैंड के साथ मैदान में उतरेगी।



# अश्विन के छह विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई पारी 480 रन पर सिमटी

## फिलहाल कप्तान रोहित शर्मा 33 गेंदों में 17 रन और शुभमन गिल 27 गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद

**अहमदाबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा और आखिरी मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। दूसरे दिन का खेल समाप्त हो चुका है। भारत ने अपनी पहली पारी में बिना कोई विकेट गंवाए 36 रन बना लिए हैं। भारतीय टीम को आज 10 ओवर बैटिंग करनी पड़ी। फिलहाल कप्तान रोहित शर्मा 33 गेंदों में 17 रन और शुभमन गिल 27 गेंदों में 18 रन बनाकर नाबाद हैं।

***ऑस्ट्रेलिया से 444 रन पीछे टीम इंडिया***

टीम इंडिया अभी ऑस्ट्रेलिया से 444 रन पीछे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 480 रन पर समाप्त हुई थी। उस्मान ख्वाजा ने 180 रन, कैमरन ग्रीन ने 114 रन और टॉड मर्फी



**भारत 36/0**

ने 41 रन की पारी खेली थी। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने छह विकेट झटके थे। तीसरे दिन भारतीय टीम रोहित-शुभमन द्वारा मिली अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में तब्दील करना चाहेगी।

***ऑस्ट्रेलियाई पारी 480 रन पर समाप्त***

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की पहली पारी 480 रन पर समाप्त हो गई। शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 255 रन से आगे खेलना शुरू किया। तब उस्मान ख्वाजा और कैमरन ग्रीन क्रीज पर मौजूद थे। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 208 रन की साझेदारी निभाई। आउट होने से पहले कैमरन ग्रीन ने टेस्ट करियर का अपना पहला शतक जड़ा। वह 170 गेंदों में 114 रन बनाकर आउट हुए। अश्विन ने ग्रीन को विकेटकीपर केएस भरत के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में अश्विन ने एलेक्स कैरी को भी पवेलियन भेजा। कैरी खाता भी नहीं खोल सके।

***मर्फी और लियोन ने 70 रन की साझेदारी की***

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को 387 के स्कोर पर सातवां झटका लगा। रविचंद्रन अश्विन ने मिचेल स्टार्क को शॉर्ट लेग पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराया। स्टार्क छह रन बना सके। चायकाल तक ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट गंवाकर 409 रन बनाए थे। चायकाल के बाद पहले ही ओवर में अक्षर पटेल ने उस्मान ख्वाजा को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह 422 गेंदों में 180 रन बना सके। इसके बाद नाथन लियोन और टॉड मर्फी ने नौवें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी निभाई। अश्विन ने मर्फी (41) को एल्बीडब्ल्यू और फिर लियोन (34) को कोहली के हाथों कैच करा ऑस्ट्रेलियाई पारी को 480 रन पर खत्म कर दिया।

***अश्विन के नाम कीर्तिमान***

अश्विन ने इस पारी में कुल छह विकेट झटके। 32वीं बार उन्होंने टेस्ट में पारी में पांच विकेट लिए हैं। वहीं, भारतीय जमीन पर 26वीं बार उन्होंने ऐसा किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सातवीं बार अश्विन ने टेस्ट में पारी में पांच विकेट लिए हैं। वह अब तक कंगारुओं के खिलाफ टेस्ट में 113 विकेट ले चुके हैं। अश्विन के अलावा शमी को दो विकेट मिले। वहीं, अक्षर-जडेजा को एक-एक विकेट मिला।

***पहले दिन क्या हुआ था?***

अहमदाबाद की सपाट पिच पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले विकेट के लिए हेड और ख्वाजा ने 61 रन जोड़े। इसके बाद हेड (32) और लाबुशेन (3) आउट हुए, लेकिन स्मिथ ने ख्वाजा के साथ बड़ी साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को बेहतर स्थिति में पहुंचाया। स्मिथ (38) अर्धशतक नहीं लगा पाए और उनके बाद आए पीटर हैंड्सकॉम्ब (17) भी छोटे स्कोर पर पवेलियन लौट गए। हालांकि, इसके बाद पहले दिन ग्रीन और ख्वाजा ने कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इस बीच ख्वाजा ने अपना शतक भी पूरा किया।

## गेंदबाजी में विविधता का फायदा उठा रही है मुंबई इंडियंस की टीम: इसी वोंग



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार तीसरी जीत दर्ज करने के बाद टीम की तेज गेंदबाज इसी वोंग ने संकेत दिए कि गेंदबाजी आक्रमण में विविधता ने टूनार्मेंट में टीम को मजबूती प्रदान की है। मुंबई इंडियंस के प्रदर्शन में वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज की अहम भूमिका रही है। उन्होंने गुजरात जाइंट्स के खिलाफ 47 रन की पारी के साथ शुरूआत की और फिर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ तीन विकेट चटकाने के अलावा नाबाद 77 रन बनाए। गुरुवार को मैथ्यूज ने 19 रन पर तीन विकेट चटकाने के अलावा 32 रनयु की तेजतर्रार पारी खेली जिससे मुंबई इंडियन्स ने पांच ओवर शेष रहते दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। वोंग ने भी गुरुवार को दिल्ली के खिलाफ तीन विकेट चटकाए। उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजी आक्रमण में काफी विविधता है। हमारे पास बाएं हाथ की स्पिनर, ऑफ स्पिनर, लेग स्पिनर हैं। हमारे पास तेज गेंदबाजी में भी विविधता है। वोंग ने कहा, हमने सभी विभागों को ध्यान में रखा है। इससे हमें लचीलापन अपनाने का मौका मिलता है। हरमनप्रीत (कौर) ने शानदार काम किया है। हेली और हरमन ने आरसीबी के खिलाफ हमें सही समय पर वापसी दिलाई और हम अपने गेंदबाजी आक्रमण में विविधता के कारण ऐसा कर पाए। वोंग ने कहा कि मुंबई इंडियंस की टीम इससे बेहतर शुरूआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी।

# भारत ऑस्ट्रेलिया सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट अश्विन के नाम

## कुंबले को पीछे छोड़ बनाए कई रिकॉर्ड, भारत में सबसे ज्यादा बार पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का चौथा और आखिरी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच की पहली पारी में अश्विन ने छह विकेट अपने नाम किए। उन्होंने पहले ट्रेविस हेड को आउट किया। इसके बाद कैमरून ग्रीन और एलेक्स कैरी को अपना शिकार बनाया। थोड़े समय बाद स्टार्क भी उनकी ही गेंद पर आउट हुए और अंत में उन्होंने नाथन लियोन और टॉड मर्फी को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की पारी खत्म की।

इस मैच की पहली पारी में उन्होंने 47.2 ओवर में 91 रन देकर छह विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उन्होंने 15 मेडन ओवर भी किए।



अश्विन ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन कर एक साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।

अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में 32वीं बार एक पारी में पांच विकेट अपने नाम किए। वह सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। इस मामले में उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 35 बार यह कारनामा किया है। अश्विन ने भारतीय जमीन पर 26वीं बार एक पारी में पांच विकेट झटके। इसके साथ ही वह भारत में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए। इस मामले में भी उन्होंने अनिल कुंबले को पीछे थोड़ा, जिन्होंने भारतीय जमीन पर 25 बार पारी में पांच विकेट झटके हैं।

***बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2023 में सबसे ज्यादा विकेट***

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा टेस्ट सीरीज में अश्विन 24 विकेट ले चुके हैं। इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में वह सबसे आगे हैं। उनके बाद रवींद्र जडेजा 22 विकेट के साथ दूसरे और नाथन लियोन 19 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। हालांकि, जडेजा और लियोन के पास बाकी बची पारी में अश्विन से ज्यादा विकेट लेकर उन्हें पीछे छोड़ने का मौका है।

## बॉलीवुड न्यूज

### रत्ना पाठक ने हैप्पी फैमिली को बताया चुनौतीपूर्ण



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने हाल ही में अपनी आने वाली फैमिली कॉमेडी सीरीज हैप्पी फैमिली: कंडीशंस अप्लाई का ट्रेलर रिलीज किया है। इस ट्रेलर को फैन्स ने अपना भरपूर प्यार दिया और जिसके चलते सिर्फ 3 दिनों में इसे 16+ मिलियन व्यूज मिल चुके है। ये सीरीज 4 पीढ़ियों के एक संयुक्त परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-अलग व्यक्तित्वों से बंटे हुए हैं, लेकिन एक-दूसरे के साथ अपने रिश्तें की वजह से एक साथ हैं, और कैसे उनके मतभेद अक्सर मजेदार स्थितियों का जन्म देती है। इस शो में अहम भूमिका में नजर आ रहीं एक्ट्रेस रत्ना पाठक ने शो को लेकर बात की और अपने किरदार के बारे में बताया कि हेमलता एक मुश्किल किरदार है जिसे निभाना माया साराभाई के लिए आसान नहीं है, यह एक तरह का भी नहीं है, इसलिए यह बिना किसी शक एक चुनौती थी, जब आतिश ने सुनाया और जैसे-जैसे एपिसोड आगे बढ़ा, किरदार का ग्राफ अच्छा था, हेमलता और माया दोनों के किरदार पूरी तरह से अलग तरीके से खुलकर बोलने वाले हैं, और मुझे उम्मीद है कि यह किरदार काम करेगा, क्योंकि वह सरल नहीं है लेकिन फिर भी वह आकर्षक है। हैट्स ऑफ प्रोडक्शंस के बैनर तले आतिश कपाड़िया और जेडी मजेठिया द्वारा निर्मित और निर्देशित इस फैमिली कॉमेडी में स्वाति दास, अतुल कुमार, करियुकी मार्गरेट वंजिकु, परेश गनात्रा, प्रणोति प्रधान, समर वरमानी और नेहा जुल्का भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### अजय देवगन की भोला का ट्रेलर हुआ आउट



**इंदौर।** इस साल की बहुप्रतीक्षित एक्शन-एंटरटेनर भोला का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पहली बार, एक हिंदी फिल्म ट्रेलर को आईमैक्स 3डी फॉर्मेट में लॉन्च किया जा रहा है, जिससे इसने पूरे देश के फैंस को बेहतर अनुभव देते हुए उनमें उत्सुकता की लहर दौड़ा दी है। फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद आने वाली इस एक्शन-एडवेंचर को देखने के लिए जनता की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं और अब परिभाषा बदलते हुए एक्शन पैक्ड ट्रेलर ने जनता को काफी उत्साह से भर दिया है। फिल्म में मास महाराजा, अजय देवगन, तब्बू, विनीत कुमार, गजराज राव, संजय मिश्रा, दीपक डोबरियाल और अमाला पॉल प्रमुख भूमिकाओं में हैं। टीजर में दिखाई दिए एक्शन सीक्वेंस के साथ फिल्म का इमोशनल पार्ट पहले ही चर्चा का विषय बन गया था और अब ट्रेलर भी जनता को इम्प्रेस करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 30 मार्च, 2023 को भोला जल्द ही आपके नजदीकी थिएटर में आ रही है।

### फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' में जैकरी लिवाय की वापसी



**मुंबई।** बिल्कुल नए एपिक एडवेंचर 'शजाम! फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' में जैकरी लिवाय, शजाम के रूप में सुपरचार्ज्ड वापसी कर रहे हैं। शजाम अप्रासंगिक, ईमानदार, बुद्धिमान किशोर अवस्था वाला डीसी सुपर हीरो है, जिसे शजामिली के साथ अपनी असाधारण महाशक्तियों का उपयोग करते हुए एटलस की बेटियों का डटकर सामना करते हुए देखा जाएगा। फिल्म में भरपूर एक्शन, बिल्कुल नई दुनिया, पौराणिक रूप, आकांक्षात्मक नायक, अत्यधिक खतरनाक विलन्स और हास्य के तड़के को शामिल किया गया है। फिल्म की इसी बात ने लिवाय को इस सीक्वल पर हस्ताक्षर के लिए हाँ कहने को प्रेरित किया, जिसका निर्देशन डेविड एफ सैंडबर्ग ने किया है।

# मैथ्यू हेडन ने कहा- मुझे लगता है कि आगामी आईपीएल में धोनी की विरासत का अंत होगा

**नई दिल्ली।** पूर्व आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का कहना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का जश्न शानदार तरीके से मनायेगा क्योंकि उनके करिश्माई कप्तान एमएस धोनी फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग में बतौर खिलाड़ी संभवतः अंतिम बार खेलेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान धोनी 2008 में लीग के शुरूआती चरण से सीएसके की कप्तानी कर रहे हैं और टीम को चार ट्रॉफियां दिला चुके हैं।

हेडन ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से बात करते हुए कहा, देखिए सीएसके सफलता के लिए अपने अलग और विशेष तरीके ढूंढने में सफल रही है। उनका दो साल टूर्नामेंट से बाहर रहना दुर्भाग्यपूर्ण रहा लेकिन इसके बाद उन्होंने वापसी करते





हुए आईपीएल जीता जबकि इसकी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा, एमएस धोनी का टीम को फिर से मजबूत करने, सुधार करने और इसके बिलकुल अलग 'लुक' देने का एक तरीका है, हालांकि टीम का अपने कुछ खिलाड़ियों पर भरोसा करने का 'टैग' लगा हुआ था क्योंकि उसने अपने ज्यादातर खिलाड़ियों को बरकरार रखा था। हेडन ने कहा, एमएस धोनी के लिये मुझे लगता है कि विशेषकर यह साल कुछ विशेष रहेगा और वे इसका जश्न शानदार तरीके से मनायेंगे। मुझे लगता है कि यह एमएसी धोनी की विरासत का अंत होगा और वह अपने प्रशंसकों के लिए 'स्टाइल' से जाना चाहेंगे और प्रशंसक भी उन्हें 'स्टाइल' से समापन करते हुए देखना चाहेंगे।

आईपीएल का आगामी चरण 31 मार्च से शुरू होगा। हेडन ने चेपक स्टेडियम में सीएसके की वापसी पर कहा, 2023 में आईपीएल शुरू होगा और पूरे भारत में कोविड-19 के बाद सभी स्टेडियमों में मैच खेले जायेंगे। यह शानदार होगा, समर्थकों की 'येलो आर्मी' (पीले रंग की टीशर्ट पहने) चेपक स्टेडियम में दिखेगी। उन्होंने कहा कि धोनी का यह आईपीएल में बतौर खिलाड़ी अंतिम अभियान होगा। उन्होंने कहा, और उनके कप्तान एमएस धोनी यकीनन अंतिम बार चेपक स्टेडियम में अपने प्रशंसकों को 'गुडबाय' कहेंगे। यह उन क्षणों में से एक होगा जिसे भुलाया नहीं जा सकेगा। आप सोच भी नहीं सकते, वे कितनी संख्या में स्टेडियम में पहुंचेंगे। भारतीय टीम की अगुआई करते हुए धोनी देश को दो विश्व कप दिला चुके हैं, उन्होंने अगस्त 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

# एलिस पेरी को डेट पर ले जाना चाहता था यह भारतीय क्रिकेटर, जानें क्या मिला था जवाब

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिस पेरी इन दिनों भारत में हैं। वह आरसीबी की टीम का अहम हिस्सा हैं और महिला प्रीमियर लीग में खेल रही हैं। हालांकि, अब तक उनकी टीम कोई मैच नहीं जीत पाई है और लगातार तीन हार के सात अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। इसके बावजूद पेरी लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। अपनी खूबसूरती की वजह से वह भारतीय क्रिकेट फैंस के बीच चर्चित हो रही हैं। होली के मौके पर उन्होंने अपनी टीम की साथियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ जमकर जश्न मनाया था और बाद में उनके बालों से रंग नहीं निकल रहा था। इसके बाद उनकी साथी क्रिकेटर सोफी डिवाइन ने सोशल मीडिया पर पूछा था कि सुनहरे बालों से होली का रंग कैसे हटाएं। इसके बाद भी पेरी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं, जिनमें वह अपने रंग बिरंगे बाल दिखा रही थीं और कह रही थीं कि दो बार सिर धोने के बावजूद उनके बालों का रंग पहले की तरह नहीं हुआ है। एलिस पेरी इससे पहले भी अपनी खूबसूरती की वजह से चर्चा में रह चुकी हैं। भारतीय क्रिकेटर मुरली विजय ने 2020 में इंस्टाग्राम चैट के दौरान कहा था कि वह एलिस पेरी को डिनर डेट पर ले जाना चाहते हैं। वह बेहद खूबसूरत हैं। इस बारे में जब पेरी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगर पैसे मुरली विजय दे रहे हैं तो बेशक वह जाना चाहेंगी। हालांकि, इस समय पेरी अपने पति मैट टोमा के साथ थीं। इसके कुछ समय बाद ही पेरी और टोमा का तलाक हो गया था। पेरी दुनिया की पहली क्रिकेटर हैं, जिन्होंने टी20 क्रिकेट में 100 विकेट लेने के साथ ही 1000 से ज्यादा रन भी बनाए हैं। पेरी महिला क्रिकेट की सबसे महानतम खिलाड़ियों से एक हैं। बेहद कम उम्र में ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने वाली पेरी अभी भी टीम की सबसे अहम सदस्यों में से एक हैं और लगातार नए रिकॉर्ड बना रही हैं।






## स्टार्ट करते समय बाइक मे लगी आग बाजार में भगदड़

**बैरिया(बलिया)।** बीच बाजार मे मोटरसाइकिल स्टार्ट करते समय शुक्रवार की देर शाम अचानक लग गयी। जिससे भगदड़ स्थिति उत्पन्न हो गयी।मोटरसाइकिल मे आग लगने के बाद चालक की बाल-बाल जान बची।

बता दे कि चकिया निवासी मंटू सिंह का पुत्र विवेकानंद सिंह शुक्रवार को गाड़ी लेकर बैरिया बाजार खरीददारी करने के लिए गया था। बाजार से खरीददारी करके वह घर जाने के लिए स्टेट बैंक के निकट मोटरसाइकिल स्टार्ट करने लगा। वही स्पार्क करने से मोटरसाइकिल मे अचानक आग लग गई।बाइक धू-धू कर जलने लगी। जहां चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला।वही बाइक जलता देख पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## मुक्ति पाने के लिए कथा का करे श्रवण: सुंदर महाराज

**कंदवा।** क्षेत्र के अमड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन स्वामी सुंदर राजयति महाराज ने कथा के दौरान कहा कि कथा मुक्ति का सोपान है मुक्ति की सीढ़ी है अगर हम अपने जीवन में मुक्ति पाना चाहते हैं तो भागवत की कथा अवश्य सुननी चाहिए, जिस व्यक्ति का कल्याण गया श्राद्ध आदि से भी नहीं होता उसकी मुक्ति भागवत कथा से हो जाती है जैसे धुंधकारी जब प्रेत बना तो उनके भाई गोकर्ण सारे तीर्थों में जाकर श्राद्ध किए फिर भी धुंधकारी का कल्याण नहीं हुआ, वहीं गोकर्ण भागवत कथा सुनाई और धुंधकारी का मोक्ष हो गया। राजा परीक्षित को जब सातवें दिन सर्प काटने से मरने का श्राप लगा तो परीक्षित लगे सोचने की 7 दिन में मुक्ति कैसे मिलेगी तो वहीं पर सुखदेव जी महाराज ने भागवत कथा सुनाई और परीक्षित का मोक्ष हुआ। इसलिए भागवत कथा मुक्ति का सबसे सरल और सुगम मार्ग है। जगद्गुरु रामानुजाचार्य सर्वेश्वराचार्य महाराज कथा के दौरान बेटी होती है सौभाग्य से बेटा होता है भाग्य से शिव विवाह के माध्यम से समझाया कि आज राजा हिमाचल के यहां साक्षात देवाधिदेव महादेव दूल्हा बनकर पधारे और राजा हिमांचल ने महादेव को कन्यादान दिया। यह सौभाग्य राजा हिमांचल को इसलिए प्राप्त हुआ की उनके घर में पार्वती जैसी बेटी का जन्म हुआ था। आज हमारे समाज में भ्रूण हत्या एक बहुत बड़ा कलंक बना हुआ है जबकि भ्रूण हत्या के समान संसार में दूसरा कोई पाप नहीं है। कथा में उदय नारायण सिंह, अखिलेश सिंह, शिव बच्चन सिंह, अर्जुन सिंह, लल्लन सिंह, राकेश सिंह, जसवंत पाठक, शिवकांत सिंह, प्रमोद वर्मा, अनिल सिंह, डा.समर बहादुर सिंह, सावित्री, पूनम सिंह, किरण पाठक इत्यादि सैकड़ों भक्त कथा का रसपान कर रहे थे।

# जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर जाना हाल

जनसंदेश न्यूज

**लिया जायजा**

**कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का निर्देश**




मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम के द्वारा उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यदाई संस्था राजकीय निर्माण निगम के एआरके सिंह को निर्देशित किया कि मजदूरों की संख्या 200 से अधिक बढ़ाते हुए रात और दिन दोनों शिफ्ट में कार्य कराएं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि डिप्टी कलेक्टर की ड्यूटी लगाई जाए जो प्रतिदिन मजदूरों की संख्या एवं उपस्थिति की जानकारी ले। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह निरीक्षण किया जाएगा और प्रगति न दिखने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी के द्वारा शैक्षणिक भवन, अस्पताल भवन, प्रशासनिक भवन का विस्तृत निरीक्षण किया गया। शैक्षणिक भवन के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि लेक्चर हॉल को साउंडप्रूफ किया जाए। तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए 125 सीट का लेक्चरर हाल बनाए जाना है जिसमें कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि 5 महीने में किसी भी दशा में लेक्चर हॉल का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने शैक्षणिक भवन के निकट स्थित शौचालय को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। अस्पताल भवन के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि ओ.टी. रूम के फिनिशिंग का कार्य करते हुए जल्द से जल्द हैंडओवर करें और एल्युमिनियम के कार्य के लिए एक अतिरिक्त ठेकेदार लगाए जाने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि जितने भी कार्य ओपीडी में होने हैं 30 अप्रैल तक पूर्ण कर ले। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, प्राचार्य शिव कुमार, डॉ. जाफरी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण व अन्य उपस्थित रहे।

## मारपीट में आधा दर्जन घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।



क्षेत्र के अरगुपुर कला गांव में भूमि विवाद को लेकर पट्टीदारों ने 24 वर्षीय अरविंद पुत्र राम भुवाल व 48 वर्षीय राम भुवाल पुत्र राम प्रसाद को लाठी डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं बीबीगंज चौकी क्षेत्र के भरारी गांव में हुई मारपीट में 40 वर्षीय निर्मला पत्नी वीरेंद्र, 50 वर्षीय उर्मिला पत्नी महेंद्र प्रताप, 55 वर्षीय महेंद्र प्रताप पुत्र हीरालाल व 14 वर्षीय गोलू पुत्र स्व. सुनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज राजकीय पुरुष चिकित्सालय में कराया गया। वहीं पीड़ित पक्षों की तहरीर पर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।

# आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद किया जायेगा अंतिम संस्कार

**मांग**

**प्रशासन व पुलिस के समझाने के बाद भी ग्रामीण अड़े**

**मामला मनवल में पशु बांधने के दौरान कुल्हाड़ी से हमले में युवक की मौत का**



**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मनवल गांव में मारपीट में घायल युवक की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। कहाकि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती और उसका मकान नहीं गिराया जाता उसके बाद ही दाह संस्कार की प्रक्रिया की जायेगी। पुलिस व प्रशासन के समझाने के बाद भी ग्रामीण अपनी मांग को लेकर अड़े हुए हैं। गांव में स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

मनवल गांव निवासी सभापति यादव व गांव के अमरसेन यादव के बीच जमीनी विवाद है जिसका मामला न्यायालय में लंबित है। मंगलवार को अमरसेन पक्ष के लोग विवादित जमीन पर खूंटा गाड़ कर पशु बांध रहे थे। सभाजीत यादव के मना करने पर परिवार के लोगों पर कुल्हाड़ी लाठी-डंडों से हमला कर दिया जिसमें सभाजीत यादव, पत्नी राधिका देवी, बेटा अभिषेक यादव, अश्वनी यादव, अग्निवेश यादव व आदित्य यादव जख्मी हो गए थे। आदित्य की बीएचयू के ट्रामा सेंटर में गुरुवार की दोपहर उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर परिवार के लोगों से शुक्रवार की सुबह तक छिपाई गई थी। पोस्टमार्टम के बाद सुबह शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव के लोग आक्रोशित हो गए और सड़क जाम करने की योजना बना रहे थे तभी भारी संख्या में पुलिस व प्रशासन के लोग गांव में पहुंच गए और अंतिम संस्कार करने की बात कही लेकिन ग्रामीणों ने अपराधियों की गिरफ्तारी और विवादित भूमि पर बने उनके मकान को गिराने की मांग पर अड़ गए। पुलिस समझाने बुझाने में जुटी हुई है। फिलहाल अब तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। गांव में स्थित तनावपूर्ण देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। सीओ के आश्वासन के बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार नदियापार पर कर दिया।

# अनुशासन ही सफलता की कुंजी : डॉ. अब्दुल कादिर

जनसंदेश न्यूज

**कार्यक्रम**

**मो. हसन पीजी कालेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन**



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पहले दिन का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर खान ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपने समाज और देश के लिए सेवा देते हैं, जिससे समाज में समानता और एकता को बल मिलता है। साथ ही उन्होंने कहा की हम शिक्षा के माध्यम से समाज एवं देश को नवीन उच्चाइयों तक ले जाने में सक्षम हो सकते हैं। अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाह आलम ने कहाकि देश को युवाओं की जरूरत है जो राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से उभर कर आ रहे है। अंत में नोडल अधिकारी डॉ. अजय विक्रम सिंह ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस बीच हाजी जलाउद्दीन, डा. ममता सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डा. राकेश कुमार बिंद, डा. विवेक विक्रम सिंह, अनुराग यादव, आँचल मौर्या एवं समस्त स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमित सिंह ने किया।

## ट्रांसफार्मर में तेल डालते समय प्राइवेट लाइनमैन झुलसा

**शाहगंज।** नगर के जौनपुर मार्ग स्थित शटडाउन ले ट्रांसफार्मर में तेल डालते समय करंट की चपेट में आने से प्राइवेट लाइनमैन झुलसा गया। मौके पर मौजूद अन्य साथियों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के डिहवा भादी गांव निवासी 36 वर्षीय प्राइवेट लाइनमैन रवीन्द्र मौर्या पुत्र स्व. छंगुलाल शुक्रवार को जौनपुर मार्ग स्थित लगे ट्रांसफार्मर में तेल डाल रहा था। अचानक से विद्युत आपूर्ति चालू हो गयी। घायल का आरोप है की मेरे द्वारा 132 केवीए पावर हाउस से चंद्रिका से शटडाउन लिया गया था। उसके बाद ट्रांसफार्मर पर चढ़कर तेल डालने लगा। अचानक 440 वोल्टेज के नंगे तार में करंट की सप्लाई आने की वजह से गंभीर रूप से झुलस कर जमीन पर गिर गया। मौके पर मौजूद अन्य प्राइवेट लाइनमैन इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां उसकी हालत गम्भीर बताई जा रही है।

# डीजे पर डांस को लेकर भिड़े घराती और बाराती

जनसंदेश न्यूज



**सुइथाकला।** गुरूवार को क्षेत्र के एक गांव में आई हुई बारात में डीजे पर डांस को लेकर घराती व बारातियों के बीच जमकर मारपीट हो गयी जिसमें कई लोग घायल हो गये। इस दौरान गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की गयी।

चर्चा है कि इस दौरान मांगलिक कार्य थोड़े समय के लिए रुक सा गया लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़वाया। बताया जाता है कि क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार को नजदीक के ही एक गांव से बारात आयी हुई थी। जलपान के बाद द्वारपूजा के दौरान डीजे पर डांस को लेकर घराती बाराती आपस में भिड़ गए।

बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच में जमकर मारपीट हो गई और इस दौरान कई गाड़ियों में तोड़फोड़ के साथ ही कई लोग घायल भी हो गए। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़वाया।

हालांकि मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह विवाद को मामूली बताते हुए तहरीर के अभाव में कोई कार्रवाई न हो पाने की बात बताई। फिलहाल उक्त मामले को लेकर लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## संक्षेप

### 20 फीट गहरी खाई में गिरने से अधेड़ की मौत



**केराकत।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुसैला गांव निवासी ताराचंद की बीती रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घर वालों को घटना की जानकारी शुक्रवार को सबेरे हुई। सूचना पाते ही कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ताराचंद लगभग 50 साल के थे और तहसील कार्यालय में संग्रह अमीन कार्यालय में प्राइवेट मुंशी थे। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम को वे साईकिल से केराकत से घर जा रहे थे। केराकत-चन्दवक रोड पर स्थित बकुलियां टाई नाला पुलिया के पास अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट गहरी खाई में गिर गए जिसके चलते उनकी मौत हो गई। सबेरे किसी राहगीर ने शव देखा तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जांच पड़ताल में पता चला है कि ताराचंद केराकत से घर जाते समय नशे में चूर था।

### पत्रकार को मातृ शोक

**जौनपुर।** वाराणसी से प्रकाशित एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ जय आनंद की माता पुष्पा देवी पत्नी स्व. शारदा प्रसाद श्रीवास्तव का गुरूवार की शाम लखनऊ में लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका दाह संस्कार शुक्रवार की सुबह 10 बजे रामघाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र ने दी। 85 वर्षीय स्व. पुष्पा देवी पिछले काफी दिनों से अस्वस्थ्य चल रहीं थीं। उनका उपचार लखनऊ में चल रहा था।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को गांव का ही एक किशोर उसे घर से जबरन उठा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के पिता ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए यह आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में उन्होंने कहाकि बीते 3 मार्च की रात्रि करीब साढ़े 11 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री को गांव का ही एक किशोर घर से जबरन उठा ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसकी पुत्री किसी तरह वहां से भागकर घर आई और घटना के बारे में जानकारी दी। स्वजन लोक लाज तथा उक्त किशोर के डर से थाने पर नहीं गये लेकिन किशोरी के पिता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त किशोर पर अपहरण, दुष्कर्म तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### ट्रक और कार की टक्कर में आटो सवार चार घायल

**सुइथाकला।** लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर क्षेत्र के एकड़ला मोड़ के पास शुक्रवार अपरान्ह विपरीत दिशा में तेज रफ्तार से गुजर रही ट्रक और कार की टक्कर में आटो सवार चार घायल हो गए। लोगों द्वारा आनन फानन में जहां एम्बुलेंस द्वारा उपचार हेतु घायलों को सीएचसी भेजवाया गया वहीं तीनों गाड़ियों के चालक मौका पाकर फरार हो गए। बताया जाता है कि क्षेत्र के उक्त स्थान के पास गुरूवार अपरान्ह तेज रफ्तार से गुजर रही ट्रक और कार आपस में भिड़ गई। इसी दौरान पीछे से शाहगंज की तरफ सवारी लेकर जा रहा आटो चालक आटो लेकर कार में भिड़ गया जिसमें सवार रामजनक 45, बेइला देवी 42 बागबहार थाना पवई, आजमगढ़ व जियालाल 75 व उसकी पत्नी सिंगारी 70 निवासी गुलरा, पवई, आजमगढ़ घायल हो गये। बहरहाल लोगों द्वारा आनन फानन में जहां एम्बुलेंस द्वारा घायलों को उपचार हेतु सीएचसी भेजवाया गया वहीं तीनों गाड़ियों के चालक मौका पाकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि सभी सवार मामूली रूप से चुटहिल है। कार और ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### तमंचा संग आरोपी गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने विभिन्न मामलों में आरोपित को तमंचा व कारतूस संग गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह हमराहियों संग गश्त कर रहे थे कि बतौर मुखबिर सूचना मिली कि पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न मामलों में आरोपित कलाम नट पुत्र शिवबल नट निवासी तराव भागने के लिए तराव मोड़ पर खड़ा है। पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

### मारपीट में घायलों का कराया मेडिकल

**खेतासराय।** क्षेत्र के तालुका बिसवां रुधौली गांव में होली के दिन हुई मारपीट में घायलों का पुलिस ने शुक्रवार को मेडिकल परीक्षण कराया। डाक्टर ने गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव में होली के दिन घर के सामने डीजे बजाने से मना करने पर दो पक्षों में लाठी डंडे से मारपीट हो गई थी जिसमें एक पक्ष से अनिल कुमार बिंद, आनंद कुमार बिंद तथा दूसरे पक्ष से छोटेलाल बिंद, गुलाब बिंद और सुभागी देवी घायल हो गए थे। परिजनों ने घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के तीसरे दिन दोनों पक्ष थाने पहुंचे। पुलिस ने घायलों का पीएचसी सोंधी में मेडिकल जांच कराकर मुकदमा दर्ज किया।

### बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**बदलापुर।** तेजीबाजार थाना क्षेत्र के कलिंजरा बाजार में एक साइकिल सवार युवक को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक रफीक निवासी खैरपारा मार्ग पर बाइक लेकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्वजनों ने जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रफीक की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### टोल प्लाजा पर ट्रक ने चार कारों को मारी टक्कर बाल-बाल बचे लोग

**जफराबाद।** जलालपुर क्षेत्र के हौज टोल प्लाजा पर शुक्रवार की शाम को ब्रेक फेल होने के कारण ट्रक ने तीन कारों को टक्कर मार दिया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई लोग इधर उधर भागने लगे। लखनऊ की तरफ से एक ट्रक वाराणसी की तरफ जा रही थी। बताया जाता है कि अचानक उक्त टोल प्लाजा के पहले ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। ट्रक ने टोल प्लाजा पर टोल टैक्स देने के लिए खड़े तीन कार को टक्कर मार दिया। ट्रक की स्पीड सम्भवत चालक ने धीरे कर ली थी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। टोल प्लाजा के प्रबन्धक तिलक सिंह ने तत्काल दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवा दिया।

# होली आपसी प्रेम और सौहार्द्र का त्योहार है : बीपी सरोज



सांसद बीपी सरोज को सम्मानित करते लोग

**मड़ियाहूँ।** रंगो के त्योहार के साथ साथ होली आपसी भाईचारे, सद्भाव समरसता बंधुत्व और सब कुछ भुला कर एक दूसरे से गले मिलने का त्योहार है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि सांसद मछली शहर बीपी सरोज ने ग्राम गौरा में पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कृष्ण शर्मा के आवास पर होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में नया भारत विश्व का नेतृत्व करने जा रहा है। भारत की लोकप्रियता विश्व में बढ़ी है।

भारत का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश में भी सर्वांगीण विकास कर रही है। स्वास्थ्य चिकित्सा सड़क शिक्षा के साथ-साथ हर क्षेत्र में प्रदेश का विकास हो रहा है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ है। प्रदेश सरकार का बजट लोक कल्याणकारी और गरीबों के हित में है। इस अवसर पर क्षेत्र के गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला रूहट्टा में एक नवयुवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। लगभग एक वर्ष पूर्व युवक के पिता ने भी नदी में छलांग लगाकर जान दे दी थी।

रूहट्टा निवासी सुभाष सोनकर का 22 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार सोनकर ने गुरुवार की सुबह अपने घर में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब यह बात परिजनों को पता चली तो पूरे घर में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में आसपास व मोहल्ले के काफी लोग मौके पर एकत्रित हो गए। बताया गया है कि लगभग एक वर्ष पूर्व मृत अनिल कुमार सोनकर के पिता सुभाष सोनकर ने भी पुल से कूदकर आत्महत्या कर लिया था जिनकी लाश 3 दिन बाद पाई गई थी। पिता के बाद पुत्र ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए लाश का अंतिम संस्कार कर दिया। आत्महत्या का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ स्टेंट बैंक पर किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**विरोध**

**जनता का धन हड़प कर अडाणी को सौंपने का मोदी सरकार पर लगाया आरोप**



उपनिरीक्षक को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

**खुटहन।** क्षेत्र के स्थानीय बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने उपनिरीक्षक राजित राम यादव को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

श्री मिश्रा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के लिए नहीं बल्कि अडाणी सहित चार पांच उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। स्टेंट बैंक और एलआईसी का पैसा जबरन अडाणी की कम्पनी निवेश करा रही है जिससे देश मे आर्थिक संकट का भय खड़ा हो गया है।

कांग्रेस पार्टी हमेशा देश के गरीब, मजदूर और मध्यम वर्ग के हितों के लिए पक्षधर रही है। इन वर्गों के हितों के साथ किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कुठाराघात को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी मानवाधिकार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक चंद्रजीत यादव, विश्राम राम, रत्नेश यादव, महेंद्र गौतम, मुहम्मद रुमान, साजिद अली, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, राहुल मिश्रा, राहुल श्रीवास्तव, मोंटू रजक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पाठ्यक्रम व सहगामी क्रियाओं से मिलता है पूर्ण ज्ञान : प्रो. आलोक

जनसंदेश न्यूज

**शिविर**

**टीडीपीजी कालेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन**



टीडी पीजी कॉलेज में शिविर को सम्बोधित करते अतिथि

**जौनपुर।** शिक्षा के अंतर्गत दो चीजें आती हैं- पाठ्यक्रम और सहगामी क्रियाएं। कक्षा शिक्षण हमें सिद्धांत की जानकारी देता है जबकि सहगामी क्रियाएं हमें समाज के साथ चलने का ज्ञान देती हैं। दोनों के योग से पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति होती है। उक्त उद्गार तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन समारोह में कालेज के प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिविरार्थी एक पेड़ लगाए एवं उसकी रखवाली करें। जितना महत्वपूर्ण पेड़ लगाना है, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण उसकी रखवाली करना है। समाज का हम पर बहुत बड़ा ऋण होता है और उस ऋण को उतारने का माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना है।

इससे पूर्व कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए डॉ. विजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें यह सिखाता है कि सबसे पहले समाज है फिर मैं हूं। इसके माध्यम से छात्रों में नेतृत्व कौशल का विकास होता है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राजीव रतन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में दिनांक 10 से 16 मार्च तक छात्र श्रमदान, रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, वाद-विवाद, स्वच्छता आदि कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जनसेवा है, इसके माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा का भाव जागृत होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माया सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में जागरूकता के विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें सिखाता है कि पहले मैं नहीं बल्कि आप हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विपिन कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा का सबसे अच्छा माध्यम है। इसके माध्यम से हम समाज में व्याप्त अंधविश्वास एवं कुरीतियों को दूर कर सकते हैं। इस विशेष शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की 6 इकाइयों के 300 शिवरार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम में आकांक्षा प्रजापति, कीर्ति मिश्र, रजनीकांत, शिवांशी राय, प्रतिष्ठा कुशवाहा, अंजलि मिश्र, रिया श्रीवास्तव, सेजल सिंह, खुशबू चौहान, श्रुति श्रीवास्तव, गंगा जायसवाल, शिवानी पटेल आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन विभाग के डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जितेश सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. शुभ्रा सिंह एवं विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जेठपुरा गांव का मामला**

**करंजाकला।** थाना क्षेत्र के जेठपुरा गांव में वृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थिति में एक 27 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आनन-फानन में स्वजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार जेठपुरा गांव निवासी सागर यादव का 27 वर्षीय पुत्र मोनू यादव जीविकोपार्जन के लिए आइसक्रीम विक्रेता का कार्य करता था। बुधवार की शाम किसी बात को लेकर परिजनों में कहासुनी हो गई थी जिसके बाद मोनू घर से लापता हो गया।

वृहस्पतिवार सुबह जब गांव के लोग टहलने के लिए गए तो देखा घर से करीब ढाई सौ मीटर दूर एक युवक का शव पड़ा हुआ था। पूछताछ करने के बाद उसकी पहचान सागर यादव के पुत्र मोनू यादव के रूप में हुई। उधर स्वजनों ने आनन-फानन में बिना पुलिस को सूचित किए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# अनुपस्थित महिला रोग विशेषज्ञ को कारण बताओ नोटिस

**कार्रवाई**

## बिना बताए चार दिन से अनुपस्थित लिपिक पर भी हुई कार्रवाई

## सीएमओ ने सीएचसी मड़ियाहूं का किया निरीक्षण, सफाई नहीं मिलने पर जताई नाराजगी

जनसंदेश न्यूज



निरीक्षण के दौरान मरीजों से जानकारी प्राप्त करती सीएमओ

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहूं का निरीक्षण किया। बिना छुट्टी लिए अनुपस्थित दो लोगों पर कार्रवाई की।

लिपिक गोविंद कुमार संतोष चार दिन से अनुपस्थित चल रहे थे जबकि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता चौधरी भी बिना बताए छुट्टी पर थीं। सीएमओ ने इन दोनों लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वाह्य रोगी विभाग में टाइल्स टूटी थी जिसे सही कराने के लिए निर्देशित किया। लेबर रूम में केली पैड और पाट्स गंदे थे जिस पर नाराजगी जताई और उन्हें बदलवाने को कहा। उन्होंने डॉक्टरों व अन्य स्टाफ को ड्रेस में आने के लिए निर्देशित किया। इस समय कोल्ड चेन प्वाइंट (जहां वैक्सीन का रखरखाव होता है) छोटे कमरे में है जिसे बड़े कमरे में शिफ्ट कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों से बात करने मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। लाइन में लगे एक मरीज से पूछा कि आपको कोई असुविधा नहीं हुई, उसने बताया कि लाइन में लगे हैं नम्बर आएगा तो दवा लेकर जाएंगे। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना वार्ड में मौजूद मरीजों से पैसा लिए जाने के बारे में पूछताछ की। सभी ने पैसा मांगे जाने से इंकार कर दिया। साथ ही लोगों ने लाने के लिए एम्बुलेंस सुविधा मिलने की भी बात बताई। इस दौरान वह आशा कार्यकर्ताओं की मीटिंग में भी गईं। उन्हें अधिक से अधिक लाभार्थियों को नसबंदी कराने के लिए प्रेरित करन को कहा।

# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्घाटन



शिविर को रवाना करते प्राचार्य

**जौनपुर।** गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू के संरक्षकत्व में शुक्रवार को सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. रमेश चंद्र सिंह ने किया गया। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर शिविर स्थल के लिए रवाना किया। स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि युवाओं में कौशल विकास हेतु विभिन्न गांव में जाकर जागरूक करें। उन्होंने बताया कि यदि राष्ट्र का युवा सशक्त होगा तभी देश शक्तिशाली हो सकता है। स्वयंसेवकों ने श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान शाखा समोधपुर में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. इंद्र बहादुर सिंह ने किया तथा आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक प्रताप सिंह विसेन ने किया। इस अवसर पर पूर्व कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राकेश कुमार यादव, प्रो. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. लक्ष्मण सिंह, डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. विकास कुमार यादव, डॉ. यूपी सिंह, डॉ. राजेश कुमार मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के तहत दी गयी अधिकारों की जानकारी



**जौनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशन में 4 से 11 मार्च तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर महिलाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनों की जानकारी प्रदान कराने हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रशान्त कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर जेल अधीक्षक ने बताया कि जिला कारागार में कुल 1036 बन्दी हैं, जिनमें 87 पुरूष तथा 10 महिला सिद्धदोष बन्दी हैं तथा 846 पुरूष तथा 29 महिलाएँ एवं 31 अल्पवयस्क विचाराधीन बन्दी तथा प्रशासनिक आधार पर अन्य कारागार से प्राप्त बंदियों की संख्या 33 है। कारागार में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 6 बच्चे हैं। शिविर को सम्बोधित करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशात कुमार द्वारा बताया गया कि भारत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाले उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरूरी है जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, वैश्यावृत्ति, मानव तस्करी और ऐसे ही दूसरे विषय लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है जो देश को पीछे की ओर ढ़केलता है। महिला बन्दियों को बताया गया कि ऐसे विचाराधीन बन्दी जो अपने वादों में पैरवी हेतु अधिवक्ता करने में अक्षम है तथा ऐसे सिद्धदोष बन्दी जो अपने मामलों में उच्च न्यायालय में अपील करने में अक्षम हों वह कारागार अधीक्षक के माध्यम से अपने प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक एसके पाण्डेय, डिप्टी जेलर राजकुमार सिंह, धर्मेन्द्र सिंह व सुषमा शुक्ला, चिकित्साधिकारी डा. रविराज, फार्मासिस्ट सतीश कुमार गुप्ता तथा जेल पीएलवीगण व अन्य उपस्थित रहे।

# उत्तरदायित्वों के प्रति संवेदनशील बने छात्र : प्रो. प्रमोद सिंह



**चंदवक।** श्री गणेश राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोभी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्घाटन करने के पश्चात शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक शिविरार्थी के अंतःकरण में दायित्वबोध का होना आवश्यक है। सभी का समाज व राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निर्धारित है इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक शिविरार्थी राष्ट्रीय एवं सामाजिक कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील बने।

उन्होंने बताया कि श्रम एवं अनुशासन जीवन में सफलता के मूलमंत्र है। सफल होने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। शॉर्टकट के माध्यम से कोई सफल नहीं हो सकता। सकारात्मक सोच ही मानव को लक्ष्य की ओर बढ़ाती है। प्रो. सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सिद्धांतों, उद्देश्यों एवं लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डॉ. जोखन सिंह ने शिविरार्थियों को सकारात्मक सोच व आत्मानुशासन के साथ सामाजिक सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बृजेंद्र कुमार सिंह ने पर्यावरण जागरूकता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य शिक्षा, आध्यात्मिक स्वास्थ्य, एचआईवी, एड्स जनित संक्रमण, सेक्सुअल एब्यूज, किशोर स्वास्थ्य और जनसंख्या शिक्षा, स्वच्छता, टीकाकरण, साक्षरता, रक्तदान, वृक्षारोपण, शौचालय निर्माण, नशा अवधारणा, मताधिकार एवं वर्षा जल संचयन पर विस्तार से शिविरार्थियों को जानकारी दी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बृजेन्द्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार जायसवाल, डॉ. निहाल खान व सरिता सिंह उपस्थित रहे।

# चालक की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

**गोपीगंज।** पुलिस ने पर्वतपुर निवासी विपुल सिंह के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। गोरीडीह औराई निवासी सत्य प्रकाश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने उक्त कार्रवाई करते हुए मुकदमा कायम किया है। सत्य प्रकाश ने थाने तहरीर देकर घटना से अवगत कराया कि वह कालीन कंपनी ओबीटी मे बतौर वाहन चालक का काम करता है। सात मार्च को कंपनी के काम से वाहन लेकर भदोही जा रहा था। रास्ते मे पेट्रोल पंप के पास जाम के कारण वाहन रोक दिया और जाम देखने के लिए वाहन से नीचे उतर गया। इस दौरान आगे वाहन लेकर खड़े विपुल सिंह ने अचानक अपने वाहन का गेट खोल दिया जिससे उसे चोट लग गई। इस दौरान उन्होने उसे और कंपनी के अधिकारियों को गाली देते हुए उसका कालर पकड़ कर मारने का प्रयास किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। उसकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुकदमा कायम कर लिया।

# दर्जनों लोगो ने ग्रहण की प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की सदस्यता

**ज्ञानपुर।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के तत्वाधान में शुक्रवार को दुगार्गंज क्षेत्र के बौरीबोझ और मिश्राइन पुर गाँव में जन चौपाल लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें पार्टी की नीतियों विचारधारा व सिद्धांतों से अवगत कराया गया। दर्जनों लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम को प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार श्यामपति बिंद ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रगतिशील मानव समाज पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में मिशन 2024 की तैयारी के लिए गांव-गांव अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करके उत्तर प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में मजबूती से चुनाव लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बहादुर ने कहा कि प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के लोगों को संगठित कर-के सत्ता में भागीदारी प्राप्त करेगी। इस अवसर पर इंद्रजीत बिंद, मगन बिंद, संजय बिंद, जितेंद्र कुमार, विमला देवी, महेंद्र बिंद, प्रेम, देवी प्रसाद, राजकुमार, तौसीफ अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# डीजे बंद कराने गयी पुलिस को उपद्रवियों ने खदेड़ा

जनसंदेश न्यूज

**भगदड़**

## पुलिस चौकी के दीवान से उलझा मनबढ़

**गोपीगंज।** होली के दूसरे दिन खरहट्टी मोहाल में दो दर्जन के करीब युवक डीजे के गीत पर सड़क पर नाच रहे थे वही आने जाने वाले बाहरी लोगों के साथ जबरन रंग लगाने के बाद कपड़े फाड़ने का भी सिलसिला जारी था। मामले को लेकर जब इसकी सूचना स्थानीय पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों को हुई तो चौकी के एक दिवान मौके पर पहुंच कर शरारती तत्वों को शांतिपूर्वक होली मनाने का अपील की, लेकिन सत्ता पक्ष के एक सहयोगी दल का नेता पुलिस चौकी के दीवान से उलझ गया और अनाप-शनाप बकने के बाद धक्का-मुक्की का भी प्रयास किया।मामले की गंभीरता देख दीवान जी वापस चले गए और इसके बाद पुनः कई पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को पुलिस चौकी ले जाने के लिए चलने के लिए कहा लेकिन युवक मकान के अंदर भाग कर अपने घर में छुप गया और घंटो तक पुलिस उसे पकड़ने में नाकाम रही। मौके पर लगा डीजे व साउंड बॉक्स को पुलिस ने खुलवा दिया। मामले को लेकर यह खबर नगर में जंगल में आग की तरह फैल गई। दो दिन बीत जाने के बाद भी मनबढ़ पुलिस के हाथ नही लगा। बाजार में पुलिस कर्मियों की जमकर किरकिरी हुई, जिसकी चर्चा बाजार में बनी रही। एक तरफ योगी सरकार पुलिसकर्मियों को अपराध पर शिकंजा कसने के लिए दावे कर रही है ऐसे में इस घटना से पुलिस अपने आप को असहाय महसूस कर रही हैं। वही गुरुवार की देर शाम सदर मोहाल छोटी चौराहा पर भी होली के हुड़दंग में जब सड़क पर महिलाओं युवतियों का पैदल चलना मुश्किल हुआ तो सूचना पर पहुचे चौकी इंचार्ज ने लाठी पटक कर शरारती तत्वों को खदेड़ा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने एलआईसी व एसबीआई पर किया प्रदर्शन



एलआईसी भारतीय स्टेट बैंक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता

**ज्ञानपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकताओं ने जिले के सभी ब्लाकों में एलआईसी भारतीय स्टेट बैंक कार्यालयों के समक्ष धरना प्रदर्शन कर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा अडानी को सहायता पहुंचाने के लिए क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के खिलाफ विरोध जताया तथा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। कार्यकताओं ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाया।

धरना प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन ने अडानी को सहायता पहुंचाने की नीति अपनाने के लिए मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की तथा कहा कि एक ओर सरकारी जांच एजेंसियां विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही हैं दूसरी ओर अडानी मामले सरकार तथा एजेंसियों की चुप्पी से जन सामान्य का एलआईसी तथा एसबीआई में जमा धनराशि की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेश चंद्र उपाध्याय, रामश्रृंगार पाठक, सुरेश चंद्र मिश्र, करम चंद बिंद, राजेश्वर दूबे, माबूद खां, हरिश्चंद दूबे, महेश मिश्र, विमल दूबे, मनोज जायसवाल, जान मोहम्मद, नितिन सिंह, आनंद मौर्य, शक्ति मिश्र आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस मौके पर त्रिलोकी बिंद, रामाशंकर बिंद, विनोद गुप्ता, सुरेश गौतम आदि रहे। भारतीय स्टेट बैंक सुरियांवा पर मुख्य रूप से अशोक कुमार दूबे, सुरेश चौहान, सुरेश गौतम ने तथा औराई ब्लाक के घोसिया स्थित भारतीय स्टेट बैंक कार्यालय पर मुख्य रूप से डॉ. आशुतोष पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, राजाराम दूबे, संजय जायसवाल, लायन गुरु आदि ने तथा डीघ ब्लाक के कोइरौना स्थित भारतीय स्टेट बैंक कार्यालय पर जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन, पंच लाल यादव, लालमणि चौरसिया, श्रीधर मिश्र आदि ने ज्ञापन सौंपा।

# जेड गोल्ड सम्मान से सम्मानित हुई भदोही की टेक्सटिको कम्पनी



**भदोही।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये भदोही की टेक्सटिको कम्पनी को शुक्रवार को दिल्ली में जेड गोल्ड सम्मान से सम्मानित किया गया। दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने टेक्सटिको कम्पनी के स्वामी व भदोही के प्रसिद्ध उद्यमी व कालीन निर्यातक इम्तियाज अंसारी को यह सम्मान दिया गया। भदोही के प्रसिद्ध उद्यमी व कालीन निर्यातक इम्तियाज अंसारी को यह सम्मान मिलने पर भदोही के कालीन निर्यातकों में हर्ष का माहौल हैं। कालीन निर्यातक इम्तियाज अंसारी ने कहा कि टेक्सटिको कम्पनी को जो इस तरह का सम्मान मिल रहा है ये कम्पनी से जुड़े सभी लोगों के मेहनत का नतीजा है। ये मुकाम कड़ी मेहनत, ईमानदारी और ऊपर वाले के करम से ही मिल सकता है। कालीन निर्यातक इम्तियाज अंसारी ने सभी शुभचिंतकों का आभार जताया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शिकायतों का किया निस्तारण

**ग्राम चौपाल**

## 'प्रशासन आपके द्वार' की भावना को, ग्राम चौपाल लगाकर किया गया साकारः डीएम

जनसंदेश न्यूज



ग्राम पंचायत मदनपुर विकास खंड डीघ में आयोजित ग्राम चौपाल में समस्याएं सुनते अधिकारी

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में शुक्रवार को प्रत्येक विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में ह्यह्यग्राम चौपालह्लह्ल (गॉव की समस्याए, गॉव में समाधान) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनसामान्य की शिकायतों व समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया।

सुरियावां विकास खंड के सराय क्षत्रशाह एवं विहियापुर गाँव में नामित नोडल अधिकारी,जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सूरियावॉ व विकास खण्ड अभोली में गोपीपुर एवं मसूधी में जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी अभोली, विकास खण्ड ज्ञानपुर के भुसौला एवं पकरीकला में सहायक आयुक्त सहकारिता, खण्ड विकास अधिकारी ज्ञानपुर, विकास खण्ड औराई के वैरखास एवं जेठूपुर में नामित नोडल अधिकारी जिला कृषि आधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी औराई, विकास खण्ड डीघ के मदनपुर एवं चंदापुर में उपायुक्त श्रम रोजगार, खण्ड विकास अधिकारी डीघ, विकास खण्ड भदोही के मुंशीलाटपुर एवं पल्हैया में उपायुक्त स्वातः रोजगार एवं खण्ड विकास अधिकारी भदोही द्वारा ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि शासन के मंशानुरूप ग्राम चौपाल गॉव की समस्याए गॉव में समाधान कार्यक्रम का आयोजन समस्त विकास खण्डो के दो-दो ग्राम पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा तथ्यों के आधार पर निस्तारण किया गया व शेष शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कर अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

## 20 मार्च तक सूचनायें करायें अपलोड

**ज्ञानपुर।** जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर डाटा फिडिंग के लिए छुटे हुए पीआरडी स्वंय सेवको को अभिलेख अपलोड कराने के लिए अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथि 20 मार्च निश्चित की गयी है। उन्होने बताया कि वैध रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किये पीआरडी स्वंय सेवको जिनका डाटा विभागीय पोर्टल पर अपलोड नही किया जा सका है उन्हे निर्देशित किया जाता है कि अपने समस्त वांछित अभिलेख यथा प्रारम्भिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, वर्दी में पासपोर्ट साइज फोटो, विभागीय पहचान पत्र आदि की छाया प्रतियां जिला युवा कल्याण एवं प्रावदि अधिकारी कार्यालय विकास भवन में 20 मार्च तक उपलब्ध करायें।

# संक्षेप

## समन्वयक ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवकों को किया रवाना



**करंजाकला।** गुलाबी देवी महाविद्यालय सिद्दीकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव व डॉ. अश्वनी कुमार ने हरी झंडी दिखाकर स्वयंसेवक और सेविकाओं को रवाना किया। शिविर जागरूकता अभियान के तहत जफरपुर, परसनी, सिद्दीकपुर तथा अन्य गांव में स्वयंसेवकों ने जाकर लोगों को जागरूक किया। अभियान में ग्रामीणों को शिक्षा, साफ-सफाई तथा स्वास्थ्य चिकित्सा के प्रति जागरूक किया और कहा कि सबकी जिम्मेदारी बनती है कि एक दूसरे का सहयोग करें और एक दूसरे की मदद करें। मौसम में परिवर्तन हो रहा है इसमें मौसमी बीमारियों से बचने के बारे में जागरूक किया। एनएसएस समन्वयक डॉ. राजबहादुर यादव ने कहा कि राष्ट्र के प्रति सेवा भावना होनी चाहिए और राष्ट्रीय सेवा योजना एक माध्यम है जिसके जरिए किसी क्षेत्र में जरूरतमंदों की मदद के साथ सामाजिक विकास की गति को जोर दिया जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमाशंकर यादव, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुभाष चंद, पिंटू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## शिविरार्थियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**पराऊगंज।** श्री हरिदत्त पीजी कॉलेज लहंगपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व शाखा प्रबंधक राज बहादुर यादव ने सात दिवसीय विशेष शिविर में प्रतिभाग कर रहे शिविरार्थियों से आस-पास के गांव में लोगों को जागरूक करने के लिए हरी झंडी दिखाया। शिविर में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें यादव ने उत्तरोत्तर संवर्धन करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से छात्रों का चारित्रिक एवं सामाजिक विकास होता है जो राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका साबित होती है। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य डॉ. आरके मौर्य ने जन सेवा स्वावलंबन को रेखांकित करते हुए शिविरार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र अपने जीवन को अनुशासित बनाकर राष्ट्र निर्माण में सार्थक कर सकते है। आगत अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सभाजीत यादव ने किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक, शिविरार्थी एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। संचालन प्यारे लाल यादव ने किया।

## रासेयो के सप्त दिवसीय शिविर का शुभारम्भ



**जौनपुर।** रघुवीर महाविद्यालय थलोई भिखारीपुर कला में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अवधेश कुमार श्रीवास्तव एवं डॉक्टर शारदा प्रसाद सिंह के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता गौरीशंकर संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय कुमार त्रिपाठी ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजू शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना का इतिहास, लक्ष्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई साथ ही साथ अगले सात दिनों तक एवं तत्पश्चात आने वाले जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत किए गए कार्यों की उपयोगिता को आत्मसात एवं अंगीकृत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता को पितृ शोक

**शाहगंज।** नगर के कलेक्टरगंज मोहल्ला निवासी भाजपा नेता एवं श्री रामलीला समिति के पूर्व अध्यक्ष रूपेश जायसवाल के पिता अक्षय कुमार जायसवाल का गुरुवार की शाम निधन हो गया। मौत की खबर लगते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। 70 वर्षीय अक्षय कुमार जायसवाल गल्ला मंडी में अनाज के प्रमुख व्यवसायी रहे जो काफी समय से बीमार चल रहे थे। जिनका लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। गुरुवार को हालत काफी खराब होने के बाद परिवार के लोग गुरुवार शाम उन्हें लेकर घर पहुंचे थे। उन्होंने देर शाम घर पर आखिरी सांस ली। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## वार्षिक निरंकारी संत समागम व भंडारा 13 को

**खुटहन।** विकास खंड के इमामपुर गांव में सोमवार को वार्षिक निरंकारी संत समागम व भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजक शिव शंकर सेठ ने बताया कि इस मौके पर निरंकारी ज्ञान प्रचारक भीरा (आजमगढ़) की डा. रीता का प्रवचन होगा। उन्होंने निरंकारी अनुयायियों से इसमें भारी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है।

## गेहूं के बीज की अनुदान राशि पाने के लिए भटक रहे किसान

**ज्ञानपुर।** ऊज क्षेत्र के बीज गोदाम गोधना के कई गांव के किसान गेहूं एंव चना का बीज सरकार की ओर से मिलने वाले 50 प्रतिशत अनुदान की राशि लगभग तीन माह बीतने को हो गए परंतु उनके खाते में अनुदान की राशि अभी तक नहीं प्राप्त हुई जिसके कारण किसान गोदाम एवं अधिकारियों के प्रति चक्कर काट रहे हैं। गेहूं के बीज का अनुदान सब्सिडी का पैसा डीबीटी द्वारा गोघना बीज भंडार से कर दिया गया है अभी तक खाते में नहीं पहुंच पा रहा है। किसान कार्यालय एवं फोन से पता लगा रहे हैं। ऊज गांव निवासी रामायण सिंह व कलनुआ निवासी इंद्रजीत द्विवेदी, बदरी निवासी, सेबा शंकर तिवारी, प्रभावती देवी, बिहरोजपुर निवासी, जयप्रकाश यादव ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जारहा हैं। इस संबंध में जिम्मेदार जिला कृषि उपनिदेशक द्वारा अभी तक किसानों के अनुदान का पैसा ना दिए जाने से किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल गेहूं चना की सब्सिडी का पैसा दिलाने की किसानों ने मांग की है।

## अज्ञात वाहन के टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के लाला नगर टोल प्लाजा के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई मे भर्ती कराया गया। रामपुर जौनपुर निवासी उत्तम विश्वकर्मा 15 वर्ष व आकाश प्रजापति 16 वर्ष बाइक से वाराणसी से अपने घर जौनपुर जा रहे थे। लाला नगर टोल प्लाजा के समीप अज्ञात वाहन से धक्का लग जाने की वजह से बाइक सहित गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गये। घायला अवस्था में एनएचआई की एंबुलेंस द्वारा औराई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

## महिला संबंधी अपराध के मामलों को निस्तारित कर प्रदेश में शीर्ष पर भदोही

**ज्ञानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिलाओं एवं बच्चियों से संबंधित अपराधों को कम करने, इन अपराधों में लिप्त आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए संकल्पित हैं। यही वजह है कि प्रदेश में पिछले छह वर्षों में इन अपराधों में काफी कमी आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं महिला अपराधों समेत प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करते रहे हैं तो वहीं मुख्य सचिव द्वारा हर माह समीक्षा बैठक और डीजीपी द्वारा पुलिस अधिकारियों को समय-समय पर इन अपराधों को लेकर जारी दिशा-निर्देशों से ऐसे अपराधों पर नियंत्रण लाने में काफी हद तक सफलता मिली है। हाल ही में एनसीआरबी ने आईपीसी की धारा-376 तथा पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों के निस्तारण में प्रदेश को पूरे देश में पहला स्थान दिया है वही भदोही जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में भदोही पुलिस लगातार सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। भदोही में 7 नवंबर से 27 फरवरी के बीच महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित कुल 221 मामले दर्ज किए गए, जिसे बिना देर किए हुए सभी मामलों में फाइनल रिपोर्ट समिट कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे पायदान पर श्रावस्ती है जहां 358 मामले दर्ज किए गए, जिसमें से 356 मामलों में फाइनल रिपोर्ट सबमिट की गई। इसका रेशियो 99.44 प्रतिशत रहा। वहीं तीसरे पायदान पर 99.25 प्रतिशत के झांसी रहा, जहां 668 मामले दर्ज किए गए, जिसमें से 663 मामलों में फाइनल रिपोर्ट सबमिट की गई। भदोही को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर सोशल मीडिया पर भदोही पुलिस को लगातार बधाइयां दी जा रही हैं।

## दहेज हत्या से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार

**भदोही।** डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही अपराधों की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा पंजीकृत अभियोग के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष चौरी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं.-02/2023 धारा-498अ, 304इ भा.द.वि. व 3/4 डी.पी. एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता भगौती देवी पत्नी दयाशंकर यादव निवासी चांदीगहना थाना चौरी जनपद भदोही को ग्राम चांदीगहना से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।




# काशी में जीवंत है गुलाबबाड़ी की परम्परा





राधेश्याम कमल

**रईसों के यहां पहले सजती थी इसकी महफिल**


**इत्र-गुलाल-गुलाब की पंखुड़ियों की होती थी बौछार**

**कई संस्थाओं ने फिर से की है शुरूआत**

वाराणसी। चैत आ गया है। फिजां में चैती बयार बहने लगी है। बाग-बगीचों में चैती गुलाब गमकने लगे हैं। जिया अलसाने लगा है। गायक-गायिकाएं चैती गायन के लिए मचलने लगे हैं। काशी में होली के बाद चैत मास में गुलाबबाड़ी की महफिल जवान हुआ करती थी। हालांकि यह परम्परा काशी में अभी भी जीवंत है। गुलाबबाड़ी का आयोजन चैत मास में किया जाता है। कहते है कि इस मास में जो भी फूल खिलते हैं वह काफी सुगंधित होते हैं। इनमें जो प्रिय फूल माना गया है वह चैती गुलाब है। चैत मास में जो चैती गुलाब खिलता है उसकी सुगंध दिल को बहुत ही भाती है। चैत मास में गुलाबबाड़ी का इसलिए होता है कि चैती गुलाब की पंखुड़ियों से मौसम को ठंडा किया जाय। फागुन के बाद चैत मास आता है। काशी में जो पहले के रईस थे वे संगीत समारोहों को अपने यहां आयोजित किया करते थे। इस आयोजन का नाम उन्होंने गुलाबबाड़ी दे रखा था। गुलाल एक ऐसा शब्द है जो होली के बाद खेला जाता है। होली खत्म होती है, चैत शुरू होता है। भगवान को प्रसन्न करने के लिए गुलाबबाड़ी का आयोजन हुआ करता था। इस आयोजन में लोग गुलाब की पंखुड़ियों के अलावा इत्र-गुलाल उड़ाया करते थे। इत्र में खस, गुलाब व केवड़ा सभी चैत मास के इत्र है। फागुन के बाद चैत आयेगा तो इसका मतलब है कि खस का मौसम आ गया।

## 1974 में एक पंचसितारा होटल में हुआ आयोजन

वर्ष 1962 तक गुलाबबाड़ी का आयोजन चला लेकिन कालांतर में यह बंद हो गया। वर्ष 1974 में गुलाबबाड़ी का आयोजन एक कैंटोंमेंट स्थित एक पंचसितारा होटल में किया गया। इसमें प्रख्यात गायिका सविता देवी का गायन हुआ था। इसके बाद यह आयोजन एकदम बंद हो गया। हालांकि कई साल बाद कई संस्थाओं ने इसे पुनः शुरू किया। इसमें काशी की सांस्कृतिक संस्था कला प्रकाश का नाम अग्रणी है। संस्था के अध्यक्ष अशोक कपूर ने इसे पुर्नजीवित किया। इसी तरह नगर के प्रमुख उद्यमी राजेश जैन ने भी गुलाबबाड़ी का आयोजन कर इसे जीवंत किया है। इस बार भी रवीन्द्रपुरी में कला प्रकाश की ओर से 18 मार्च को यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें श्रीमती सुचरिता गुप्ता का गायन व पद्मश्री पं. शिवनाथ मिश्र व देवव्रत मिश्र का सितारवादन होगा। इसी तरह ज्ञान प्रवाह व संगीत परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सामनेघाट स्थित ज्ञान प्रवाह में 11 मार्च को वासंतिकी का आयोजन किया गया है जिसमें पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान का गायन होगा।



## सिद्धहस्त गायिकाओं का होता था गायन

गुलाबबाड़ी में उन दिनों बनारस की सिद्धहस्त गायिकाओं का गायन होता था। इनमें मुख्य रूप से विद्याधरी देवी, बड़ी मोती, हुस्ना बाई, राजेश्वरी देवी, छोटी मैना, छोटी मोती, जवाहर, टामी थीं। बाद में इसमें प्रख्यात गायिका सिद्धेश्वरी देवी, निर्मला देवी, बागेश्वरी देवी व पद्मविभूषण गिरिजा देवी आयीं। काशी में 1954 में जब संगीत परिषद का गठन हुआ तब परिषद ने 1956 में नागरी नाटक मंडली में गुलाबबाड़ी का आयोजन किया था। इसमें प्रसिद्ध गायिका सिद्धेश्वरी देवी का गायन हुआ था। उनके साथ भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां (शहनाई) व तबला सम्राट पद्मविभूषण स्व. पं. किशन महराज (तबला) तथा सारंगी पर गोपाल मिश्र रहे।





## नागरी नाटक मंडली के मैदान में होता था आयोजन

नागरी नाटक मंडली के मैदान में पहले गुलाबबाड़ी होती थी। गुलाबी रंग की चांदनी स्टेज पर सजायी जाती थी। एक तरफ सफेद कुर्ता पैजामा व दुपल्ली (टोपी) पहने पुरुष तो दूसरी तरफ गुलाबी परिधान में महिलाएं बैठती थी। यहां सिद्धहस्त गायिकाओं में बड़ी मोती, रसूलन बाई, सिद्धेश्वरी देवी का गायन हो चुका है। इसमें तबला सम्राट पं. किशन महराज (तबला) व भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां शहनाई से संगत कर चुके हैं। काशी संगीत समाज में 1906 से गुलाबबाड़ी का आयोजन हो रहा है। यहां पर संगीताचार्य बड़े रामदास, छोटे रामदास से लेकर हर गायक व गायिकाओं की भागीदारी हो चुकी है।

## गुलाबबाड़ी से जुड़ा है पूर्व काशीनरेश व भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का नाम

बनारस में गुलाबबाड़ी की शुरूआत 1730 के आसपास मानी जाती है। गुलाबबाड़ी का आयोजन पहले पूर्व काशी नरेश ईश्वरी नारायण सिंह, पूर्व काशी नरेश डा. विभूति नारायण सिंह के जमाने में हुआ करता था। बाद में राजा सर मोतीचंद, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र व बनारस के रईस विष्णु राम ने इसे करवाया। कहते हैं कि उन दिनों जितने भी राजा-महराजा थे सभी चैत मास में काशी आकर टिक जाते थे और अपने-अपने बनाये गये स्थलों पर गुलाबबाड़ी का आयोजन करते थे। गुलाबबाड़ी में गुलाब जल, खस व गुलाब की पंखुड़ियां उड़ायी जाती थी। उस जमाने में गुलाबबाड़ी की महफिलों में बांके सैंया न जाने मन की बतिया, नई झूलनी की छइयां दुपहरिया बलमा, फूलवा बीनन हम जाइब हो रामा, जो श्याम को बरजोरी गारी दूंगी मैं घूंघट पलट के समेत कई गीत गूंजते थे। गुलाबबाड़ी पहले काशी के रईसों के यहां होती थी इनमें प्रमुख रूप से राय परिवार, शापुरी परिवार, रमण परिवार के लोग हुआ करते थे।

## मीर रुस्तम अली ने कराया था आगाज

काशी में गुलाबबाड़ी की शुरूआत 1730 में अवध के नवाब के तत्कालीन सूबेदार मीर रुस्तम अली ने किया था। वे खुद गायन वादन में सिद्धहस्त थे। इस उत्सव का आरंभ मार्च-अप्रैल में होता है। इस दौरान चैती गुलाब की एक विशिष्ट प्रजाति विकसित होती है, जो हल्के गुलाबी रंग के साथ अपनी मोहक सुगंध से सभी को अपने मोहपाश में बांध लेती है।

## कला प्रकाश ने फिर से की शुरूआत

नगर की सांस्कृतिक संस्था कला प्रकाश की ओर से गुलाबबाड़ी को 2002 में फिर से दोहराया गया। वर्ष 2005 में इसे पुनः वास्तविक स्वरूप में बगीचे में लाया गया। अध्यक्ष अशोक कपूर की मानें तो उनके यहां प्रख्यात गायिका श्रीमती गिरिजा देवी, कथक सम्राट पं. बिरजू महराज, प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. राजन-साजन मिश्र, शोभा मुद्‌गल, अश्विनी भिंड़े, पं. छन्नू लाल मिश्र, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, आरती अंकलेकर समेत कई का गायन हो चुका है।

## महफिल में बैठने का अलग रहा अंदाज

गुलाबबाड़ी की महफिल में भारतीय पद्धति के अनुसार बैठने की परम्परा हुआ करती थी। सामने की ओर मंच हुआ करता था जिस पर गायक-गायिकाएं बैठ कर गायन पेश करते थे। कलाकारों व अतिथियों का स्वागत गुलाबजल, खस, केवड़ा गुलाब की पंखुड़ियों से किया जाता था। इससे पूरा माहौला सुगंधित हो जाता था।

## क्या है गुलाबबाड़ी

गुलाबबाड़ी में प्रयुक्त शब्द बाड़ी संस्कृत के शब्द वारि से बना है। जिसका अर्थ उद्यान है। गुलाबबाड़ी का आयोजन सामान्य तौर पर उद्यानों या पुरानी हवेलियों में जिसमें झरोखें (वारी) अथवा बाड़ी (घर) में होते थे। लेकिन गुलाबबाड़ी का आयोजन न तो घर में होता है और न ही किसी बांग्ला परिवार से इसके संबंध में कोई दृष्टांत मिलता है।

# क्या है एचथ्री एनटू वायरस?



**जिसे लेकर भारत में सतर्कता बढ़ गई है**

**महाराष्ट्र व दक्षिण भारत में तेजी से बढ़े हैं केस**

देश में कोरोना के बढ़ते मामले फिर डराने लगे हैं। 67 दिन बाद कोरोना के एक्टिव केस 3 हजार से ज्यादा हो गए हैं। कोविड मामलों में अचानक वृद्धि के साथ-साथ एचथ्रीएनटू वायरस के मामलों में भी वृद्धि हुई है, जो चिंता बढ़ाने वाली है। क्या कारण है कि ये मामले भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं।

देश में पिछले 3 हफ्तों से कोरोना के मामलों में अचानक तेजी देखने को मिली है। 27 फरवरी से 5 मार्च के बीच देश में कोरोना के 1898 नए मामले सामने आए। यह इसके पहले हफ्ते में आए कोरोना केस से 63% ज्यादा है। 20 से 26 फरवरी के बीच कोरोना के 1163 केस आए थे, जो इससे पहले के हफ्ते से 39% ज्यादा था। वहीं 13 से 19 फरवरी के बीच कोरोना इंफेक्शन के 839 केस आए थे, जो इससे पहले के हफ्ते से 13% ज्यादा था।

कोरोना के एक्टिव केस की संख्या अभी ज्यादा नहीं है, लेकिन केस में लगातार बढ़ोतरी चिंता का विषय है। देखा जाए तो कोरोना के मामले लगातार पांच हफ्तों से बढ़ रहे हैं। पहले दो हफ्तों में मामूली वृद्धि देखी गई। यह पिछले साल जुलाई के बाद से वृद्धि की सबसे लंबा पीरियड है, जब देश में आखिरी बार कोविड स्पाइक हुआ था। उस दौरान 18 से 25 जुलाई के बीच कोरोना के 1.4 लाख मामले आए थे। तब से दो हफ्ते से अधिक की तीन छोटी अवधि को छोड़कर, कोरोना मामलों में लगातार गिरावट आ रही है।वीकली केस 23 से 29 जनवरी के बीच अपने सबसे निचले स्तर 707 पर पहुंच गए थे। 27 फरवरी से 5 मार्च के बीच सबसे ज्यादा कोरोना के मामले दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में आए। इनमें 473 मामले कर्नाटक में आए जो हफ्ते पहले मिले 230 से काफी ज्यादा है। वहीं केरल में पिछले हफ्ते 410 मामले आए, जबकि दो हफ्ते पहले 298 मामले आए थे। वहीं महाराष्ट्र में पिछले हफ्ते कोरोना के 287 मामले आए जबकि दो हफ्ते पहले 185 मामले आए थे।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में कोरोना के 326 नए मामले आए हैं। इसी के साथ 67 दिनों के बाद एक्टिव केस की संख्या 3,000 से ज्यादा हो गई है। अगर कोरोना के मामले को देखें तो देश में इससे होने वाली मौतों का आंकड़ा 5,30,775 है, जबकि एक्टिव केस बढ़कर 3,076 हो गए हैं। वहीं अब तक देश में कोरोना के 4.46 करोड़ केस सामने आ चुके हैं। केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र में आधे से ज्यादा कोरोना के एक्टिव केस हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1474, कर्नाटक में 445 और महाराष्ट्र में 379 एक्टिव केस हैं।

वैसे आईसीएमआर ने संक्रमण को रोकने के उपाय बताए हैं। इसमें अधिकतर उन उपायों को ही बताया गया है जिन्हें कोरोना महामारी के दौरान लगातार अपनाए जाने की सलाह दी जाती थी। एच3एन2 वायरस से बचाव के लिए किन चीजों को करना चाहिए और किन्हें नहीं करना चाहिए उसे लेकर भी आईसीएमआर ने सलाह दी है। ये एक सामान्य इन्फ़्लुएंजा वायरस है जो बारिश या सर्दियों के मौसम में होता है। अगर बच्चे, बूढ़े या बीमार रहने वाले लोगों में संक्रमण के लक्षण दिखते हैं तो उन्हें जल्द से जल्द डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। लोगों को इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए ज्यादा साग-सब्जी और पोषक तत्व खाना चाहिए। हालांकि गंभीर लक्षण वाले व्यक्ति को अस्पताल में एडमिट हो जाना चाहिए। सामान्य लक्षण वाले व्यक्ति घर पर रहें और डॉक्टर से सलाह लेते रहें। पैरासिटामोल ले सकते हैं।



## एचथ्रीएनटू वायरस है कोरोना के बढ़ने का कारण

कोरोना के मामलों में अचानक वृद्धि के साथ-साथ एचथ्री एनटू इन्फ्लुएंजा वायरस के मामले भी बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के बड़े हॉस्पिटल के टॉप हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ इस इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की। विशेषज्ञों का कहना है कि सभी वायरल बुखारों में लगभग समान लक्षण होते हैं। आपकी नाक बह सकती है, आपको हल्की खांसी हो सकती है, आपको बुखार हो सकता है, शरीर में और सिर दर्द हो सकता है। शुरूआत में यह अंतर करना बहुत मुश्किल है कि आपको कौन सा वायरल इंफेक्शन है। आईसीएमआर ने हाल में अपनी स्टडी में पाया कि वर्तमान में लोगों में इंफेक्शन हो रहा है वो बड़े पैमाने पर एच 3 एन 2 इन्फ्लुएंजा वायरस का है, कोरोना का नहीं है। उन्होंने बताया कि ये वायरस अभी हवा में मौजूद है, लेकिन ये कोरोना वैरिएंट नहीं है। डॉक्टरों का कहना है कि भारत में इन्फ्लूएंजा के मामले जिस तेजी से बढ़े हैं उससे लगता है कि यह दौर लंबे समय तक चलेगा। इसके लक्षण जैसे खांसी और खराश तीन हफ्ते तक रह सकते हैं। वहीं आमतौर पर मौसमी बुखार और खांसी करीब पांच से सात दिन तक रहता है। पिछले दो साल से लोग घरों से बाहर नहीं निकले हैं। ऐसे में एक्स्पोजर नहीं हुआ है। अब लोग बाहर आ जा रहे हैं इसलिए इन्फ्लूएंजा के मामले बढ़ रहे हैं। फ्लू वायरस चेंज होता रहता है। इस सीजन में फ्लू होना सामान्य है। कोरोना वायरस भी अभी तक कहीं गया नहीं है। बस कोरोना संक्रमण अब गंभीर नहीं हो रहा है। कोरोना के बढ़े हुए मामले इसलिए दिख रहे हैं कि क्योंकि बेस लाइन बहुत कम है। दूसरा यह कि फ्लू वायरस बढ़ने से टेस्टिंग बढ़ी है। कोरोना होना अभी खतरनाक नहीं है, लेकिन बीमारी की गंभीरता में बदलाव होता है तब यह खतरनाक होगा। वहीं इन्फ्लूएंजा के मामले में बीमारी की गंभीरता में बदलाव हो रहा है इसलिए यह खतरनाक है। कोरोना और इन्फ्लूएंजा के लक्षण मिलते-जुलते हैं। हालांकि, केस बढ़ने का एक दूसरे से संबंध नहीं है। यह इन्फ्लूएंजा वायरस ड्रॉपलेट्स के जरिए कोविड की तरह ही फैलता है। केवल उन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है, जिन्हें पहले से ये बीमारी है।

# इस बार नौ दिनी होगा वासंतिक नवरात्र

**त्योहार**

**22 मार्च से प्रारंभ होगा चैत्र नवरात्र प्रथम दिन होगा मुखनिर्मालिका गौरी व शैलपुत्री का दर्शन**

**मां भगवती की आराधना से होगी मनोकामना पूरी**

**वाराणसी।** इस बार वासंतिक नवरात्र नौ दिनी होगा। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 22 मार्च बुधवार से वांसतिक नवरात्र का शुभारंभ हो जायेगा। वासंतिक नवरात्र में नौ दुर्गा के नौ स्वरूपों में नौ गौरी के दर्शन-पूजन की विशेष महिमा है। इसमें नौ गौरी के दर्शन-पूजन के क्रम में प्रथम मुखनिर्मालिका गौरी (गायघाट) का दर्शन होगा। इस क्रम में द्वितीया जेष्ठा गौरी (नखास), तृतीया सौभाग्य गौरी,(आदिविशेश्वर) चतुर्थ श्रृंगारगौरी (ज्ञानवापी), पंचम विशालाक्षी गौरी, (मीरघाट), षष्ठम ललिता गौरी,(ललिताघाट) सप्तम (भवानी गौरी (अन्नपूर्णा मंदिर) अष्टम मंगला गौरी, (पंचगंगा घाट) व नवम् महालक्ष्मी गौरी (लक्ष्मीकुंड) का दर्शन-पूजन किया जायेगा। ज्योतिषविद् पं. विमल जैन के मुताबिक आस्थावान भक्त नौ गौरी के दर्शन-पूजन के साथ ही नौ दुर्गा के नव स्वरूपों की पूजा अर्चना भी करते हैं। इनमें प्रथम शैलपुत्री, द्वितीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चित्रघंटा, चतुर्थ कूष्मांडा देवी, पंचम स्कंद माता, षष्ठम कात्यायनी देवी, सप्तम कालरात्रि, अष्टम महागौरी व नवम सिद्धदात्री देवी का दर्शन पूजन होगा। नवरात्र में नव दिनी व्रत के साथ गौरी व दुर्गा जी का पंचोपचार व षोडसोपचार पूजन अर्चन करते हैं। भगवती को पूजन में लाल चुनरी, अड़हुल की माला, नारियल व विभिन्न नैवेद्य व फल के साथ सुगंध अर्पित करते हैं। नौ दिनों तक अलग-अलग वस्तुओं को अर्पित करके मां भगवती की पूजा अर्चना की जाती है। नवरात्र में भगवती दुर्गा से संबंधित दुर्गा चालीसा, दुर्गा स्त्रोत, सप्तश्लोकी, दुर्गा सप्तशती पाठ करने का विधान है। कहीं-कहीं अखण्ड दीपक प्रज्जवलित करके मां भगवती की कृपा प्राप्त करते हैं। माता की आराधना के साथ नवसंवत्सर की भी शुरूआत हो जाएगी। इस बार नवरात्र में चार योग का महासंयोग बन रहा है। 30 मार्च को महागौरी की पूजा के साथ ही राम नवमी भी मनाई जाएगी।

